हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 5 मार्च 2025

पीएम मोदी ने वनतारा वाइल्डलाइफ का किया उद्घाटन






# शावकों को पिलाया दूध
## चिंपैंजी-जिराफ के साथ खेले

## पीएम ने कांच की दीवार के पीछे चहलकदमी करते शेरों के साथ बिताए कुछ पल

# भारत का 'छावा'
(भाजपा ने पीएम मोदी को लेकर एक्स पर किया यह पोस्ट)



एजेंसी ⏭ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का रविवार को उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने वनतारा की अलग-अलग सुविधाओं का निरीक्षण किया। गुजरात के जामनगर में बना वनतारा संरक्षण केंद्र दो हजार से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से अधिक बचाए गए जानवरों का घर है। पीएम मोदी ने वनतारा संरक्षण केंद्र की बेहतरीन पशु चिकित्सा सुविधाओं और दुर्लभ प्रजातियों की जानकारी ली। उन्होंने जानवरों की ⏩ शेष पेज 4 पर

### एमआरआई रूम और ऑपरेशन थिएटर का किया दौरा

पीएम मोदी ने अस्पताल में एमआरआई रूम का दौरा किया और एक एशियाई शेर का एमआरआई होते देखा। इसके अलावा उन्होंने ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया, यहां एक तेंदुए की सर्जरी की जा रही थी। इस तेंदुए को हाईवे पर किसी कार ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उसे रेस्क्यू कर वनतारा लाया गया था। पीएम मोदी ने सर्कस से रेस्क्यू किए गए गोल्डन ⏩ शेष पेज 4 पर







## खबर संक्षेप

### दो हिस्सों में बंट गई नंदन कानन एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। गनीमत यह रही कि किसी के घायल होने की खबर नहीं आई है। आनंद विहार से पुरी जा रही नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन की स्लीपर एस 4 बोगी का कपलिंग अचानक टूट गया, जिसके बाद ट्रेन दो हिस्सों में टूट गई। ट्रेन डीडीयू जंक्शन से लगभग 6 किमी आगे बढ़ी थी तभी घटना हुई। बाद में ट्रेन के दोनों हिस्सों को जोड़कर आगे के लिए रवाना किया गया।



### समय रैना भाग गया और मजाक बना रहा

**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो से जुड़े वल्गर कॉमेडी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया और आशीष चंचलानी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए समय रैना का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि विवाद से जुड़े चार लोगों में से एक कनाडा भाग गया। आगे कहा कि ये यंग जेनेरेशन खुद को बहुत ओवर स्मार्ट समझती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'हां, खुद विदेश भाग गया और कार्यवाही का मजाक बना रहा है।



संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने शारदा विहार आवासीय विद्यालय में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का किया शुभारंभ

# बदलावों को सनातन के आलोक में दिशा मिले, भारत ही विश्व को 'राह' दिखाएगा




डॉ. भागवत ने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएं हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (वीबीएबीएसएस) के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पंचदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर भोपाल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक बदलावों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की आवश्यकता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तब भारत ही वह ध्रुव तारा है जो सही दिशा प्रदान कर सकता है। इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति ⏩ शेष पेज 4 पर

हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए



हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो

### विद्या भारती राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग

डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संघ केवल शाखा संचालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। विद्या भारती के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिससे वे शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी बिंदुओं को समाहित करते हुए, संगठन के लक्ष्यों में कुछ नई बातों को जोड़ने का भी प्रावधान किया गया है।

### विमर्श का स्वरूप बदलना आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए। विद्या भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों का वैश्विक स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है। हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए।

### टेक्नोलॉजी की मानवीय नीति आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए।

पांच बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर छापा



# विवाह के 'स्टीकर' लगी गाड़ियों से पहुंचे थे अफसर, दरवाजे बंद किए तो सीढ़ी लगाकर अंदर घुसे

50 गाड़ियों में सवार होकर दो दर्जन से ज्यादा अधिकारियों ने धावा बोला

बड़े पैमाने पर कारोबार में हेरफेर करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए



सतना के अलावा जबलपुर दिल्ली और रायपुर में चल रहा छापा

मनोज रजक ⏭ सतना

आयकर विभाग ने मंगलवार को तड़के सतना शहर के पांच बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। 50 गाड़ियों में सवार होकर दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी व्यापारियों के घर और दफ्तर पहुंचे। अधिकारी कहीं पर मुख्य दरवाजे से घर के भीतर पहुंचे तो कुछ जगहों पर सीढ़ी लगाकर बालकनी से घर के अंदर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की।

गाड़ियों में शादी और ट्रेवल्स एजेंसी के स्टीकर लगे हुए थे। कुछ गाड़ियां भोपाल के नंबरों की और कुछ गाड़ियां जबलपुर के नंबरों की थीं। यह कार्रवाई सतना के अलावा जबलपुर, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के रायपुर में भी चल रही है। टीम को बड़े पैमाने पर कारोबार में हेरफेर करने वाले दस्तावेज मिले हैं। जिनकी गहन जांच की जा रही है।

### कहां और किसके घर पर कार्रवाई

*अधिकारियों की टीम तड़के 5 बजे सिविल लाइन स्थित इनकम टैक्स ऑफिस पहुंची थी। इसके बाद 6 बजे एक साथ पांच ठिकानों पर दबिश दी गई। अधिकारियों ने सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गोशाला चौक मुख्य मार्ग पर स्थित सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू दलाल के घर और दफ्तर पर छापा मारा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित मास्टर प्लान में अजय मल्होत्रा के घर पर छापामार कार्रवाई की गई। कोलगवा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में स्थित संतोष गुप्ता, सीताराम पेट्रोल टंकी के पीछे सुनील सेनानी और बिड़ला रोड स्थित सुरेश कुमार रामकुमार के घर पर कार्रवाई प्रारंभ की गई जो दिए रात तक चलती रही। सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू दलाल होटल और प्रॉपर्टी के पुराने कारोबारी हैं। इनका पुश्तैनी हुंडी का कारोबार भी है। अजय अतुल मल्होत्रा बड़े ठेकेदार* ⏩ शेष पेज 4 पर

### ऐसा था कार्रवाई का नजारा

पांचों जगहों पर जब इनकम टैक्स की कार्रवाई प्रारंभ हुई तो पहले तो कारोबारियों के घर और दफ्तर के सामने बड़ी-बड़ी गाड़ियां जाकर खड़ी हो गईं। अधिकारी गाड़ियों से उतरकर भीतर चले गए। उसके बाद एक दो दो गाड़ियां जहां-तहां आती जाती रही। सीताराम अग्रवाल के यहां दोपहर के वक्त महिला पुलिस को बुलाया गया था। वर्दी धारी सुरक्षा जवानों ने कारोबारियों के ठिकानों के मुख्य दरवाजों को बंद कर दिया था।

महाकुंभ में करोड़ों लोग आए और छेड़खानी लूट, हत्या जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई

*इस नाविक परिवार के पास 130 नौकाएं थीं*

# 45 दिन में कमाए 23 लाख...सीएम योगी ने सुनाई महाकुंभ के नाविक की 'सक्सेस' स्टोरी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ को लेकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में करोड़ों लोग आए और छेड़खानी, लूट, हत्या जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस दौरान उन्होंने एक नाविक की सफलता की कहानी भी शेयर की। उन्होंने बताया कि एक नाविक परिवार जिसके पास 130 नौकाएं थीं। 45 दिन में उन्होंने 23



लाख रुपए की कमाई की। प्रतिदिन की आप कमाई देखें उनकी 50 से लेकर 52 हजार की इनकम थी। एक नाव से उनकी प्रतिदिन के हिसाब से 50 हजार से लेकर 52 हजार तक की इनकम थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है।

### पेट फोन: दूर से भी पालतू जानवरों से हो सकेगी बात

**नई दिल्ली।** एमडब्ल्यूसी 2025 के इवेंट में कई अनोखी टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स इंट्रोड्यूस हो रहे हैं। ऐसा ही एक प्रोडक्ट यू क्लॉउड ने पेश किया है। ब्रांड ने पेट्स के लिए फोन लॉन्च किया है। ये दुनिया का पहला पेटफोन है। जो पेट्स के लिए बनाया गया है। इस फोन से पेट और उसके मालिक की बातचीत हो सकती है। फोन में एआई पावर्ड लाइव कॉल्स, जीपीएस आदि की सुविधा है।



## मोहन कैबिनेट की बैठक में दर्जन भर मुद्दों को मंजूरी

अब छोटे बच्चों की पढ़ाई लिखाई 6 वर्ष के बजाए 3 वर्ष से ही शुरू होगी

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना में अब पोषण भी-पढ़ाई भी

इसके लिए केंद्र सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों से दो पाठ्यक्रम संचालित करेगी

इसमें पहला आधारशिला व दूसरा नवचेतना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नई शिक्षा नीति के तहत अब छोटे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई 6 वर्ष के बजाए 3 वर्ष से ही शुरू होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों से दो पाठ्यक्रम संचालित करेगी। इसमें पहला पाठ्यक्रम 'आधारशिला' व दूसरे पाठ्यक्रम 'नवचेतना' को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए मप्र कैबिनेट ने केंद्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण ⏩ शेष पेज 4 पर



### पुरातन संस्कृति के अनुसार आंगनवाड़ियों में बच्चों को दी जाएगी शिक्षा

*मप्र कैबिनेट ने इसके लिए भारत सरकार के मापदंडों अनुसार 30 करोड़ 56 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य बाल्यावस्था के प्रथम एक हजार दिवस में प्रारंभिक उद्दीपन, 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए ईसीसीई (देखभाल व शिक्षा) को बढ़ावा देना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई एवं शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना, खेल आधारित उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना लक्ष्य है।*

⏩ पढ़ें पेज 02 भी



# जंक फूड और बिगड़ी जीवनशैली से बढ़ रहा लोगों में मोटापा, योग संतुलित खानपान और समय पर नींद लेने से रह सकते हैं स्वस्थ

## कांग्रेस नेता ने क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के वजन को लेकर की टिप्पणी, दुनियाभर में कई लोग बढ़ते वजन से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस की महिला नेता शमा मोहम्मद की भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के वजन को लेकर की गई टिप्पणी पर हंगामा हो गया है। टिप्पणी को लेकर क्रिकेट प्रेमियों पर रोष है। वहीं कई लोगों और भाजपा ने कांग्रेस नेता को आड़े हाथों लिया है। इसके बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट को डिलीट कर दिया, लेकिन इसको लेकर राजनीति गरमा गई है।

बता दें कि दुनिया में ऐसे कई लोग हैं, जो बढ़ते वजन को लेकर परेशान हैं। कुछ समय पहले सिर्फ 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण कबड्डी खिलाड़ी विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर हो गईं। विनेश फोगाट अपना गोल्ड मैडल नहीं पा सकी। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि वजन की क्या कीमत चुकानी पड़ सकती है। भोपाल के डॉक्टरों के अनुसार कुछ बातों का ख्याल रखकर वजन को घटाया जा सकता है। इससे वह सेहतमंद भी रह सकेंगे।

### जीवन में योग अपनाने से रहेंगे सेहतमंद



वजन कम करने के लिए आयुष विभाग में इंटीग्रेटेड हेल्थ क्लीनिक विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को अपनाकर लोगों को इलाज लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। लोगों को अपनी जीवनशैली इतनी व्यवस्थित और संतुलित रखनी चाहिए, जिससे बीमारियां आसपास भटक भी न सकें। अपनी दिनचर्या में योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है। आयुष विभाग में रोज सुबह 7 बजे और 11 बजे योग सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी भाग लेते हैं। इन योग सत्रों से लोगों को तनाव, रक्तचाप, मधुमेह, अनिद्रा, मोटापा जैसी बीमारियों में काफी लाभ मिल रहा है।

**डॉ. अजय सिंह**
**कार्यपालक निदेशक एम्स**

### भोजन के बाद एकदम से सोना सही नहीं



वजन नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि किन चीजों को नहीं लेना है। पैकेट वाली चीजों का कम उपयोग करना है। चीज वाली वस्तुएं पिज्जा, पास्ता, क्रीम वाले बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक नहीं लेना चाहिए। कॉफी आदि का कभी-कभी सेवन करना चाहिए। नींद पूरी होना चाहिए। रात 12 बजे के बाद पहले सो जाना चाहिए। सुबह छह बजे के पहले तक उठ जाना चाहिए। खाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय परंपराओं के अनुसार खाना चाहिए। सुबह जैसे अंकुरित अनाज बादाम, खाने में रोटी, पोहा, उपमा आदि खा सकते हैं, लेकिन रात के खाने में एक रोटी कम लेना चाहिए। खाना खाने के बाद एक दम से लेटना व बैठना, सोना सही नहीं है। इससे भी वजन बढ़ जाता है। संतुलित खानपान अपनाकर लोग वजन कम कर सकते हैं।

**डॉ. अमिता सिंह**
**डाइटिशियन**

### भोजन में सभी आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश करें



वजन कम करने के लिए हम दो चीजों पर विशेष ध्यान देते है। जैसे एक व्यक्ति की बॉडी में एक बॉडी फैट व दूसरा मसलक मास्क देखते हैं। जैसे रोहित शर्मा की बॉडी में बॉडी फैट का प्रतिशत अधिक है। विराट कोहली के बॉडी में मसलक मास्क है। तो बॉडी फैट नहीं होना चाहिए, मसलक मास्क दिखना चाहिए। इसको मेंटेन करने के लिए कई फैक्टर हैं। एक तो डाइट कितना ले रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अपनी जरूरत से कम कैलोरी का सेवन करें। कितना प्रोटीन ले रहे हैं। कुछ लोग आज-कल रोटी खाना छोड़ रहे है। यह गलत है भोजन में सभी आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश करें, जैसे प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज। फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और कम वसा वाले डेयरी उत्पादों का सेवन करें। प्रोटीन से भरपूर भोजन जैसे कि दालें, अंडे, मछली, और चिकन खाएं। फाइबर से भरपूर भोजन जैसे फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाएं। नियमित अंतराल पर भोजन करें और भूख लगने पर ही खाएं। नाश्ता न छोड़ें, क्योंकि यह आपको दिन भर ऊर्जावान रखने में मदद करता है। रात का खाना सोने से कम से कम 3 घंटे पहले खाएं। जंक फूड, जैसे फ्रेंच फ्राइज, पिज्जा और बर्गर का सेवन कम करें। मीठे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों, जैसे मिठाई, चॉकलेट और कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें।

**डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डाइटिशियन**

## ट्रेन के कोच में 30 प्रतिशत से कम पानी होने पर रेलवे को मिलेगा अलर्ट मैसेज

# अब आरकेएमपी स्टेशन पर सेंसर सिस्टम से भरा जाएगा ट्रेनों में पानी, इस गर्मी में यात्रियों को नहीं होगी परेशानी

» रेल मंडल का नया प्रयोग, आरकेएमपी के बाद भोपाल सहित सभी प्रमुख स्टेशन में मिल सकेगी सुविधा, लोगों को नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर सीजन यानी गर्मियों के दिनों में अक्सर ट्रेनों में भी पानी खत्म होने की समस्या देखी जाती है। इसके चलते हर साल यात्रियों द्वारा बेवजह ट्रेन को रोककर हंगामा करने के मामले देखने को मिल चुके है, लेकिन अब इस समस्या से निपटने के लिए भोपाल रेल मंडल एक नया प्रयोग करने जा रहा है, जिससे ट्रेनों में पानी की समस्या को कम किया जा सकेगा। रेल मंडल की ओर से सेंसर सिस्टम से ट्रेनों में पानी भरा जाएगा। अभी इसकी शुरुआत आरकेएमपी से चलने वाली पुणे हमसफर और संतरागाछी एक्सप्रेस से की जाएगी। इसके लिए भोपाल रेल मंडल की तरफ से रेलवे कोचों में एक सेंसर इंस्टॉल किया जा रहा है, जो ट्रेनों में पानी को लेकर अलर्ट देगा, ताकि ट्रेनों में पानी की समस्या को खत्म किया जा सके।

### पुणे हमसफर और संतरागाछी एक्सप्रेस में होगा प्रयोग



एक माह बाद समर सीजन शुरू होने वाला है। इसको लेकर भोपाल मंडल यात्रियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसी के तहत भोपाल रेल मंडल गर्मियों में ट्रेनों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सेंसर सिस्टम इंस्टॉल कर रहा है, यह एक पूरा पायलट प्रोजेक्ट है, जिसके तहत संतरागाछी एक्सप्रेस और पुणे हमसफर ट्रेन में यह सेंसर लगाया जाएगा, जिसके लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टेंडर्ड ऑर्गेनाईजेशन की तरफ से भी मंजूरी मिल चुकी है। जहां ट्रेनों में 30 प्रतिशत से कम पानी होने पर यह रेलवे को अलर्ट भेजेगा, पानी की कमी होने के बाद यह सूचना वॉटरिंग स्टेशन तक पहुंचाई जाएगी, जिसके बाद अगले स्टेशन पर तुरंत ही ट्रेन में पानी भरा जाएगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस सिस्टम की शुरुआत 15 अप्रैल से की जाएगी। अगर यह प्रयोग सफल रहता है । तो फिर इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू कर दिया जाएगा। क्योंकि जैसे ही ट्रेनों में 30 प्रतिशत के आसपास पानी बचेगा। तो यह तुरंत ही अलर्ट भेजेगा। यह सिस्टम एसएमएस सुविधा से लैस होगा, जिससे हर स्टेशन पर इसकी जानकारी भेजने की सुविधा रहेगी। भोपाल रेल मंडल की तरफ से बताया गया है कि हर साल गर्मी के मौसम में 40 प्रतिशत तक ट्रेनों में पानी की कमी देखी जाती है। ऐसे में यह व्यवस्था की जा रही है।

### पिछले साल आई थी 3700 से अधिक शिकायतें

रेलवे सूत्रों के अनुसार ट्रेनों कोचों में पानी खत्म होने की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। यह समस्या भी गंभीर बनी हुई है। पिछले साल यानी 2024 में इस तरह की शिकायतों के मामले में 15-20% बढ़ोत्तरी देखने को मिली थी। इस दौरान करीब 3700 से अधिक यात्रियों द्वारा सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से शिकायत की थी।

### पमरे जोन से चलने वाली सात जोड़ी ट्रेनों में रेलवे ने स्थाई कोच बढ़ाया

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए स्थाई-अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में पमरे से प्रारंभ-टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति शाने भोपाल एक्सप्रेस, रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रीवांचल एक्सप्रेस, इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस, इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस, कोटा-इटावा-कोटा एक्सप्रेस, कोटा-मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस मे स्थाई कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

### भोपाल मंडल की इन ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

### आरकेएमपी से हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में लगेंगे दो शयनयान श्रेणी कोच

- गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति से हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में रानी कमलापति से 6 मई से और गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति एक्सप्रेस में निजामुद्दीन से 7 मई से गन्तव्य के लिए दो शयनयान श्रेणी एवं एक सामान्य श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। शाने भोपाल एक्सप्रेस पमरे के भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा एवं बीना होते हुए गंतव्य के लिए संचालित होती है। इस गाड़ी में तीन कोच बढ़ जाने से अब यह ट्रेन 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कार एवं 1 पार्सल वैन सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति से रीवा एक्सप्रेस में रानी कमलापति से 6 मई से और गाड़ी संख्या 12186 रीवा से रानी कमलापति एक्सप्रेस में रीवा से 7 मई से गन्तव्य के लिए दो शयनयान श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। रीवांचल एक्सप्रेस पमरे के भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, मंडीबामौरा, बीना, खुरई, सागर, पथरिया, दमोह, कटनी मुड़वारा, अमदरा, मैहर, उंचेहरा एवं सतना होते हुए गंतव्य के लिए संचालित होती है। इस गाड़ी में दो कोच बढ़ जाने से अब यह ट्रेन 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।
- गाड़ी संख्या 11272 भोपाल से इटारसी एक्सप्रेस में भोपाल से 8 मार्च से और गाड़ी संख्या 11271 इटारसी से भोपाल एक्सप्रेस में इटारसी से 11 मार्च से गन्तव्य के लिए एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। विंध्याचल एक्सप्रेस पमरे के प्रमुख भोपाल, सांची, विदिशा, गंजबासौदा, मंडीबामौरा, बीना, खुरई, सागर, गणेशगंज, दमोह, कटनी मुड़वारा, स्लीमनाबाद, डुंडी, सिहोरा रोड, गोसलपुर, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा एवं पिपरिया स्टेशनों से होते हुए गंतव्य के लिए संचालित होती है। इस गाड़ी में एक कोच बढ़ जाने से अब यह ट्रेन 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 4 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 15 कोच के साथ चलेगी।
- गाड़ी संख्या 11273 इटारसी से प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस में इटारसी से 09 माच से और गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी से इटारसी एक्सप्रेस में प्रयागराज छिवकी से 10 मार्च से गन्तव्य के लिए एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। यह एक्सप्रेस ट्रेन पमरे के प्रमुख पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, गोसलपुर, सिहोरा रोड, स्लीमनाबाद, कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों से होते हुए गंतव्य के लिए संचालित होती है।

### भोपाल से गुजरेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, 25 मार्च को होगी रवाना

मप्र के श्रद्धालुओं के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा एक विशेष धार्मिक पर्यटन सेवा की शुरुआत की जा रही है। ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के नाम से प्रसिद्ध यह भारत गौरव पर्यटक ट्रेन दिनांक 25 मार्च को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आध्यात्मिक यात्रा का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों से गुजरने से यहां के श्रद्धालुओं को अपने नजदीकी स्टेशन से इस यात्रा में शामिल होने का अनूठा अवसर मिलेगा। आईआरसीटीसी द्वारा इस यात्रा को बेहद सुलभ और सुविधाजनक बनाया गया है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी चिंता के अपने आध्यात्मिक सफर का आनंद ले सकें। इस यात्रा के लिए ऑनलाइन बुकिंग आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर की जा सकती है।

#### यात्रा की प्रमुख विशेषताएं

इस विशेष पर्यटक ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालु 10 रातें और 11 दिन के सफर में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा के दौरान यात्री ज्योतिर्लिंग और धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। द्वारकाधीश मंदिर (गुजरात), सोमनाथ ज्योतिर्लिंग (गुजरात), त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र), शिर्डी साईं बाबा मंदिर (महाराष्ट्र), भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र), घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र)।



## रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस बनवाने आवेदक को देना होगा आधार कार्ड से लिंक वाला नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में जब से एनआईसी के सॉफ्टवेयर वाहन पर काम शुरू हुआ, इसके बाद से लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कामों को लेकर अधिकांश आवेदकों के मोबाइल पर ओटीपी नहीं पहुंचने की समस्या देखने को मिल रही थी। इस समस्या को लेकर परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देश पर आरटीओ जितेंद्र शर्मा की ओर से आरटीओ कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें आरटीओ के कर्मचारियों सहित सभी आवेदकों को बताया कि कई आवेदक पूर्व में आधार कार्ड से लिंक कराने वाले नंबर को बदलने के बाद अपडेट नहीं कराते। इससे पुराने नंबर पर ओटीपी जाने से समस्या आती है, इसलिए आवेदक को नंबर अपडेट कराना जरूरी है। नहीं तो काम अटक जाएगा।

### प्रदेशभर के आरटीओ में दिक्कत

लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कामों को लेकर अधिकांश आवेदकों के मोबाइल पर ओटीपी नहीं पहुंचने की समस्या प्रदेशभर के सभी आरटीओ में देखने को मिल रही है। काम अटकने पर कई आवेदकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य जगह शिकायत की। इसके बाद इस मामले को परिवहन आयुक्त ने गंभीरता से लिया। इसके बाद आरटीओ में काम के सिलसिले में आने वाले आवेदकों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### निगम ने बनाए 342 प्रकरण

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में निगम के दलों ने 342 प्रकरणों में 43 हजार 600 रुपए स्पाट फाइन के रूप में वसूल किया। अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए जोन क्रमांक सात के अमले ने एक प्रकरण में पांच हजार रुपए, जोन 10 के अमले ने एक प्रकरण में 500 रुपए, जोन पांच के अमले ने 200 रुपए, जोन चार के अमले ने 100 रुपए सहित कुल पांच हजार 800 रुपए का जुर्माना किया।

### मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट का महा अधिवेशन आयोजित

**भोपाल।** मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट का तृतीय महा अधिवेशन पंडित खुशीलाल रजत जयंती ऑडिटोरियम में हुआ। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। माल्टवा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद वर्मा ने प्रदेश में टेक्नीशियन जिस प्रकार से कार्य कर रहे है, उससे अवगत कराया। मुख्य रूप से बेसिक लैब का संचालन लैब टेक्नीशियन कर सकें। जो केंद्र शासन के 2018 के राजपत्र में है। मंत्री से अनुरोध किया कि इसको मप्र शासन भी लागू करे। जिसके लिए मंत्री ने आश्वस्त किया। इसके लिए सरकार में मंथन करके जितनी जल्दी हो सकेगा, टेक्निशियनों के हित में निर्णय लिया जाएगा और प्रदेश का कोई भी टेक्नीशियन बेरोजगार नहीं होगा। मंत्री के स्वागत में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष विनोद वर्मा, कमलेश राठौर दीपक श्रीवास्तव, दीपक शर्मा आशीष बरोदे एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक सबनानी ने नर्मदा प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** जिंदगी में जो कुछ अपने स्वार्थ से परे दूसरों के हित में किया जाता है, वही बच जाता है। वह सार्थक होता है। शेष सब मिट जाता है। इस विचार को मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बड़े भाई नर्मदा प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए व्यक्त किए। मंगलवार को किलोल स्कूल मिलेट्री गेट के पास त्रयोदशी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विधायक भगवानदास सबनानी सहित शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने नर्मदा प्रसाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### इग्नू का दीक्षांत समारोह आज, भोपाल में 300 विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 38वां दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। भोपाल के दीक्षांत कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें 40 उपाधियां जेल बंदी छात्रों को दी जाएंगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के तहत 31 जिलों के 2004 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जा रही हैं। इग्नू भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बिनी टॉम्स के अनुसार सभी पात्र विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के लिए आमंत्रण भेजा गया है। उनसे भारतीय परिधान धारण कर सुबह 9:30 बजे समारोह में पहुंचने का आग्रह किया है।

## मंत्री सारंग को प्रसाद और भोजपुर मंदिर का विद्युत चित्र किया भेंट



**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर भोजपुर में 22वां विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया। मंडल सदस्यों द्वारा मंडल संरक्षक एवं मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को भोजपुर मंदिर का विद्युत चित्र भेंट कर भोजपुर भंडारे का प्रसाद दिया। इस मौके पर उन्हें अवगत कराया कि भंडारे में लगभग डेढ़ लाख भक्तों को प्रसाद वितरित किया एवं 1 लाख से अधिक भक्तों ने त्रिवेणी से लाए गए पवित्र गंगा जल से आचमन कराया।

### जनजातीय देव लोक महोत्सव में प्रदेश की 16 हजार से अधिक ग्राम सभाओं से चयनित

# जनजातियों की संस्कृति आद्य संस्कृति, भारत के विकास में अहम भूमिकाः दुर्गादास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातियों की संस्कृति आद्य संस्कृति है। भारत के निर्माण विकास में जनजातियों की बड़ी भूमिका रही है। देश को स्वाधीनता दिलाने में जनजातीय नायकों ने बलिदान दिया। जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण में देवलोक महोत्सव का यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश में सरकार की योजनाओं के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है। यह बात केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जनजातीय देव लोक महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। आरंभ में अपर सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम ने आयोजन के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश की 16 हजार से अधिक ग्राम सभाओं से चयनित धार्मिक मुखिया यहां आए हैं। जनजातीय संस्कृति के साथ सरकार जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के जरिए विकास पहुंचाना चाहती है।

### प्रदेश में विकास की बयार बह रही, यह कारवां अब रुकेगा नहीं : डॉ. विजय

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि समाज का विकास सबकी भागीदारी और सहयोग से ही संभव है। आज का यह महोत्सव एक सामाजिक मिलन समारोह है। प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। यह कारवां अब रूकेगा नहीं। हम सब मिलकर इस प्रदेश और जनजातियों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जनजातियों को हमारी सरकार ने मान-सम्मान दिया। हमारी पूजा पद्धतियों और धार्मिक मुखियाओं का सम्मान जनजातियों का सम्मान है। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रदेश के मुखिया के आवास में जनजातियों को इतना मान-सम्मान मिला है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन पर एक्शन जल्द

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों के साथ ही कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों पर जल्द कार्रवाई की जाए। उच्च शिक्षा के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आरके गोस्वामी ने आदेश में कहा है कि सत्र 2024-25 में एमपीटास पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नए एवं नवीनीकरण के लंबित आवेदनों को तत्काल नियमानुसार सत्यापित करना सुनिश्चित करें।

### ग्राम सभाओं से आए धार्मिक मुखिया बोलेः सरकार कर रही है बेहतर

#### हर गांव में सुविधाएं



कार्यक्रम बहुत बढ़िया है। सरकार बहुत बेहतर कार्य कर रही है। अब तो हर गांव में पानी, बिजली, स्कूल, सड़क की सुविधाएं हो रही हैं।

**रामदास उइके**
ग्राम खालवा, खंडवा

#### 5 घंटे में भोपाल आ गए



हम 5 घंटे में भोपाल आ गए थे और यहां कार्यक्रम में पहुंच गए। यहां कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को सुना।

**राइझन बारसकाट**
ग्राम सीतापुर, बैतूल

#### बेहतर काम हो रहे हैं



कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। सरकार हर गांव में बिजली, स्कूल सहित अन्य सुविधाएं पहुंचा रही है। बहुत बेहतर काम हो रहे हैं।

**झापू चौहान,** ग्राम सीतापुर, बैतूल

#### बहुत अच्छा लगा



इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा और हमारे मुख्यमंत्री को सुनने का मौका मिला। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हम सुबह यहां पहुंच गए थे।

**इमरत कलतें,** ग्राम कनारी, बैतूल

भोपाल
बुधवार, 5 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–06
वर्ष : 11, अंक : 340
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## हमारा जनजातीय समाज कभी नहीं डरा

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि जब कभी देश का खराब समय आया, जब भी देश के सामने कोई चुनौती आई, तो बाकी लोग भले ही दब गए होंगे, डर गए होंगे, लेकिन हमारा जनजातीय समाज नहीं डरा और चुनौतियों का छाती ठोंक कर मुकाबला किया। भगवान बिरसामुंडा, मामा टंट्याभील ने अंग्रेजों को धूल चटाई। हमने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया। रानी दुर्गावती ने जीवन में जो युद्ध लड़ा, वो जीता। गोंडवाना की इस रानी ने 51 युद्ध लड़े और अच्छे-अच्छों को पानी पिलाया। 52वें युद्ध में जब उन्होंने देखा कि युद्ध हार जाऊंगी तो किसी के शरीर छूने से पहले ही अपने प्राण त्याग दिए।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुआ जनजातीय देव लोक महोत्सव कार्यक्रम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ऐलान

# जनजातीय समाज के 'प्रमुख उत्सव' अब राज्य सरकार बड़े स्तर पर मनाएगी

*हर जनजातीय कलाकार के बैंक खाते में 5-5 हजार रुपए डालने की घोषणा*

3 करोड़ 47 लाख की राशि से ग्राम सभाएं अपने-अपने देवस्थानों का विकास कर पाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगोरिया सहित जनजातीय समाज के प्रमुख उत्सव अब सरकार भी बड़े स्तर पर पर मनाएगी। हमारे जनजातीय समाज में गोंडी भाषा, कोरकू भाषा, भीली भाषा, भिलाला भाषा सहित कई भाषाएं हैं। इन भाषाओं की आवाज आत्मा से आती है। हमें भले ही इन भाषाओं के शब्द नहीं आते, लेकिन इनमें से प्रेम का रस टपकता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



## सभी खेतों में पानी पहुंचाएंगे बिजली की व्यवस्था करेंगे

डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने ढाई लाख वन अधिकार पत्र वितरित किए हैं। सभी खेतों में पानी पहुंचाएंगे। बिजली की व्यवस्था करेंगे। आने वाले 3 साल में सभी किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगे। किसान खुद की बनाई बिजली से ही खेती और बागवानी कर पाएंगे। जनजातीय किसान अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच सकेंगे। गेहूं उत्पादक किसानों को अब 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से उपार्जन का लाभ देंगे। धान उत्पादन किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सरकार दूध उत्पादन पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस भी प्रदान करेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंदौर जा रही बस में पथराव, यात्री की मौत




**रीवा।** रीवा से इंदौर आ रही बस पर सोमवार देर रात पथराव हुआ। बस की खिड़कियों के शीशे फूट गए। यह पथराव इंदौर के एक यात्री के लिए जानलेवा साबित हुआ। वह फिजियोथैरेपिस्ट था और रीवा में पदस्थ था। जो अपने घर इंदौर आ रहा था, लेकिन सिर में पत्थर लगने से मौत हो गई। हादसे में अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं।

### गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, नाले में गिरी कार



**नई दिल्ली।** एक बार फिर गूगल मैप की वजह से बड़ा हादसा हो गया। ग्रेटर नोएडा में गूगल मैप के सहारे जा रहे स्टेशन मास्टर की कार 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में स्टेशन मास्टर की मौत हो गई। वे शादी समारोह जा रहे थे। दिल्ली के मंडावली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत भाटी की आईकार्ड से पहचान हुई।

### प्रेमी जोड़े ने दी जान जहर की शीशियां मिली



**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र के गांव दिनारी खमरिया में प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव गांव के बाहर एक मैदान पर मिले, पास में ही जहर की तीन डिब्बी भी मौके से मिली है। कुछ दिनों बाद युवती का विवाह होना था। संभवतः इसी बात से दुखी होकर दोनों ने जहर खा लिया। मृतक का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

**बिगड़े बोल :** क्रूर व वहशी बादशाह औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल

# सपा नेता आजमी- वह हिंदुस्तान का राजा था कांग्रेस सांसद बोले-वह अत्याचारी नहीं था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल थमता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग हो रही है। शिवसेना प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तो उन्हें देशद्रोही तक कह दिया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बयान पर विवाद होने के बाद अबू आजमी ने सफाई दी कि औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि औरंगज़ेब हिंदुस्तान का बादशाह था और वह अत्याचारी शासक नहीं था। जो बातें इतिहास में लिखी हुई हैं, उन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर

- नौपाड़ा थाने में सपा नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- बवाल हुआ तो अबू आजमी ने अपना बयान वापस लिया

*नौपाड़ा थाने से केस मरीन ड्राइव थाने में भेज दिया है। वहां धारा 299, 302, 356(1), 356(2) बीएनएस के तहत सीआर नंबर 59/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई*



अबू आजमी



इमरान मसूद

आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग

शिवसेना प्रमुख व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा- देशद्रोही

### महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन

महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एनडीए नेताओं द्वारा अबू आजमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिवसेना और सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन के विधायकों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। विधायकों ने अबू के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और विधान भवन में उनके प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। अबू आजमी के बयान का असर ठाणे में भी देखा जा रहा है। मराठा क्रांति मोर्चा और संपूर्ण मराठा समाज द्वारा अबू आजमी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। आजमी का पुतला जलाने की भी कोशिश की गई।

**क्या कहा था अबू आजमी ने?**

### औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए

अबू आजमी ने कहा था कि (फिल्म छावा में) गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, मुझे नहीं लगता कि औरंगजेब एक क्रूर प्रशासक था। इस सवाल के जवाब में कि क्या छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब ने जो किया, वह कार्रवाई क्रूर था या नहीं, आजमी ने कहा कि यह सत्ता की लड़ाई थी और हिंदू और मुसलमान के बीच का संघर्ष नहीं था।

### औरंगजेब की कब्र को तोड़ देना चाहिए: राणा



भाजपा नेता नवनीत राणा ने भी अबू आजमी पर तीखा हमला किया। नवनीत ने कहा कि जिस राज्य में आप पांच साल के लिए विधानसभा में बैठने के लिए चुने गए हैं, उस पर छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज का शासन था। मैं महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि जिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

अमेरिका ने हथियारों की मदद देने पर लगाई रोक

# भड़का यूक्रेन-सरेंडर के लिए मजबूर कर रहे ट्रंप



पिछले सप्ताह व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से हुए विवाद के बाद यह कीव के लिए बहुत बड़ा झटका

**किसकी कितनी मदद?**

| देश | मदद |
|---|---|
| अमेरिका | 47% |
| जर्मनी | 8% |
| स्वीडन | 3% |
| फ्रांस | 3% |
| इटली | 1% |
| डेनमार्क | 4% |
| पोलैंड | 2% |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सैन्य सहायता रोक दी है, जिससे कीव को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है और इसे रूस के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा को कमजोर करने वाला कदम बताया है।

यूक्रेन ने कहा कि यह निर्णय एक सहयोगी की ओर से विश्वासघात मिलने के बराबर है और इससे रूस को और अधिक नागरिकों पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

व्हाइट हाउस का बचाव

### राष्ट्रपति ट्रंप का ध्यान शांति पर

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्पष्ट कर चुके हैं कि उनका ध्यान शांति पर है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी सहायता किसी स्थायी समाधान का हिस्सा बने, न कि युद्ध को लंबा करने का कारण बने। इस रोक का असर सैकड़ों ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यूक्रेन का जवाब**

### हम बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी के रूस के सामने नहीं झुकेंगे

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस फैसले पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध को जितनी जल्दी हो सके समाप्त करना चाहता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी के रूस के सामने झुक जाएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में सुरक्षा गारंटी की कमी के कारण ही रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था।

मैहर में स्कूली बच्चों के साथ हादसा

## टायर फटने से वैन पलटी 10 छात्र घायल, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर



गंभीर घायलों को रीवा संजय गांधी अस्पताल भेजा गया

ताला थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह सड़क हादसे में 10 छात्र घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा पोड़ीखुर्द गांव के पास हुआ, जब स्कूल वैन का टायर फटने से वाहन बेकाबू होकर पलट गया। एसपी चिल्ड्रन एकेडमी की वैन बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। रास्ते में अचानक वैन का टायर फट गया और वाहन सड़क किनारे ▶▶ शेष पेज 4 पर

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भेजा

## सिंघार को 20 करोड़ रु. का मानहानि का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सिंघार बोले- डरेंगे नहीं, नोटिस का जवाब दिया जाएगा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को 20 करोड़ रुपए की अवमानना का नोटिस भेजा है। यह नोटिस उमंग सिंघार द्वारा उनका नाम सौरभ शर्मा से जोड़कर करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने के बयान को लेकर भेजा गया है। पूरा मामला यह है कि परिवहन विभाग के ▶▶ शेष पेज 4 पर

एक साल पहले हो गया था वीजा एक्सपायर

## भोपाल से अफगान नागरिक दो महीने से चल रहा लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अवैध रूप से रहने को लेकर मामला दर्ज किया गया

पढ़ाई के लिए भोपाल आया अफगानिस्तान का एक नागरिक 2 महीनों से लापता है। वह कोलार स्थित सागर ग्रीन हिल्स अमरनाथ कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने वीजा खत्म होने के बाद अवैध रूप से रहने को लेकर मामला दर्ज किया है। यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी के अनुसार सैयद राशिद सादत (24) साल 2024 तक यूनिवर्सिटी ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत 5वीं बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में: कंगारुओं को 4 विकेट से हराया

चेज मास्टर कोहली के 84 रन, देश भर में जीत का जश्न

# कोहली-शमी का जलवा लगी रिकॉर्ड्स की झड़ी

एजेंसी ▶▶ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। यह चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में भारत का कुल पांचवां फाइनल होगा। टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज ▶▶ शेष पेज 4 पर



### चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन

*विराट अब चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम अब 746 रन हैं। इससे पहले भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी शिखर धवन थे, जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में 701 रन बनाए थे। कोहली आईसीसी वनडे में 24 अर्धशतक लगा चुके हैं। पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

सरपंच मर्डर केस में करीबी पर लगे थे आरोप

## महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा, सीएम ने किया स्वीकार



- फडणवीस ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल को पत्र लिखकर कहा था कि धनंजय को इस्तीफा देना होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता धनंजय मुंडे ने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी जानकारी दी। धनंजय मुंडे के पीए प्रशांत जोशी ने मुख्यमंत्री फडणवीस के सरकारी आवास पहुंचकर उन्हें मुंडे का इस्तीफा सौंपा था। फडणवीस ने कहा कि मुंडे ने मुझे अपना इस्तीफा भेजा है, मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और इसे राज्यपाल को भेज दिया है।

दरअसल सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में महाराष्ट्र की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट :** आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता

# किसी को मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर गुनाह नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना भले सुनने में ठीक नहीं लगता हो, लेकिन ऐसे मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है।

शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती।



*आरोपी हरि नंदन सिंह ने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहा था*

### आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी

शिकायतकर्ता, जो एक उर्दू अनुवादक और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत कार्यवाहक क्लर्क है, ने अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के बाद आरोपी सिंह को व्यक्तिगत रूप से कुछ जानकारी दी थी। सिंह ने शुरू में दस्तावेज स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, लेकिन अंततः उन्होंने दस्तावेज स्वीकार कर लिए, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने शिकायतकर्ता के धर्म का हवाला देते हुए उसे अपशब्द कहे। यह भी आरोप लगाया गया कि सिंह ने शिकायतकर्ता को डराने और लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप सिंह के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी), 353 (लोक सेवक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### धारा 504 भी लागू नहीं होती

शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 504 भी लागू नहीं होती, क्योंकि सिंह की ओर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया, जिससे शांति भंग हो सकती हो। धारा 298 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सिंह की टिप्पणी अनुचित थी, लेकिन आईपीसी के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए कानूनी तौर पर पर्याप्त नहीं थी। नतीजतन, सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

## नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एआई तकनीक का होगा उपयोग


# मप्र की सात स्मार्ट सिटी में सुशासन के लिए कंट्रोल सेंटर और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिन्हित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। नगरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा।

**डेटा संचालन और निर्णय लेने में उपयोगी**

**संचालन के लिए एजेंसी का किया चयन**




**सतत निगरानी का काम किया जा रहा**

आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटीज शहरों में नागरिक सेवाओं के क्रियान्वयन पर सतत निगरानी का कार्य किया जा रहा है। नागरिक सेवाओं में डेटा संचालन और निर्णय लेने में भी यह बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आईसीसीसी और आईटीएमएस प्रणाली के संचालन के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा एजेंसी का चयन किया गया है। इन प्रणालियों के जरिए स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी की जाना संभव हुआ है।

### नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन

*केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। एआई तकनीक से नागरिक सेवाओं को और बेहतर किया जा सकेगा। आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में अपशिष्ट संग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रेकिंग को सक्षम बना रहा है, जिससे समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है। भविष्य में इन केन्द्रों को स्वचलित अलर्ट स्वच्छता संबंधी मुद्दों को तुरंत निराकृत करने में सक्षम किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी में जल वितरण और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी में रखा जा सकेगा। इससे पानी के अपव्यय को काफी हद तक कम करने और शहर में पानी की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ आईसीसीसी के माध्यम से स्मार्टग्रिड और स्ट्रीटलाइट ऑटोमेशन ऊर्जा की खपत को कम करने और विद्युत वितरण व्यवस्था को और दक्ष बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

## तीन लाइनमैन हुए सम्मानित



# पूर्व क्षेत्र कंपनी को मिला हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली मे लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश की लगभग 70 डिस्कॉम, 28 ट्रांसमिशन कंपनी तथा 25 जनरेशन कंपनी ने भाग लिया। इसमें से मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के स्टाफ को बधाई दी।

कंपनी को यह अवॉर्ड समस्त लाइनकार्मिकों को सुरक्षा किट प्रदान किए जाने, निरन्तर सुरक्षा, तनाव प्रबंधन, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम, वर्कशॉप सेमिनार आयोजित किय जाने, सुरक्षा मानकों को बेहतरीन ढंग से लागू किए जाने से दुर्घटना न्यूनतम रहने और कार्मिकों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने पर मिला है। पूर्व क्षेत्र कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) नीता राठौर ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया। समारोह में कंपनी के 3 लाइनमैनों अनिल कुशवाहा मुक्तियारगंज वितरण केन्द्र रीवा क्षेत्र, प्रहलाद वलाड़ी डिंडौरी (ग्रामीण) वितरण केन्द्र शहडोल क्षेत्र, आजाद कुमार सकवार शहर संभाग (पूर्व) शहर वृत्त जबलपुर क्षेत्र को उनकी ओर से निस्वार्थ सेवा तथा विद्युत उपभोक्ताओं को सतत विद्युत सप्लाई प्रदान करने के लिए किए गए निष्ठापूर्ण एवं साहसिक कार्य के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन दर्ज

*राजघाट जल विद्युत गृह अशोक नगर में बेतवा नदी पर स्थित है। इसकी प्रथम यूनिट 15 अक्टूबर 1999, द्वितीय यूनिट 29 सितंबर 1999 और तृतीय यूनिट 3 नवम्बर 1999 को स्थापित हुई थी। इस विद्युत गृह में उत्पादित होने वाली बिजली में मध्यप्रदेश का अंश लगभग 60 फीसदी है और शेष बिजली उत्तर प्रदेश को प्रदाय होती है। राजघाट जल विद्युत उत्पादन ने 26 वर्ष के इतिहास में वर्ष 2005-06 में सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।*

## 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का होगा आयोजन, सभी मंत्री प्रभार के जिलों में करें तैयारियों की समीक्षा: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री का जीआईएस के सफल आयोजन के लिए कैबिनेट के सदस्यों ने किया अभिनंदन

# मप्र में जय गंगा जल संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल से न केवल भारत बल्कि प्रदेश के छोटे से छोटे निवेशकों और प्रदेशवासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यूके, जर्मनी, जापान सहित सभी विदेशी मेहमानों, मंत्री गण, विभागीय अधिकारियों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्री को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री को मंत्रियों ने भगवान श्री रामलला की प्रतिमा भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल और उपलब्धि पूर्ण आयोजन के लिए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रालय में मंत्रियों ने अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके सहयोग से हम बेहतर स्थिति में पहुंचे हैं। जीआईएस में उद्योग विभाग में 12.02 लाख करोड़, नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़, खनन एवं खनिज में 3.22 लाख करोड़, शहरी विकास में 1.9 लाख करोड़, ऊर्जा विकास में 1.74 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार, निवेश की प्रगति की निरंतर समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से प्रत्येक दो माह में और मुख्य सचिव द्वारा प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी।



### राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, इसमें 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस है। इससे राज्य सरकार पर 1400 करोड़ रुपए का भार आएगा और लगभग 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, गेंहू उपार्जन का यह कार्य 15 मार्च से आरंभ होगा। इसी प्रकार प्रदेश में 6.70 लाख किसानों द्वारा 12.20 लाख हेक्टेयर में धान का उत्पादन किया गया है। धान किसानों को खरीफ वर्ष 2024 के लिए 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 480 करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी।

### 6 मार्च को मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा वित्त आयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंगलवार को ही 16 वें वित्त आयोग का प्रदेश में आगमन हो रहा है, आयोग 6 मार्च को सभी मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा। आयोग के सदस्य, निगम, जिला पंचायत सदस्यों और राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक जय गंगा जल संवर्धन अभियान आयोजित होगा। अभियान में संपूर्ण प्रदेश में जल संरचनाओं का संवर्धन वृहद स्वरूप में किया जाएगा। उन्होंने मंत्रियों को इस विषय में प्रभार के जिलों में बैठकें लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 फरवरी से 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उत्साह और उमंग से मनाने के लिए प्रभार के जिलों में व्यापक तैयारियां की जाएं।

## कैबिनेट की बैठक में मिली स्वीकृति

# मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिए 1431 नए पद स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की संगठनात्मक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रस्ताव में कम्पनी के लिए 1431 नवीन नियमित पद सृजित करने का अनुमोदन किया गया है। स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिए ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से कम्पनी के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में ट्रांसमिशन कम्पनी की कुल क्षमता 35 हजार मेगावॉट थी और अब 80 हजार मेगावॉट से अधिक हो गई है। इसके बावजूद पदों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इससे कार्य प्रभावित हो रहा था।

### संविदा में कार्यरत कार्मिकों की सेवा जारी रहेगी

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी में संविदा के आधार पर कार्यरत कार्मिक निर्धारित आयु सीमा के पूरा होने अथवा नियमित सीधी भर्ती के पद पर चयनित होने अथवा परफार्मेंस के आधार पर संविदा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं होने तक कार्य करते रहेंगे। इसतरह से उनकी सेवा नियमानुसार जारी रहेगी। कम्पनी की ओर से नियमित तौर पर सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते समय समकक्ष पद पर उस समय कार्यरत संविदा कार्मिकों की संख्या घटाकर, शेष रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लाभ में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब स्वीकृत पदों पर भर्ती के बाद कम्पनी नए -नए कार्य कर उत्तरोत्तर प्रगति करेगी।

## मप्र के कई स्थानों की यहां के शासकों से रही है पहचान

# राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम पर बनेंगे द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्रदेश के समृद्ध अतीत से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने और हमारी संपन्न सांस्कृतिक धरोहर के प्रकटीकरण के लिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज सहित महापुरूषों के नाम पर द्वार बनाए जाएंगे।

**प्रदेशवासी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होंगे, उन्हें गर्व की अनुभूति होगी**

भोपाल सहित प्रदेश के कई स्थानों की पहचान यहां के शासकों से रही है। चक्रवर्ती सम्राट के रूप में शासन करने वाले सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, न्याय, त्याग, दानशीलता, पराक्रम, पुरुषार्थ और सुशासन से इतिहास में उन्हें विशेष स्थान प्राप्त हुआ। अद्वितीय शासक रहे राजा भोज ने बड़े तालाब सहित अनेक रचनाओं का निर्माण कराया, जो आज भी भोपाल सहित प्रदेश के कई भागों में उनकी स्मृतियों को जीवंत करती हैं। महापुरूषों के नाम पर द्वार निर्माण की राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेशवासी अपने गौरवशाली अतीत से परिचित होंगे और उन्हें गर्व की की अनुभूति होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।



## डिजिटल नवाचार को किया प्रोत्साहित

# मप्र पुलिस के ई-रक्षक एप को मिला स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक ई-रक्षक एप को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा पुलिसिंग में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए सम्पूर्ण भारत से 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनका गहन मूल्यांकन करने के पश्चात मध्यप्रदेश पुलिस के ई-रक्षक एप को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर पूर्व गृह सचिव भारत सरकार जीके पिल्लई द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो चंचल शेखर को इस अभिनव पहल के लिए स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर मप्र पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बधाई दी है।

### पुलिस को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया

*ई-रक्षक एप बीट स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद करता है। पहले पुलिसकर्मियों को अपराधियों की पहचान मुख्य रूप से व्यक्तिगत अनुभव और जान-पहचान के आधार पर करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस एप के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है।*

### एप विकसित करने में इनका योगदान रहा

तकनीकी नवाचार को विकसित करने में हेमंत चौहान उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, आरएस प्रजापति, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रांजलि शुक्ला सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस, इंद्रा नामदेव निरीक्षक, सीसीटीएनएस, हीरा सिंह ठाकुर सहायक उपनिरीक्षक, सुरेंद्र रघुवंशी सहायक उपनिरीक्षक एवं अर्शदीप सिंह प्रधान आरक्षक का योगदान रहा।

## राज्य मंत्री ने नर्मदापुरम में किया रेशम कृषि मेले का शुभारंभ

# रेशम उद्योग के विकास को मिलेगी गति, रेशम कृषि मेला रेशम उद्योग की प्रगति को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नर्मदापुरम में रेशम कृषि मेला-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से रेशम उद्योग के विकास को गति मिलेगी। रेशम कृषि मेला रेशम उद्योग की प्रगति को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यह मेला केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से मप्र शासन के रेशम विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों को रेशम उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम उन रेशम किसानों को सम्मानित करने के लिए भी आयोजित किया गया है, जिन्होंने रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यमंत्री जायसवाल ने मेले में रेशम उत्पादों की प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन किया। विभिन्न प्रकार के रेशम उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था। साथ ही लाभार्थियों को वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रचार पुस्तिकाओं का विमोचन किया।



### मलबरी एवं टसर ककून उत्पादन की उन्नत तकनीक पर हुई चर्चा

*कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड बेसिक टसर सिल्कवर्म सीड ऑर्गनाइजेशन, बिलासपुर और केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्र आयोजित किया। सत्र में मलबरी एवं टसर ककून उत्पादन की उन्नत तकनीकों, मेजबान पौधों की खेती, कोकून पश्चात प्रक्रियाओं तथा रेशम उप-उत्पादों की मूल्य संवर्धन श्रृंखला में उत्पाद विविधीकरण पर चर्चा की गई।*

## गरीब कल्याण मिशन से होगा वंचितों का आर्थिक उत्थान

# किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही मोहन सरकार: दवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने मप्र को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए 'गरीब कल्याण मिशन' के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है। उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता और भोपाल के जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है और महिलाओं-बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता करना है। इसके साथ ही वित्तीय समावेश में सुधार किया जाएगा।



### मजदूरों और दिव्यांगों को दी सौगात

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गरीबों के लिए 8 लाख 21 हजार मकान बनाने की भी घोषणा की है। साथ ही प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन देने का संकल्प भी लिया है। गरीब बंदियों को विधिक सहायता में बढ़ोतरी, श्रमिकों को इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए 40 हजार रुपए की सब्सिडी और दिव्यांगों की सहायता राशि को 4 लाख रुपए तक बढ़ाने की घोषणा भाजपा सरकार की गरीब कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाती है।*

## सतना में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से हुई थीं घायल

## राज्यमंत्री प्रतिमा ने किया था एयरलिफ्ट कराने का आग्रह

# मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से लौट रही हैदराबाद निवासी डॉ. कीर्ति पामो को कराया एयर लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रयागराग महाकुंभ से लौटते समय सतना अमरपाटन में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हैदराबाद की डॉ. कीर्ति पामो को एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आभार माना है।

मंत्री बागरी ने मंत्रालय में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। गौरतलब है घायल डॉ. कीर्ति का इलाज सतना के एक अस्पताल में चल रहा था। परिजनों की मांग पर राज्य मंत्री बागरी ने रामपुर बघेलान पहुंचे। मुख्यमंत्री से परिजनों की भेंट कराई और डॉ. कीर्ती को बेहतर इलाज के लिए उनके शहर हैदराबाद एयरलिफ्ट करने में सहायता का आग्रह किया।



**मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित पहल से गंभीर घायल तत्काल सतना से हैदराबाद पहुंची**

### जल्द मिली चिकित्सा सुविधा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराग महाकुंभ से लौट रहीं डॉ. कीर्ति को तत्काल सतना से हैदराबाद एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए। फ्लाई ओला की एयर एम्बुलेंस सोमवार को दोपहर 1.30 बजे सतना एयर पोर्ट पहुंची, शीघ्र स्वास्थ्य की कामना के साथ राज्यमंत्री बागरी ने दोपहर 2.30 बजे डॉ. पामो को परिजनों के साथ एयर एम्बुलेंस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। मात्र 18 घंटे में घायल डॉ. पामो और उनके परिजनों को हैदराबाद भेज दिया गया। इस पहल के लिए डॉ. कीर्ति पामो तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्य मंत्री बागरी का आभार व्यक्त किया है।*

## एसपीएम में जनजातीय महानायकों पर व्याख्यान

# जनजातीय समाज की जीवन शैली आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में जनजातीय महानायकों पर केंद्रित एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जूनियर डॉ. एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता रहे।

इस अवसर पर तिलक राज दांगी, प्रांत संगठन मंत्री, वनवासी कल्याण परिषद, मध्य भारत प्रांत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय इको क्लब की संयोजक डॉ. कीर्ति जैन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने जनजातीय समाज को भारत के समृद्ध इतिहास का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि उनकी परंपराएं, जीवन शैली एवं आध्यात्मिक मान्यताएं आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मुख्य वक्ता दांगी ने जनजातीय महानायकों के सामाजिक आध्यात्मिक अनुदाय के साथ राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान किए गए त्याग एवं बलिदान पर चर्चा की।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 मार्च 2025


रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.30 शाम (बुध)
सहरी 05.15 सुबह (गुरु)



## रेडक्रॉस चिकित्सालय में दो दिनी न्यूरोथैरेपी स्वास्थ्य शिविर आज से



**भोपाल।** रेडक्रॉस चिकित्सालय, शिवाजी नगर के आयुष केन्द्र में 5 व 6 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक निःशुल्क न्यूरोथैरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयुष पद्धति से विभिन्न जटिल एवं गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए डॉ. प्रद्युम्न गुप्ता एवं डॉ. अमित बाघचैरे द्वारा परामर्श दिया जाएगा, यह बात रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने कही। जनरल सेक्रेटरी ने कहा कि चिकित्सा की आयुष प्रणाली विभिन्न रोगों के इलाज और व्यक्ति के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए असंख्य औषधि उपचारों का उपयोग करती है। दवाएं प्राकृतिक अणु हैं जो सीधे प्रकृति के विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होती हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारी जैसे जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, पीठ दर्द, कंधा दर्द, मंदबुद्धि बच्चे, सीपी चाइल्ड, मंगोल चाइल्ड, अनिद्रा, डिप्रेशन, पार्किंसन, हार्ट, किडनी, लिवर, अस्थमा, थायराइड, महिलाओं के मासिक संबंधी विकार पेट संबंधी गैस, अपच, कब्ज, पाइल्स, भूख ना लगना आदि की समस्या का निदान हेतु परामर्श दिया जाएगा। उक्त बीमारी से ग्रसित मरीजों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर निःशुल्क न्यूरोथैरेपी स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

### 10 से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से किया ट्रायल रन

# रानी कमलापति से एम्स तक 3 कोच के साथ पहली बार चली भोपाल मेट्रो

◆ अब जुलाई माह में राजधानी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो के संचालन के बने आसार



छह माह देरी से एम्स स्टेशन तक पहुंची मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले छह महीने के इंतजार के बाद मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन से लेकर एम्स स्टेशन तक मेट्रो का पहला ट्रायल रन हुआ । इस दौरान मेट्रो 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार में चली। हालांकि इसके पहले सुभाष नगर डिपो से लेकर रानी कमलापति स्टेशन प्रायोरिटी कारिडोर पर तीन अक्टूबर 2023 को पहला ट्रायल रन हुआ था। इसके आगे स्टील ब्रिज और प्रोजेक्ट के अधूरे कामों की वजह से मेट्रो एम्स तक नहीं पहुंच पाई थी। सुभाष नगर डिपो से लेकर एम्स तक करीब आठ किलोमीटर रूट पर मेट्रो का संचालन इस बात का प्रमाण है कि जुलाई माह में प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो के संचालन कर शुभारंभ किया जा सकता है।

मेट्रो के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने ट्रायल रन के लिए संबंधित मेट्रो अधिकारियों और टीम को बधाई दी। साथ ही पैसेंजर संचालन के लिए शेष बचे कार्यों को समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

### सितंबर 2024 तक पूरा हो जाना चाहिए था ऑरेंज लाइन का काम

वर्तमान में आरेंज लाइन के सुभाष नगर डिपो से लेकर करोंद तक के आठ किलोमीटर के रूट का काम शुरू हुआ है। जिसके पूरा होने के बाद करोंद से लेकर एम्स तक करीब 16 किलोमीटर के रूट पर मेट्रो का संचालन किया जाएगा। हालांकि आरेंज लाइन के काम सितंबर 2024 तक पूरा हो जाना चाहिए थे, लेकिन प्रोजेक्ट में देरी की वजह से मेट्रो को एम्स तक पहुंचने में छह माह का अतिरिक्त समय लगा।

तीन अक्टूबर 2023 को हुआ था पहला ट्रायल रन

### 3 कोच के साथ 10 की रफ्तार से चली मेट्रो

मेट्रो ट्रेन रानी कमलापति से चलकर रेलवे ओवर ब्रिज, डीआरएम आफिस और अलकापुरी स्टेशन होते हुए एम्स स्टेशन पहुंची। इस दौरान मेट्रो ट्रेन की गति 10 से 20 किमी प्रति घंटा रही। जिसे विभिन्न स्तरों की टेस्टिंग के अनुसार बढ़ाया जाएगा। मेट्रो ट्रेन जिसके एक कोच की लंबाई लगभग 22 मीटर और चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है, जिसमें तीन कोच हैं। जिसकी डिजाइन स्पीड 90 किमी प्रति घंटा है, किंतु जब मेट्रो का संचालन होगा, तब कम दूरी पर बने स्टेशनों की वजह से मेट्रो की रफ्तार लगभग 80 की रहेगी।

### गैस के अवैध कारोबार करने वाली चार जगहों पर छापा

# सरकारी खंडहरों में कार वॉशिंग की आड़ में की जा रही घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल में रिफलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफलिंग का काम धड़ल्ले से चल रहा है। खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों के क्षेत्रों में इस काम को मंथली राशि लेकर चलाया जा रहा है। मंगलवार को जब जानकारी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को लगी तो उन्होंने 6 जगहों पर छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद 6 टीमों ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें प्लेटिनम प्लॉजा के पीछे टूटे सरकारी खंडहरों में दो जगहों पर 23 गैस सिलेंडर और रिफलिंग मोटरें जब्त की गईं। यहां कार वाशिंग की आड़ में अवैध कारोबार चल रहा था। हालांकि यहां पहले भी करीब 50 सिलेंडर जब्त किए थे। इसके साथ खजूरी के पीलिया मोहल्ले भी रिफलिंग सेंटर से 23 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। आनंद नगर के नानक विहार से भी एक मकान से 9 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इस तरह चार जगहों पर अवैध कारोबार करने के मामले में 55 सिलेंडर और अन्य सामान जब्त किया है।

लंबे समय से शहर में घरेलू गैस सिलेंडर्स की अवैध रिफलिंग करने की शिकायतें आ रही थीं, लेकिन नवागत जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर की लापरवाही की वजह से कार्रवाई नहीं की जा रही थी। मंगलवार को कलेक्टर के निर्देश पर टीमें बनाकर छापामार कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि जिन जगहों से सिलेंडर जब्त किए हैं, उन्हें पहले ही छापे की सूचना मिल गई थी। दरअसल इन जगहों पर बड़े स्तर पर कारोबार किया जाता है।

55 सिलेंडर, मोटर्स सहित नोजल किए जब्त



### घरेलू गैस को कमर्शियल सिलेंडर में भरा

खजूरी स्थित पीलिया मोहल्ले में कृपाल सिंह राजपूत के मकान में घरेलू गैस सिलेंडरों की गैस को कमर्शियल सिलेंडरों में भरा जा रहा था। टीम ने यहां से 23 घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए हैं। यहां पर कारों में भी गैस रिफलिंग की जाती है।

### एक हजार में सिलेंडर बेच रहा था मकान मालिक

आनंद नगर स्थित नानक विहार में मनोज दरयानी नामक व्यक्ति लंबे समय से सिलेंडर्स की कालाबाजारी कर रहा है। वह गैस एजेंसी से सिलेंडर लेकर एक हजार रुपए प्रति सिलेंडर बेचता है। टीम ने यहां से 9 गैस सिलेंडर सहित 30 गैस कनेक्शन की बुक्स भी बरामद की हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

### प्लेटिनम प्लाजा के पीछे चल रहा था अवैध कारोबार

टीम जब प्लेटिनम प्लॉजा के पीछे स्थित सरकारी खंडहरों में पहुंची तो यहां अंसार अहमद ने गैस रिफलिंग सेंटर खोल रखा था। यहां से दस सिलेंडर और रिफलिंग मोटर जब्त की गई। पास ही स्थित दूसरे खंडहर में भी सिलेंडरों को रखा गया था, जहां से 13 सिलेंडर जब्त किए गए। यहां पर कार वाशिंग की आड़ में अवैध कारोबार किया जा रहा था। इस तरह यहां से कुल 23 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इसके पहले भी यहां से 50 सिलेंडर जब्त किए गए थे।

### शिकायत मिलने पर भेजी टीम

शहर में अलग-अलग जगहों पर गैस रिफलिंग की शिकायत के बाद टीमें भेजकर जांच कराई गई है। जिससे 55 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिसकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है।

**अजीत कुजूर**, जिला आपूर्ति नियंत्रक

### सुरक्षा और गुप्तवार्ता शाखा ने लिखा पत्र, तब हुआ खुलासा

# इंटेलीजेंस ने चेताया तब पुलिस को पता चला, भोपाल में बगैर वीजा 10 महीने रह गया अफगानी युवक

पुलिस ने विदेशी विषयक अधिनियम के तहत किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार में एक अफगानी युवक बगैर बीजा के 10 महीने रहता रहा और भोपाल पुलिस को पता तक न चला। जब इंटेलीजेंस ने पीएचक्यू को पत्र लिखा तब मामले का खुलासा हुआ और पुलिस हरकत में आई। अब कोलार पुलिस ने एक मार्च को उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल, भोपाल में पढ़ने आया अफगानिस्तानी युवक सैयद राशिद सादत (24) बीते 2 महीने से लापता है। वह जागरण लेक सिटी यूनिवर्सटी में जर्नलिज्म कर चुका था। वह कोलार स्थित सागर ग्रीन हिल्स अमरनाथ कॉलोनी में रह जनवरी 2025 तक देखा गया, इसके बाद से लापता है।

### पीएचक्यू की इंटेलीजेंस शाखा ने किया अलर्ट

पीएचक्यू की इंटेलीजेंस शाखा से विदेशी युवक के संबंध में एक पत्र कोलार थाने आया। तब जाकर पूरे मामले का खुलासा हुआ कि वह अफगानी नागरिक वीजा अवधि खत्म करने के बाद अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने इस मामले में जब मकान मालिक से पूछताछ की तो उसने बताया कि अफगानी युवक करीब दो माह पहले यह कहकर गायब हो गया कि वह वीजा अवधि बढ़वाने के लिए दिल्ली जा रहा है। इसके बाद उसका कोई संपर्क नहीं हुआ।

### दिल्ली में दूतावास से संपर्क करेगी पुलिस

अब कोलार पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है और अनुमान है कि वह दिल्ली में कहीं छिपा हो सकता है। इस मामले को लेकर दिल्ली और अन्य संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है। अफगान युवक के लापता होने और वीजा उल्लंघन के कारण यह मामला गंभीर बन गया है। कोलार थाना के सब इंस्पेक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया यूनिवर्सटी से भी उसके रिकार्ड से संबंधित जानकारी ली जा रही है। वहीं एक टीम जल्द ही मामले की छानबीन के लिए दिल्ली भेजी जाएगी।

# गेहूं उपार्जन के लिए 31 मार्च तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अभी तक 5 लाख 17 हजार 632 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। गेहूं की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से 5 मई तक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

### कहां-कितने किसानों के पंजीयन

समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 31, खरगौन में 1616, बड़वानी में 99, अलीराजपुर में 46, खंडवा में 6079, धार में 15,940, झाबुआ में 2850, इंदौर में 27,075, मंदसौर 11,275, नीमच 3768, आगर-मालवा में 14,469, देवास में 26,904, रतलाम में 12,908, शाजापुर में 35,346, उज्जैन में 56,805, अशोकनगर में 1276, शिवपुरी में 1670, ग्वालियर में 1612, दतिया में 2288, गुना में 2199, भिंड में 2266, श्योपुर में 3260, मुरैना में 1025, जबलपुर 1471, बालाघाट 112, कटनी में 2093, पांढुर्णा 19, डिंडौरी में 658, छिंदवाड़ा में 3054, सिवनी में 8530, नरसिंहपुर में 6286, मंडला में 4598, हरदा में 1610, बैतूल में 3413, नर्मदापुरम में 27,222, विदिशा में 30,556, रायसेन में 31,197, राजगढ़ में 31,171, भोपाल में 17,182, सीहोर में 59,141, सतना में 2811, रीवा में 1894, सिंगरौली में 369, मऊगंज 94, मैहर में 924, सीधी में 1382, अनूपपुर में 103, उमरिया में 1447, शहडोल में 2246, पन्ना में 2416, निवाड़ी में 431, दमोह में 7636, टीकमगढ़ में 2705, छतरपुर में 3676 और सागर में 20,378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

*दिन में हवाएं उत्तर-पूर्वी होने से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में औसतन डेढ़ डिग्री तक गिरा तापमान, रात में दक्षिण पूर्वी हवाओं ने 2.5 डिग्री बढ़ा दिया*


# हवाओं पर सवार पारा, हवा के बदलते ही चल रहा गिरावट-बढ़ोतरी का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्च माह शुरू होते ही तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। हवाएं बदलने के साथ तापमान कम हो रहा है और उसी क्रम में बढ़ोतरी भी दर्ज करा रहा है। इन दिनों हवाओं पर सवार पारे का यह मिजाज 13 मार्च के बाद तक रहने की उम्मीद है।

शहर में एक से 4 मार्च के बीच दिन के तापमान में 1.5 और रात में 2.5 डिग्री तक की घट-बढ़ रही है। मंगलवार को भी दिन का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 31 डिग्री रहा, वहीं रात का 2.5 डिग्री की बढ़त के साथ 18.4 डिग्री पर दर्ज हुआ। दो दिन अधिकतम तापमान में और कमी आएगी। मंगलवार को प्रदेश में दिन के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री तक कमी आई, जबकि रात का पारा एक डिग्री की घट-बढ़ के साथ दर्ज हुआ।

*आने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ से 9 से 13 मार्च के बीच फिर बदलेगा मौसम, बादल छाएंगे, तापमान में आएगी*



स्थान : बड़ी झील का बोट क्लब
समय : शाम 5 बजे

### अभी हवाएं उत्तर-पूर्वी, 9 मार्च को नया सिस्टम

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार सुबह से पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही हवाएं बदलकर उत्तर- पूर्वी हो गई हैं, जबकि सोमवार की दरमियानी रात यह दक्षिण पूर्वी रहने से पारा 2.5 डिग्री बढ़ गया। मंगलवार-बुधवार की रात फिर से इसमें इतनी की गिरावट हो सकती है। यह क्रम 9 मार्च तक चलेगा। इस बीच मौसम साफ रहेगा और अधिकांश समय हवाएं उत्तर पूर्वी रहेंगी। इससे अभी दिन के साथ बीच-बीच में रात का पारा भी गिरेगा।

### अभी सिस्टम यहां

शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ आगे निकल चुका है। वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च को आएगा। इससे 9 से 13 मार्च के बीच मौसम में फिर बदलाव की उम्मीद है। हालांकि, यह डब्ल्यूडी दो से तीन दिन रहेगा, लेकिन हवाओं में इसका असर 12 से 13 मार्च तक रहने की उम्मीद है। इस बीच कहीं-कहीं हल्के बादल भी छाए रह सकते हैं। दिन के तापमान में कमी भी होगी।

### सैर-सपाटे का मौसम

हवाओं में लगातार बदलाव और सामान्य गति से तापमान भी नॉर्मल के आसपास थमा हुआ है। इससे दिन में हल्की गर्मी और शाम से मौसम सुहाना बना हुआ है। इस बीच शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की रौनक बढ़ गई है। बोट क्लब से लेकर सैर सपाटा, वनविहार, चिड़ियाटोल, शाहपुरा लेक से लेकर केरवा डैम और मनुआभान पर भी सैलानी मौसम का आनंद लेते दिख रहे हैं।




## ट्रेडिंग के नाम पर करते थे वारदात

# करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल पुलिस की ऐशबाग थाना टीम ने करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगी कर रहे थे।

पुलिस ने अफजल खान और विपिन घोष समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया। इन लोगों ने मिलकर भोपाल समेत कई अन्य राज्यों में साइबर ठगी को अंजाम दिया था। अब तक की जांच में करीब 95 लाख रुपए के फर्जी ट्रांजेक्शन सामने आए हैं। पुलिस को शिकायत मिली थी कि भोपाल के प्रभात चौराहा स्थित एक कंपनी आयडियोलॉजी (एटीएस) के जरिए लोगों से निवेश करवाने के नाम पर धोखाधड़ी की जा रही है। जब पुलिस टीम ने जांच की तो पाया कि इस कंपनी के कर्मचारी लोगों को टेली कॉलिंग के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे थे और अधिक लाभ का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठ रहे थे।

जांच के दौरान पता चला कि इस कंपनी के बैंक खाते महाराष्ट्र में दर्ज साइबर अपराधों से भी जुड़े हुए हैं। जब पुलिस ने कंपनी के दस्तावेजों की गहराई से जांच की, तो उसमें कई संदिग्ध लेन-देन पाए गए। पुलिस ने मौके से 87 कंप्यूटर, 29 सिम कार्ड और एक मॉडेम जब्त किया।

## विद्या नगर-3 के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों को मिली मंजूरी

भोपाल। संभागायुक्त कार्यालय में मंगलवार दोपहर 12 बजे प्राधिकरण मंडल की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर संभागायुक्त संजीव सिंह ने बोर्ड बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। करीब आधे घंटे चली बोर्ड बैठक के दौरान भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा रखे गए इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रस्तावों को मंजूरी दी। बीडीए के सीईओ प्रदीप जैन ने बताया कि विद्या नगर फेस तीन के तहत किए जाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा राजा भोज गोंदरमऊ के तहत होने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को भी मंजूरी मिल गई है । वहीं ईश्वर नगर के प्लाट के रिर्जव दर तय की गई । बैठक के अंत में बीडीए के एक कर्मचारी के सर्विस मैटर से जुड़े मामले में निर्णय लिया गया। बैठक में एमपीईबी, टीएंडसीपी समेत अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शराब दुकानों की नीलामी के पहले हटाने पर अड़े रहवासी



भोपाल। शराब दुकानों की नीलामी के साथ ही शराब दुकानों की शिफ्टिंग की मांग उठी है। इसे लेकर रहवासी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और अफसरों से शिकायत की। उन्होंने कहा कि दुकानों की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शराबी सुबह से झगड़ा कर गाली-गलौच करते हैं। पंचशील नगर के सीनियर एलआईजी स्थित शराब दुकान पर शाम 5 से रात 11 बजे तक शराबियों का हुजूम लगा रहता है, जो घर के सामने ही शराब पीते हैं। राजीव नगर सेमराकलां के लोगों ने कहा कि रहवासी इलाके में ही शराब की दुकान हैं। पास में ही स्कूल और धार्मिक स्थल भी है। कई बार शराबी झगड़ा करते हैं। शाम को तो दुकान के सामने से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को 500 से 800 मीटर घूमकर स्कूल जाना पड़ता है।

**एसडीएम पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप :** खुशीपुरा के कई लोग कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे और एडीएम अंकुर मेश्राम से शिकायत की। कांग्रेस नेता शुक्ला ने बताया खुशीपुरा की 80 वर्षीय धनियाबाई 40 साल पुराने पट्टे पर रहकर जीवन-यापन कर रहीं हैं। धनियाबाई के पड़ोस में रहने वाले बाथम परिवार ने झुग्गी पर जबरदस्ती कब्जा कर दो दुकानों का निर्माण कर लिया है। वे धमकी देते हैं।

## जैकेट का शेष

### शावकों को पिलाया दूध...

सर्जरी होते हुए भी देखी। वनतारा पहुंचने के दौरान प्रधानमंत्री ने शेर, बाघ, जिराफ, हाथी और तोते समेत कई जानवरों के साथ वक्त बिताया। पीएम मोदी ने यहां अलग-अलग प्रजाति के शावकों को दूध पिलाया। उन्होंने जिन शावकों के साथ वक्त गुजारा, उनमें एशियाई शावक, सफेद शेर, काराकल शावक और क्लाउडेड तेंदुए के शावक शामिल हैं। पीएम मोदी जिस सफेद शेर के बच्चे को दूध पिलाते दिखे, उसकी मां को रेस्क्यू करके वनतारा में लाया गया था। काराकल शेर कभी भारत में काफी संख्या में थे, लेकिन अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। वनतारा में काराकल शेरों के प्रजनन के बाद उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है।

### एमआरआई रूम...

टाइगर और 4 स्नो टाइगर्स को देखा। पीएम मोदी ने एक ओकापी को थपथपाया और चिंपैंजी से भी मिले। ओरंगुटान के साथ प्यार से खेले। इसके बाद पीएम ने एक दरियाई घोड़े को करीब से देखा।

### बदलावों को सनातन ...

निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है। आज विश्व भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। भारत ने सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखा है, और यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि समाज में परिवर्तन लाना है, तो सबसे पहले व्यक्ति में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने विद्या भारती की इस दिशा में भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी, जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो। उन्होंने पंच परिवर्तन, विमर्श परिवर्तन, और सज्जन शक्ति जागरण को संघ के आगामी कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव, महामंत्री अवनीश भटनागर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में अवनीश भटनागर ने अतिथियों का परिचय कराया, जिसके उपरांत अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने शिविर की संकल्पना प्रस्तुत की।

### कहां और किसके...

हैं। यह रेलवे के ठेके ज्यादा लेते हैं। सुनील सेनानी पान मसाला के कारोबारी हैं। शहर में इन्होंने एमेरल्ड ग्रीन नामक कॉलोनी की पीछे पांच बड़े मकान बना रखे हैं। संतोष गुप्ता भरहुत नगर में रहते हैं और प्रॉपर्टी के बड़े डीलर है, फैक्ट्री डालने का काम भी चल रहा है। रामकुमार सुरेश कुमार अग्रवाल की लकड़ी का टाल है और प्लाई का बड़ा कारोबार है।

### सक्षम आंगनवाड़ी...

2.0 योजना के तहत पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। मप्र कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें एक दर्जन मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में करीब 4 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी मंजूर किया है। इस राशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण व अन्य कार्यों को पूरा कराया जाएगा। दूसरी तरफ कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस 2025 में आए 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव की मॉनिटरिंग व उसके क्रियान्वयन के लिए टीम गठन की जानकारी भी मंत्रियों को दी। मुख्यमंत्री स्तर से प्रत्येक दो माह में और मुख्य सचिव स्तर से प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी।

**राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख मंजूर:** कैबिनेट ने भारत सरकार के डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए प्राक्कलित कुल राशि 138 करोड़ 41 लाख रुपए (कर सहित) की स्वीकृति प्रदान की गई। कैबिनेट ने वर्तमान में छिंदवाड़ा वन वृत्त (छिंदवाड़ा जिला एवं नवगठित पांढुर्णा जिला) के तहत तीन वनमंडलों पूर्व, पश्चिम, दक्षिण छिंदवाडा को पुनर्गठित किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। निर्णय अनुसार दक्षिण छिंदवाड़ा वनमंडल के 662.742 वर्ग किमी वनक्षेत्र को नवगठित पांढुर्णा वनमंडल में तथा शेष 293.944 वर्ग किमी वनक्षेत्र को पूर्व व पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडलों में शामिल किया जाए। वनमंडल दक्षिण छिंडवाड़ा को समाप्त किया जाएगा। दक्षिण छिंदवाड़ा वनमंडल से पुनर्गठित पांढुर्णा तथा पूर्व व पश्चिम छिंडवाड़ा वनमंडलों में पदों का पुनरआवंटन किया जाएगा।

**DIRECTORATE OF SPORTS & YOUTH WELFARE**
T.T. Nagar Stadium, Bhopal-462003
Tel. : 0755-2773012, 2778151, Website : www.dsywmp.gov.in

**E-TENDERING NOTICE**

The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal invites bids on electronic mode for Supply and Installation of Shooting Equipment for 10 METER Indoor Shooting RANGE, at Various District in Madhya Pradesh.

2. The bids will be received through electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in.** If any queries regarding participation through e-tender process interested bidder may contact on **Toll Free No. 18002588684.**
3. The corrigendum and agendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/119059/2025 **DIRECTOR**

## पेज एक का शेष

### जनजातीय समाज के...

आयोजित जनजातीय देव लोक महोत्सव के अवसर पर जनजातीय समाज के लिए घोषणा करते हुए कही। इस कार्यक्रम में जनजातीय समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर सीएम ने मुख्यमंत्री आवास को जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आए हर जनजातीय कलाकार के बैंक खाते में 5-5 हजार रुपए डालने की घोषणा करता हूं। इसी प्रकार 946 जनजातीय कलाकारों के खाते में 46 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। 3000 रुपए के मान से प्रति पेसा ग्राम सभा को राशि डालेंगे। इस तरह 3 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि से ग्राम सभाएं अपने-अपने देवस्थानों का विकास कर पाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैसा ग्राम सभा को 3-3 हजार रुपए वित्तीय सहायता के लिए चेक भी वितरित किए।

### सपा नेता आजमी...

मिटाया नहीं जा सकता, एक फिल्म के जरिए इतिहास को उल्टा-सीधा बताने का काम किया जा रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए। मसूद ने कहा कि औरंगजेब 49 साल तक हिंदुस्तान का बादशाह रहा, उसे कैसे अत्याचारी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के राज में जीडीपी बहुत ज्यादा थी। जिस अखंड भारत की बात की जाती है, वह अखंड भारत औरंगजेब के जमाने में ही था। चीन और अफगानिस्तान से लेकर बर्मा तक भारत औरंगजेब के जमाने में ही था।

### औरंगजेब की कब्र ...

तरह से औरंगाबाद का नाम बदलकर हमारे भगवान संभाजी महाराज के नाम पर रखा गया, उसी तरह औरंगजेब की कब्र को भी तोड़ दिया जाना चाहिए।

### भड़का यूक्रेन-...

बमबारी करने और उन्हें मारने में मदद मिलेगी। यूक्रेन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह हमें आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर रहा है। यूक्रेन की संसदीय विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष ने कहा कि सहायता रोकना वास्तव में गंभीर संकट खड़ा कर सकता है। ट्रंप ने अपने बयान में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यूक्रेन को अमेरिका से मिली मदद के लिए अधिक आभारी होना चाहिए। अगर, जेलेंस्की ने मॉस्को के साथ कोई समझौता नहीं किया, तो वह ज्यादा लंबे समय तक सत्ता में नहीं रह पाएंगे।

### राष्ट्रपति ट्रंप ...

मिलियन डॉलर मूल्य के सैन्य हथियारों और गोला-बारूद पर पड़ेगा, जो यूक्रेन को भेजे जाने थे।

### टायर फटने से वैन...

पलट गया। हादसे में चार छात्र और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, इस घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चार बच्चों और चालक को रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। बाकी बच्चों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका प्राथमिक इलाज किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### सिंघार को 20 ...

पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की काली कमाई का पदार्फाश होने के बाद विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने मंच से आम सभा के दौरान यह तक कहा था कि सौरभ शर्मा के तार दोनों मंत्रियों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा राजपूत पर 1500 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया था। नोटिस मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा है कि नोटिस का जवाब दिया जाएगा डरेंगे नहीं।

**कार्यालय नगर परिषद् बरोदियाकलां, जिला सागर (म.प्र.)**

क्र/निविदा/2025/376 बरोदियाकलां, दिनांक - 03/03/2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदरों विक्रेता/सप्लायर से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | विड क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2025/B/6015723 | Complete Supply and Installation Pole 9 Mtr. & Steet Light | 63,500/- | 04/04/2025 |

नोटः निविदा में किसी भी के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन WWW.GEM.GOV.IN को बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरोदियाकलां, जिला सागर

### भोपाल से अफगान ...

का छात्र था। उसने एमए जर्नलिज्म कम्पलीट कर लिया था। इसके बाद डिप्लोमा इन फोटो के लिए यूनिवर्सिटी में एडमिशन चाहता था, लेकिन वीजा एक्सटेंशन के चलते यूनिवर्सिटी ने आगे एडमिशन नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सादत को जनवरी के बाद से इलाके में नहीं देखा गया है। जांच में पता चला है कि उसका वीजा 25 मार्च 2024 को समाप्त हो गया था। इसके बाद से वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था। इस आधार पर 1 मार्च को कोलार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कोहली-शमी ...

मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी किफायदी साबित हुए। उन्होंने 10 ओवर में 48 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां कीं। इस मैच में विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेलते हुए कई सारे रिकॉर्ड बना डाले हैं। विराट चाहे अपने वनडे करियर का 52वां शतक लगाने से चूक गए हों, लेकिन 5 बड़े रिकॉर्ड्स के विराट ने अपने नाम किए हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में वनडे क्रिकेट में चेज करते हुए 8,000 रन पूरे कर लिए। कोहली वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे टूर्नामेंट्स के नॉकआउट मैचों में 1,000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए। अब फाइनल में भारत का मुकाबला साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड में से किसी एक टीम से होगा, इसका फैसला 5 मार्च को होने वाली सेमीफाइनल से होगा।

### महाराष्ट्र के मंत्री...

महायुति सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे विवादों में घिर गए थे। एसआईटी ने अपनी चार्जशीट में मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को बीड जिले में जबरन वसूली का विरोध करने वाले सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मास्टरमाइंड के रूप में नामजद किया था। इससे पहले देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल को पत्र लिखकर कहा था कि धनंजय मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। धनजंय के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड और उसके 6 गुर्गों को इस साल जनवरी में महाराष्ट्र पुलिस ने मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट, 1999) के तहत गिरफ्तार किया था। एसआईटी द्वारा दाखिल चार्जशीट के मुताबिक, वाल्मीक कराड बीड सरपंच संतोष देशमुख की हत्या का मास्टरमाइंड था। कराड ने बीड में मौजूद एक रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अवाडा के भूमि अधिग्रहण अधिकारी से दो करोड़ की फिरौती मांगी थी। जब बीड के सरपंच संतोष देशमुख ने रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने उनकी हत्या की साजिश रची।

### आईपीसी की विभिन्न ...

को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 323 शामिल हैं। मजिस्ट्रेट ने मामले की समीक्षा करते हुए धारा 353, 298 और 504 के तहत आरोप तय किए, जबकि साक्ष्य के अभाव में धारा 323 और 506 के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। सिंह की आरोपमुक्ति की याचिका को पहले सत्र न्यायालय और बाद में राजस्थान उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348
. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

**फायनेन्स**

फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइलः- 7042858951.
R-10/03/25

**CHANGE OF DOB**

I. BHASWATI BORI Wife of No. 14662108N Rank HAV Name PULAK BORI presently serving at 3 EME CENTRE 1 TRG BN, BHOPAL do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:- I have change my date of birth from 10/01/1991 to 10/11/1992 due to erroneously mentioned my date of birth is 10/01/1991 in service document of my husband. That my actual date of birth is 10 Nov 1992.

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया है कि विवाह से पहले मेरा नाम PIYUSHA PITLIYA था। जो मेरी दसवीं एवं बारहवीं की मार्कशीट में अंकित है। किंतु विवाह उपरांत मेरा नाम परिवर्तित होकर MITALI BHANDARI W/O RISHABH BHANDARI हो गया है। मैं अब MITALI BHANDARI के नाम से जानी/ पहचानी जाती हूं। ADDRESS : Flat no.17, Ivory Block, Platinum Park, Mata Mandir, Bhopal (M.P.) - 462003

**नाम परिवर्तन**

मैं नंदिनी कांचले पति विनोद कुमार कांचले निवासी S4 मथाई नगर सी टी ओ कॉलोनी बैरागढ़ भोपाल इसके माध्यम से सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम नंदनी कांचले से बदलकर नंदिनी कांचले रख लिया है । अब भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना**
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26
not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5797



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

मंगल सैणचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली -5796 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5807

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## भोपाल में रंग-गुलाल और पिचकारी का व्यापार 10 करोड़ रुपए के पार

# खरीदारों को अब रंग से ज्यादा गुलाल मन भाया

‘आई रे आई होली आई रे’ ..... सिर्फ 10 दिन बाकी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

‘आई रे आई होली आई रे”...... रंगों के त्यौहार की अब सिर्फ 10 दिन ही बाकी है। होली का त्यौहार इस बार 14 मार्च को मनाई जा रही है। इसकी तैयारी को लेकर बाजार की रंगत बदलनी शुरू हो गई हैं। होली का त्यौहार नजदीक आते ही शहर के बाजार रंगों और पिचकारियों से सराबोर होने लग गए हैं।

लेकिन व्यापारी और विक्रेताओं की माने तो अब लोग रंग से ज्यादा गुलाल की खरीदी कर रहे हैं। यही कारण है कि बाजार में रंगों वाली पिचकारी के साथ साथ गुलाल वाली पिचकारी और गुलाल बम, गुलाल सिलेंडर सहित अन्य वैरायटी आ गई है। राजधानी के जुमेराती बाजार स्थित रंग-गुलाल के थोक और फुटकर विक्रेता अंकित जैन के अनुसार चूंकि होली के त्यौहार को दस दिन ही बाकी है। ऐसे में रंग, गुलाल और पिचकारी खरीदारों की जोरदार ग्राहकी निकल रही है। व्यापारी अंकित जैन ने बताया कि हर साल राजधानी भोपाल में होली का व्यापार 10 करोड़ रुपए के पार जाता है। अतः इस बार भी अच्छे व्यापार की उम्मीद है।





### कलर स्प्रे और अनार बम पिचकारी जैसी अनोखी वैरायटी

*दुकानदार हरशेंद्र महाजन के अनुसार इस बार त्रिशूल वाली, रॉकेट लॉन्चर डिजाइन और अनार बम जैसी अनोखी पिचकारियां भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। बताया जा रहा है कि पिछले साल बुलडोजर थीम वाली पिचकारी की जबरदस्त मांग थी, लेकिन इस बार मोदी जी की पिचकारी की नई वैरायटी आई है, जो 200 से लेकर 2 हजार रुपए तक में बिक रही है। इनमें गन पिचकारी, कलर पाइरो पिचकारी, फाग टाइप कलर स्प्रे और अनार बम पिचकारी जैसी अनोखी वैरायटी शामिल हैं। इसमें कलर पाइरो पिचकारी से फाग की तरह रंगों की बौछार निकलती है, जबकि अनार टाइप बम पिचकारी को जलाने पर अबीर और गुलाल का छिड़काव होता है। इसके अलावा त्रिशूल डिजाइन वाली और रॉकेट लॉन्चर पिचकारी है। होली में कुछ नया करने की चाहत में लोग भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल और डमरू डिजाइन वाली पिचकारी भी खरीद रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार अभी से लोग होली की खरीदारी में जुट गए हैं और अगले कुछ दिनों में बिक्री और बढ़ेगी। होली का यह बाजार रंगों से सराबोर है और नए-नए डिजाइनों की पिचकारियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं।*

### दुकानदारों ने बड़े पैमाने पर सामान मंगवाया

*व्यापारी राज केशवानी का कहना है कि इस बार होली बाजार में काफी रौनक नजर आ रहा है। इन बातों को ध्यान में रखकर बड़े पैमाने पर सामान मंगवाया गया है। ऐसे में इस बार होली में जमकर रंग गुलाल की बरसात होगी। वहीं चिल्हर बाजार भी लग चुका है, आने वाले सप्ताह से जगह-जगह चिल्हर दुकान नजर आने लगेंगे। जहां पर भी जमकर बिक्री होगी।*

### हर्बल रंग की रहती है अधिक मांग

*दुकानदार पिंटू गुप्ता ने बताया कि अब हर्बल रंग, गुलाल की डिमांड बढ़ रही है। प्राकृतिक चीजें से बनने वाले यह रंग-गुलाल त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित रहते है। ऐसे में लोग जमकर होली खेलने के साथ चेहरे को सुरक्षित रखना भी पसंद करते हैं। ऐसे में हर्बल गुलाल की पूछ-परख गढ़ गई है। बाजार में बड़े पैमाने पर इस तरह के रंग-गुलाल लाए गए हैं जो सुरक्षित होने के साथ खुशबूदार भी होता है।*

## खाद्य तेलों में बढ़ी होली और रमजान की ग्राहकी

# सोयाबीन, मूंगफली, वनस्पति तेल त्योहारी मांग से हुआ महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्थानीय थोक खाद्य तेल बाजार में खाद्य तेलों की जोरदार मांग निकल रही है। मांग के साथ खाद्य तेलों की खपत में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। बाजार जानकारों के अनुसार खाद्य तेलों में होली और रमजान की लेवाली होने से स्थानीय थोक बाजार में सभी खाद्य तेलों की रोजाना खपत 20 गाड़ी से अधिक पहुंच गई है। तो वहीं मांग और आपूर्ति के मद्देनजर सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल,वनस्पति के भाव बढ़ गए है।

### 2150 रुपए का सोया तेल का जार अब 2300 रुपए का हुआ



तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार सोया तेल कुछ दिन पहले 15 किलो का जार जो 2150 रुपए में मिलता था वह अब 2300 रुपए का हो गया है। मूंगफली तेल 2200 रुपए से उछलकर 2400 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है जबकि वनस्पति जो 2000 से 2200 रुपए में 15 किलो मिल रहा था वह 2400 से 2500 रुपए की कीमत पर मिल रहा है। तेल कारोबारी अपूर्व पवैया के अनुसार सरसों की नई फसल उतर रही है जिसके चलते सोयातेल के दाम 2350 से 2400 रुपए के भाव पर स्थिर है। जबकि पामोलीन का दाम आसमान छू रहा है, इसलिए इसका आयात भी कम हो रहा है।

### खाद्य तेल आयात 4 साल के निचले स्तर पर, कीमतों में और बढ़ोतरी की उम्मीद

*पिछले साल सितंबर में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले का असर अब भी जारी है। फरवरी 2025 में खाद्य तेल का आयात चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। मौजूदा साल में खाने के तेल की कीमतें 3 से 11 रुपए तक बढ़ चुकी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आयात शुल्क में बढ़ोतरी के चलते तेल की आपूर्ति में कमी आई है। सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल के आयात में तेज गिरावट आई है। जिससे कुल खाद्य तेल आयात फरवरी में 12फीसदी घटकर 8.84 लाख टन पर आ गया, जो फरवरी 2021 के बाद सबसे कम है। पाम ऑयल का आयात जनवरी में 14 साल के निचले स्तर पर था लेकिन फरवरी में यह 36 फीसदी बढ़कर 3.74 लाख टन हो गया।*

### आयात शुल्क में और बढ़ोतरी के संकेत

*जानकारों का कहना है कि सरकार स्थानीय किसानों को बढ़ावा देने के लिए आयात शुल्क में और वृद्धि कर सकती है। इससे घरेलू उत्पादन को बल मिलेगा, लेकिन आयात घटने और स्टॉक कम होने के कारण आने वाले दिनों में खाद्य तेल की कीमतों में और तेजी आ सकती है।*

## खबर संक्षेप

### प्रावेग ने की होटल प्रबंधन सौदे की घोषणा

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड, एक प्रमुख हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज़ प्रोवाइडर, भारतीय होटल्स कंपनी लिमिटेड के साथ एक स्ट्रैटेजिक साझेदारी की घोषणा करने के लिए उत्साहित है, जो भारत के प्रमुख होटल चेन में से एक है। इस समझौते के तहत आईएससीएल , प्रावेग लिमिटेड की प्राचीन संपत्ति, प्रावेग एटोल्स, जो लक्षद्वीप के अद्भुत बंगारम द्वीप पर स्थित है, का प्रबंधन करेगा। इस रिसॉर्ट को प्रतिष्ठित सेलेक्शन ब्रांड के तहत वर्गीकृत किया जाएगा, जो इसके लक्ज़री ऑफ़रिंग्स को और भी ऊँचा करेगा। यह सहयोग प्रावेग लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 10 बिलियन डॉलर की वृद्धि

**नई दिल्ली।** फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक की भारी निकासी के बावजूद, स्थिर अमेरिकी डॉलर और भारतीय रिजर्व बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप के कारण रुपया तेजी से गिरने से बच गया। जनवरी में 1.2 प्रतिशत की गिरावट के बाद, फरवरी 2025 में रुपये में एक प्रतिशत की कमजोरी आई। एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, स्थिर डॉलर और आरबीआई के कुशल हस्तक्षेप ने रुपए की गिरावट को नियंत्रित रखा है।

### माय11 सर्किल ने जियोस्टार से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस गठजोड़ के साथ माय11सर्किल भारत के उत्साही क्रिकेट दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और बढ़ाएगा तथा मोबाइल एवं कनेक्टेड डिवाइसेज पर जियोस्टार की व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगा। गेम्स24x7 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सरोज पाणिग्रही ने कहा कि भारत में आईपीएल को लेकर लोगों के जुनून को नकारा नहीं जा सकता है। हम यूजर्स को और भी अधिक डायनामिक एवं इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।

### एमराल्ड फाइनेंस 15 करोड़ रु.जुटाएगा

**मुंबई।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने इक्विटी शेयरों के प्राथमिक आवंटन के माध्यम से जारी करने की घोषणा की है। साथ ही, प्रस्तावित पूंजी निवेश के लिए 25 मार्च 2025 को एक असाधारण आम बैठक आयोजित कर शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया है। निदेशक मंडल ने हुई बैठक में 1,148,900 इक्विटी शेयरों के निर्गम को मंजूरी दी, जिसकी कीमत 131 प्रति शेयर होगी। इसमें 10 का मूल मूल्य और 121 का प्रीमियम शामिल है। इस वरीयता आवंटन से लगभग 15.05 करोड़ जुटाए जाने की उम्मीद है।

## महिलाओं में बढ़ रही लोन लेने की होड़ 5 साल में 22 फीसदी की सालाना वृद्धि

*करीब 2.7 करोड़ महिलाएं अपने क्रेडिट स्कोर की निगरानी कर रहीं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में महिलाओं में भी कर्ज लेने की होड़ लग गई है। आलम यह है कि कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच सालों में 22 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश महिलाएं कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

नीति आयोग की ट्रांसयूनियन सिबिल और माइक्रोसेव कंसल्टिंग रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की ओर से लिए गए कर्ज का अधिकांश हिस्सा उपभोग जरूरतों को पूरा करने के लिए था, जबकि व्यवसायों के लिए कर्ज लेने का अनुपात अपेक्षाकृत कम रहा।

### महिलाओं द्वारा लिए गए कर्ज की कैटेगरी


*रिपोर्ट के अनुसार 2024 में महिलाओं द्वारा लिए गए कर्ज का वितरण इस प्रकार था. 42फीसदी कर्ज व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता टिकाऊ ऋण और गृह स्वामित्व के लिए लिया गया. 38 फीसदी कर्ज सोने के बदले लिया गया. सिर्फ 3फीसदी कर्ज व्यवसायों के वितपोषण के लिए लिया गया. 2019 से अब तक व्यावसायिक कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या 4.6 गुना बढ़ी है, लेकिन यह अभी भी कुल कर्ज का एक छोटा हिस्सा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2024 तक करीब 2.7 करोड़ महिलाएं अपने क्रेडिट स्कोर की निगरानी कर रही थीं। यह दर्शाता है कि महिलाएं न केवल कर्ज ले रही हैं, बल्कि अपने वित्तीय स्वास्थ्य पर भी नजर रख रही हैं।*

## नौ महीनों की सबसे बड़ी गिरावट

# मात्र 3 मिनट में डूबे 1.33 लाख करोड़ रुपए, निवेशकों में चिंता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मार्च के दूसरे कारोबारी दिन भी भारतीय शेयर बाजार में गिरावट जारी रही। बाजार खुलते ही सेंसेक्स में 450 से ज्यादा अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जिससे यह 9 महीनों के सबसे खराब लेवल पर पहुंच गया। इस गिरावट के पीछे अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैरिफ, रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते बने भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं को प्रमुख कारण माना जा रहा है। जानकारों की मानें तो मार्च के महीने में भी शेयर बाजार में गिरावट बनी रह सकती है। अगर ऐसा हुआ तो यह लगा 6वां महीना होगा जब संसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान पर बंद होंगे। शेयर बाजार की गिरावट



से निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ। बाजार खुलने के मात्र 3 मिनट में बीएसई का मार्केट कैप 3,80,21,191.08 करोड़ रुपए से घटकर 3,78,87,914.33 करोड़ रुपए हो गया यानी 1,33,276.75 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। लगातार दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोरी बनी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 190 अंकों की गिरावट के साथ 72,897.70 पर कारोबार कर रहा था।

## बिजनेस न्यूज

### यूनियन बैंक ने एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में की 254 करोड़ के ऋण की स्वीकृति



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्वावधान में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरा औधोगिक क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री लखन पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने किया। कार्यक्रम में मंत्री लखन पटेल एवं बैंक कार्यकारी निदेशक ने 254 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गए। इस मौके पर अनिल अग्रवाल, प्रोपराइटर, टेक्नोफाइबर इंडस्ट्रीज, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेश संजय रुद्रा, अरुण कुमार सुरसला, उप अंचल प्रमुख प्रांजल बाजपेयी, क्षेत्र प्रमुख भोपाल सेंट्रल, उपास्थित समस्त ग्राहक एवं बैंक के स्टाफ मौजूद रहे।

### भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान भोपाल शाखा की नई प्रबंध समिति ने कार्यभार संभाला



**भोपाल।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई), भोपाल शाखा (सीआईआरसी) कि नव निर्वाचित प्रबंध समिति ने पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए आधिकारिक रूप से मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। नव नियुक्त पदाधिकारी में सीए अर्पित राय अध्यक्ष, सीए आदित्य श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, सीए अभिषेक जैन सचिव, सीए पीयूष चतर कोषाध्यक्ष, सीए प्रदीप मुतरेजा अध्यक्ष, सीआईसीएएसए भोपाल शाखा, सीए नंदन नरूला सीपीई समिति संयोजक, सीए सुचिता गोयल कार्यकारी समिति सदस्य. सीए अभय कुमार छाजेड़ शामिल है। अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने कहा कि नवगठित समिति पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और चार्टर्ड अकाउंटेंसी क्षेत्र में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भोपाल शाखा का उद्देश्य पेशेवर विकास, सदस्य सहभागिता और छात्र सहायता पहलों को और सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि समिति शाखा की प्रगति और आईसीएआई के सदस्यों एवं छात्रों के हितों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में खोली 111 नई शाखाएं, वर्चुअल उद्घाटन



**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने की 111 नई शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। जिससे बैंक की उपस्थिति का विस्तार करने और ग्राहक सुविधा बढ़ाने की प्रतिबद्धता को बल मिला। उल्लेखनीय है कि इनमें से 11 नई शाखाएं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित हैं। जो बैंक ऑफ इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विभिन्न स्थानों पर फैली नई शाखाएं बैंकिंग सेवाओं की ऋण, क्रेडिट विस्तार बैंक एक व्यापक श्रृंखला कार्ड और ऑफ इंडिया उत्पादों और प्रदान करेंगी। जिसमें बचत डिजिटल बैंकिंग के बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के समर्पण का प्रमाण है। समाधान खाते, शामिल हैं। बैंक ऑफ इंडिया ने भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है, जो इसके ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और अभिनव बैंकिंग समाधानों द्वारा संचालित है।

### बेसिज फंड सर्विसेज ने किया सेवाओं का विस्तार मध्य प्रदेश में रखा कदम

**इंदौर।** फंड का प्रबंधन करने वाली प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी बेसिज फंड सर्विसेज ने मध्य प्रदेश के इंदौर में अपना केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी के इस विस्तार से वैश्विक निवेश उद्योग में भारत की स्थिति मजबूत होगी, साथ ही मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भी अधिक मूल्यवान अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं उपलब्ध होंगी। बेसिज़ को मध्य प्रदेश सरकार के उपक्रम, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड की ओर से इंदौर में स्थित सिंहासा आईटी पार्क में कार्यालय स्थापित करने के लिए आशय पत्र प्राप्त हुआ है। यह विश्व स्तर पर फंड का प्रबंधन करने वाली पहली भारतीय कंपनी है, जिसने स्थानीय प्रतिभाओं को तैयार करने और प्रतिभा के पलायन को रोकने लिए इस शहर में अपनी मौजूदगी दर्ज की है। बेसिज फंड सर्विसेज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, आदित्य शेष ने मौजूदा प्रगति के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए कहाकि मध्य प्रदेश को भारत का दिल कहा जाता है और इस राज्य में वैश्विक वित्तीय सेवाओं के अवसर पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

### पीएनबी का मंडल कार्यालय में 7 मार्च को ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा 7 मार्च 2025 को भोपाल मंडल कार्यालय सहित सभी शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऋण मुक्ति शिविर का उद्देश्य एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष छूट प्रदान कर उन्हें ऋण मुक्त करना है। एनपीए उधारकर्ता अपने खातों का निपटान एक मुश्त समझौते के अंतर्गत कराकर न्यायिक व्यवधानों से मुक्ति पा सकते हैं। ऋण मुक्ति शिविर, भोपाल के अंचल प्रमुख शैलेन्द्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में, मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए पंजाब नेशनल बैंक की समस्त शाखाओं एवं अंचल एवं मंडल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने उठाए महिलाओं को सशक्त बनाने महत्वपूर्ण कदम

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने भारतीय रिजर्व बैंक के ‘वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025’ के 10वें संस्करण का आयोजन किया। बैंक द्वारा 85 वित्तीय साक्षरता केंद्रों ने 364 वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया, जिसका ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 9,500 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इन इंटरैक्टिव सत्रों के तहत गृहणियों के लिए वित्तीय योजना, महिला उद्यमियों के लिए ऋण सुविधा, जोखिम प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, सरकार की वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस वर्ष की थीम वित्तीय साक्षरता: समृद्ध नारी वित्तीय ज्ञान के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता व सुरक्षा को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ‘वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025’ के तहत पूरे देश में 2907 ग्रामीण शाखाओं और 12 राज्यों में 85 वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से विभिन्न वित्तीय साक्षरता शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और वित्तीय समावेशन व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण साधन है।

### आरएनटीयू एनएसएस के सात दिवसीय ग्रामीण आवासीय शिविर का हुआ उद्घाटन

**भोपाल।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम हिनोतिया में किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन अध्यात्म वेत्ता व प्रोफेसर डॉ.सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी व रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ.संजीव कुमार गुप्ता के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को राष्ट्र निर्माण के पावन कार्य में अपने योगदान को सुनिश्चित करना सिखाती है। सात दिवसीय विशेष शिविर युवाओं को जीवन जीने की कला तो सिखाता ही है साथ ही विपरीत परिस्थितियों से निबटने के गुर भी सिखाता है। वहीं कुलपति डॉ.संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि युवा जहां एक ओर इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से केरेक्टर निर्माण कर पाते हैं वहीं दूसरी ओर उनके रोजगार के भी नये अवसर इस शिविर के माध्यम से खुलते हैं। विद्यार्थी बौद्धिक सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तित्वों का सान्निध्य पाकर आईडिया प्राप्त कर बेहतर करियर की ओर अग्रसर होते हैं।

### होंडा ने फरवरी में 4,22,449 यूनिट्स बेचीं

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मंगलवार को फरवरी 2025 के अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,22,449 यूनिट्स रही। इसमें 3,83,918 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 38,531 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। यह उल्लेखनीय है कि होंडा मोटरसाइकिल की वित्त वर्ष 2025 की अब तक की कुल बिक्री 54,04,216 यूनिट्स तक पहुंच गई है, जिसमें 49,25,241 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 4,78,975 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। कंपनी ने उन्नत नए फीचर्स के साथ ओबीडी2बी अनुकूलित साइन 125 और हॉरनेट 2.0 के अपडेटेड वर्जन पेश किए। इसके अलावा, कंपनी ने ओबीडी2बी कंप्लायंट इंजन और अपग्रेडेड इक्विपमेंट के साथ बिल्कुल नया एनएक्स 200 लांच किया।

## ‘यूटीएस मोबाइल एप’ के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खोरधा

भुवनेश्वर रेलवे द्वारा खोरधा रोड मंडल ने यूटीएस मोबाइल एप के उपयोग को बढ़ावा देने और दैनिक यात्रियों को मोबाइल टिकटिंग का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अनारक्षित टिकट प्रणाली मोबाइल एप, भारतीय रेलवे का एक सरकारी मोबाइल टिकटिंग एप्लिकेशन है, जो ट्रेन यात्रियों को अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके ट्रेनों के माध्यम से यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट बुक करने की अनुमति देता है। टिकट खरीदने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के बजाय, यात्री मोबाइल एप पर यूटीएस के माध्यम से पेपरलेस यात्रा टिकट, सीजन टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं।

पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank
मण्डल सस्त्र केन्द्र, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755–2550020

**संशोधन**

दिनांक 25.02.2025 को हरिभूमि, भोपाल में प्रकाशित सरफेसी एक्ट के अंतर्गत ई–नीलामी विक्रय सूचना प्रकाशित की गई थी जिसमें – ऋणी : **1. श्रीमती संगीता चतुर्वेदी, 2.श्री अनुपम चतुर्वेदी, 3.श्री अतुल चावड़ा** की संपत्ति की धरोहर राशि रू.19.46 लाख पढ़ी जावें।
अन्य विवरण एवं शर्ते यथावत् रहेगी।

दिनांक : 04.02.2025
स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक

**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**
**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in**

J.P./N.P.N./464/351

Bhilai/Dated : 04/03/2025

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest Money (in lacs) | Completion Period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 165445 | Construction Testing, Commissioning of all the Components of Bhilai Sewage Master Plan including Fifteen Years Operation & Maintenance of Entire System | 20780.13 lacs | 103.91 lacs | 27 month | 04/03/2025 | 17/03/2025 | Third Call | Form F |

NOTE :- 1. For other details visit Gov. e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.

Executive Engineer

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/172/25

दिनांक:- 03/03/2025

// निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय पुलिस आयुक्त / नवीन नगर नियंत्रण कक्ष भोपाल में आगंतुको की सुविधा हेतु एक प्रसाधन कक्ष का निर्माण कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय पुलिस आयुक्त / नवीन नगर नियंत्रण कक्ष भोपाल में आगंतुको की सुविधा हेतु एक प्रसाधन कक्ष का निर्माण कार्य | 1,000/- | 2,30,000/- | 7,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेदसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 03/03/2025 के 18.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 03/03/2025 के 18.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 10/03/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 11/03/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

G-23789/24 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर (म.प्र.)**

Email : sdoftsehore@mp.gov.in, Mob. No. 9424790851

क्रमांक/शिविर/919 :: विज्ञप्ति :: सीहोर, दिनांक 03/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1)15 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 के अन्तर्गत जप्त किया गया हैं, कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी/उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | वन अपराध प्रकरण क्रमांक / दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक / आरोपी का नाम / पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 42218/16 19.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डार | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नंबर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | डूण्डालाबा से दिवड़िया कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 2 | 24698/20 19.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स | MP-37-ZC -3106 | (आरोपी) बबलू आ. शांतीलाल नि. बोरदीकलॉ | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | बोरदीकलों बस स्टेण्ड के पास अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स MP-37-ZC-3106 द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 3 | 42245/05 20.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नंबर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | बाराखम्बा से नीलबड़ के रास्ते पर अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स बिना नम्बर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 4 | 42240/12 22.02.2025 | 1. मो.सा. बजाज डिस्कबर काला रंग<br>2. मो.सा. बजाज डिस्कबर काला रंग | बिना नम्बर,चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट<br>बिना नम्बर,चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | सोहनछापरी से रतनाखेड़ी मार्ग पर अवैध रूप से मोटर साइकिल बजाज डिस्कबर एवं मोटर साइकिल बजाज डिस्कबर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 5 | 42218/17 22.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो होण्डा सी.डी. डीलक्स | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नंबर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | बाराखम्बा से दिवड़िया मार्ग पर मोटर साइकिल हीरो होण्डा सी.डी. डीलक्स बिना नम्बर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |

(राजेश शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी
उपवनमंत्रलाधिकारी (सा.) सीहोर

G-23787/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें सरकारें

भारत को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ना आमजन की सेहत से खिलवाड़ होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। यह केंद्र सरकार के लिए आईना है। सरकारों का लोक कल्याण संवैधानिक दायित्व है, जिसमें सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करना शामिल है। स्वास्थ्य सेवा राज्यों की जिम्मेदारी रही है, लेकिन राज्य सरकारों ने इसे प्राथमिकता के स्तर पर नहीं लिया, जिसके चलते निजी क्षेत्र में चिकित्सा मुनाफे का व्यवसाय बन कर रह गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी परिदृश्य पर चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने कहा, 'यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है और मांग की गई थी कि इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से गाइडलाइन जारी करने को कहा है, जिससे निजी अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे निजी अस्पतालों को नियंत्रित करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्य केंद्र सरकार के मूल्य नियंत्रण आदेश पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई सारी अनियमितताएं हैं। जनसंख्या के अनुपात में अस्पतालों, दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों, जांच उपकरणों आदि की कमी हैं। लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवा के चलते निजी क्षेत्र को सेवा के नाम पर मनमानियों का अवसर मिलता है। दवाओं की कीमतें भी लागत व मुनाफे के अनुपात में अत्यधिक होती हैं। इसमें सरकार लचर साबित हुई है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को रेगुलेट करने के लिए केंद्र सरकार को सेबी, ट्राई, इरडा की तरह तत्काल एक नियामक बनाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाना चाहिए, बीमा के नाम पर अस्पतालों में फिजूल बिलिंग पर रोक लगनी चाहिए। बजट, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, चिकित्सा पेशेवरों की कमी, अनुसंधान, उपचार से जुड़े डेटा, चिकित्सा की क्वालिटी, स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, जवाबदेही की कमी आदि समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। भारत युवा के साथ बुजुर्ग आबादी वाला देश भी है, इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में किफायती स्वास्थ्य सेवा में ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करना चाहिए। सालाना सरकारी स्वास्थ्य वर्ल्ड क्लास का बनाया जाना चाहिए।



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

# मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर बाजार

निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है। निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बाजार के जानकार इसे एक 'डेंजर जोन' की तरह देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच निफ्टी करीब 12 प्रतिशत टूटा है लेकिन इस दौरान निवेशकों का बहुत बड़ा नुकसान हो चुका है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 474 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी 2025 तक घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिसका सीधा सा अर्थ है कि केवल पांच महीनों में ही निवेशकों की 90 लाख करोड़ की संपत्ति डूब चुकी है। शेयर बाजार में गिरावट का यह सिलसिला अभी थमने की भी उम्मीद नहीं जताई जा रही। ऐसे में शेयर बाजार में मचे इस हाहाकार के कारण क्या हैं, इसकी पड़ताल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

बाजार के कुछ जानकारों के मुताबिक, उच्च स्तरों पर मुनाफा वसूली के कारण भी बाजार में गिरावट आई है, जो एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, जहां निवेशक लाभ कमाने के लिए अपने निवेश को बेचते हैं, जिससे बाजार में अस्थायी गिरावट होती है। कई बार नकारात्मक खबरों और बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशक घबराहट में अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है और बाजार में तेजी से गिरावट आती है। हालांकि शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव, भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहें, एमएससीआई और घरेलू निवेशकों की ऊहापोह की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली, एफआईआई की चीन में रुचि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसले, घरेलू आर्थिक संकेतकों में कमजोरी, कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, तकनीकी सुधार और मुनाफा वसूली इत्यादि प्रमुख हैं। भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहों से बाजार में नकारात्मक धारणा बनी और बिकवाली का दबाव बढ़ा, वहीं वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण भी विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक अपना धन निकालकर चीन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है। चीन के बाजारों में मजबूत रिकवरी से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट बढ़ रही है। एफआईआई



फ्लो में आए बड़े बदलाव को इसी से समझा जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का निवेश दो वर्ष के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अक्टूबर 2024 के बाद से भारत का मार्केट कैप जहां करीब एक ट्रिलियन डॉलर कम हो गया है, वहीं चीन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न होते व्यवधान के चलते भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात और आयात में चुनौतियां बढ़ रही हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है और भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हुई है।

उच्च मुद्रास्फीति के कारण भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों में वृद्धि का दबाव बढ़ रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधारी की लागत बढ़ेगी, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संभावना के कारण भी निवेशकों में चिंता बढ़ी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसलों के अंतर्गत अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाने और चीन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणाओं के कारण भी वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। भारत पर भी अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं के चलते इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है, जिससे निवेशकों में भय का माहौल बना है। इस वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक संकेतकों में कमजोरी देखी जा रही है। महंगाई दर में वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इन आर्थिक चुनौतियों के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है, जिससे बाजार में गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार की गिरावट का असर लगभग सभी सेक्टरों पर पड़ा है। आईटी, ऑटो, मीडिया, टेलीकॉम सहित बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर में 20-25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनियों की पिछली तिमाही के परिणाम भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है और उसके कारण भी शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बाजार में लार्ज-कैप और मिड-कैप स्टॉक्स के ओवर वैल्यूएशन के कारण तथा बढ़ी हुई अस्थिरता के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

हालांकि, बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बाजार में मौजूदा गिरावट को एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां निवेशक कम कीमतों पर अच्छे शेयर खरीद सकते हैं। बहरहाल, शेयर बाजार में मचे हाहाकार के इस दौर में धैर्य रखना और दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाना सबसे उचित रणनीति हो सकती है। ऐसे माहौल में यह जिम्मेदारी सरकार और वित्तीय संस्थानों की ही है कि वे बाजार में स्थिरता लाने के लिए ठोस कदम उठाएं और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत फैसले लें। निवेशकों को भी धैर्य बनाए रखना होगा और बाजार के उतार-चढ़ाव को समझते हुए रणनीतिक रूप से निवेश करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



मोटापा
डॉ. मोनिका शर्मा

# शारीरिक स्थूलता से जूझती स्त्रियां


मोटापा, शारीरिक बनावट भर बिगाड़ने से कहीं बढ़कर अपने आप में व्याधि बन चुका है । स्वास्थ्य से जुड़ी अनगिनत समस्याओं को न्योता देने वाली ओबेसिटी के घेरे में भी महिलाएं अधिक हैं। असल में स्वास्थ्य सम्बन्धित कुछ अलग पहलुओं के कारण महिलाओं में मोटापे की संभावना पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक होती है। हार्मोन असंतुलन, गर्भावस्था, घरेलू व्यस्तता में उचित शारीरिक गतिविधियों का अभाव और मानसिक तनाव जैसे कारण आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे की जद में है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय महिलाओं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुषों का वजन अधिक है। कुछ समय पहले द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 1.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2022 में महिलाओं में शारीरिक स्थूलता की यह दर 9.8 फीसदी हो गई। वहीं, पुरुषों में मोटापे की दर 1990 में 0.5 प्रतिशत से 2022 में 5.4 फीसदी तक पहुंची है।चिंतनीय यह भी है कि नई पीढ़ी को भी मोटापा अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस अध्ययन के अनुसार 1990 में लड़कियों में 0.1 फीसदी रही मोटापे की दर 2022 तक बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई है। मौजूदा दौर के खानपान और रहन-सहन को देखते हुए तकलीफदेह यह है कि कम उम्र में बढ़ते वजन की समस्या भी एक तरह का कुपोषण ही है। बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते मोटापे को लेकर कहा था 'मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।' महिलाएं तो हमारी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी हैं।



व्याधियों की जड़ मानी जाने वाली स्थूलता से बिगड़ता आधी आबादी का स्वास्थ्य चिंता ही चिंतन का भी विषय है। विचारणीय है कि महिलाओं के शरीर और मनःस्थिति से जुड़े कई कारण मोटापा बढ़ा रहे हैं। ध्यातव्य है कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी परेशानी प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में हार्मोन असंतुलन से जुड़ा अहम विकार है। लगभग 15 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पीड़ित अधिकांश महिलाओं में मोटापे की समस्या भी होती है। इसी के चलते किशोरियां और युवतियां भी ओबेसिटी की मुसीबत से जूझ रही हैं। इतना ही नहीं, रजोनिवृत्ति के बाद भी उम्रदराज महिलाओं में शारीरिक स्थूलता तेज़ी से बढ़ती है। चिंतनीय है कि अपनों की सेहत संभालने वाली स्त्रियों में शारीरिक स्थूलता दूसरे रोगों का जोखिम भी बढ़ा रही हैं। मोटापे की शिकार महिलाओं में हृदय रोग, मधुमेह, स्तन कैंसर, हड्डियों से जुड़ी व्याधियां, उच्च रक्तचाप और गर्भधारण में परेशानी होने की संभावना स्वस्थ वजन वाली स्त्रियों की तुलना में अधिक होती है। दरअसल भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी स्त्रियों में मोटापे के आंकड़े बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में छपे अध्ययन के मुताबिक ब्रिटेन में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 28.3 फीसदी तक जा पहुंची है। वहीं अमेरिका में आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता की दर 1990 में 21.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 43.8 फीसदी हो गई। स्पष्ट है कि संसार के हर हिस्से में ही तकनीकी विस्तार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते साल-दर-साल मोटापे के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। असल में आयु और लिंग भेद से परे स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली से ही स्वस्थ वजन पाया जा सकता है। हर साल 4 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व मोटापा दिवस पर स्वस्थ-सधी जीवनचर्या अपनाने को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। मोटापे के जोखिमों को कम करने के लिए सजगता लाने की कवायद की जाती है। वर्ष 2025 में विश्व मोटापा दिवस की थीम 'चेंजिंग सिस्टम्स, हेल्दीयर लाइव्स' है। यानि समग्र व्यवस्था के बदलाव से ही स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। मोटापे को केवल व्यक्तिगत परेशानी मानने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक नीतियों, सामाजिक संरचनाओं और भोजनशैली की प्रणालियों में व्यापक बदलाव की दरकार है। बदलावों की इस बुनियाद पर ही स्वस्थ भविष्य पाया सकता है। खान-पान हो या सक्रिय दिनचर्या, सेहत सहेजने वाली आदतों से घर के हर सदस्य को जोड़ने स्त्रियां स्वयं भी अपने वजन को लेकर सजग हों।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## उत्सव में डूबे श्रद्धालु



मंडी। महाशिवरात्रि उत्सव के भाग के रूप में हिमाचल प्रदेश के मंडी में श्रद्धालु नाटी (लोक नृत्य) करते हुए।

## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*- राकेश गुप्ता, महासमुंद*

## ट्रेंड

### स्टॉकर को बधाई



महामहिम क्रिश्चियन स्टॉकर को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया संवर्धित भागीदारी आने वाले वर्षों में निरंतर प्रगति करने के लिए तैयार है। मैं आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूँ
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सौतेला रवैया



भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### सूचना का अधिकार कानून



एक तरफ़ भ्रामक और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,कांग्रेस अध्यक्ष**

### अनंत अस्तित्व की स्वीकृति



पश्चिमी मन आस्था के विचार को समझ नहीं पाता, यह आस्था को केवल धर्म के रूप में देखता है। हमारे लिए आस्था हमारे कोशिका-सत्ता के मूल से लेकर उस विशाल अनंत अस्तित्व की स्वीकृति की भावना तक फैली हुई है जिसे हम ब्रह्माण्ड कहते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


### दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा मंदिर होगा बीएपीएस




अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

### हर चार व्यक्ति में से एक खून की कमी से प्रभावित



एनीमिया या खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी एक अहम समस्या है जिससे दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग प्रभावित हैं। यह दुनिया भर में लोगों में पाई जाने वाली आम समस्याओं मसलन कमर के निचले हिस्से में दर्द, मधुमेह या बेचैनी और अवसाद आदि से भी आम है। इसके बावजूद पिछले कुछ दशकों में एनीमिया को कम करने की दिशा में किए गए वैश्विक निवेश भी इसे दूर करने में सफल नहीं हो पाए हैं। किसी व्यक्ति में एनीमिया तब होता है जब उसके रक्त में पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो जाती है। शरीर के अंगों में कम ऑक्सीजन पहुंचने से एनीमिया के कई आम लक्षण दिखाई देने लगते हैं जिनमें थकान होना, सांस ठीक से नहीं ले पाना, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के काम करने में मुश्किलें आना शामिल हैं। स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इन प्रभावों के अलावा एनीमिया के कारण बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर भी असर पड़ सकता है। खून की कमी की वजह से वयस्कों में स्ट्रोक आने, हृदय से जुड़े रोग, मनोभ्रंश और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से महिला में चिंता और अवसाद की समस्या हो सकती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# रिसेप्शन से फरार होने वाली दुल्हन के मामले का खुलासा, शादी में मिले सोने और चांदी के जेवरात चुराने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर रची थी साजिश

टीटी नगर थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, 6 लाख रुपए का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर इलाके से विगत 19 फरवरी को रिशेप्सन के दौरान फरार होने वाली एक दुल्हन के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवती सहित उसके प्रेमी और दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में खुलासा हुआ है कि युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने की प्लानिंग के तहत काम किया था।

विगत 19 फरवरी को आशीष रजक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 फरवरी को उसका विवाह रोशनी पिता रमेश सोलंकी निवासी विदिशा से हुआ था। इसके बाद 19 फरवरी को अंकुर स्कूल के पास टीटी नगर में रिसेप्शन था। इस दौरान रोशनी बिना बताए एक कार में बैठकर चली गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की तो आशीष रजक व उसके परिजनों के द्वारा बताया गया कि रोशनी सोलंकी के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शादी के लिए दिए गए सोने चांदी के जेवर को अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी कर ले जाने की घटना का पता चला है।



## आरोपियों ने पहले से तैयार की थी योजना

दुल्हन रोशनी सोलंकी ने अपने प्रेमी रितिक मालवीय के साथ करीब 5 साल से प्रेम संबंध में थे तथा दोनों एक दूसरे से शादी भी करना चाहते थे, लेकिन परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। तब दोनों ने मिलकर योजना तैयार की। रितिक मालवीय का बंडीजे का काम ठप हो चुका था एवं वर्तमान समय में वह लगभग बेरोजगारी की कगार पर था, तो शादी के लिए आवश्यक खर्चा एंव अपनी प्रेमिका रोशनी के लिए शादी के जेवर का इंतजाम करने में मजबूर था। इसलिए अपने दोस्त अरबाज खान के साथ मिलकर एक योजना तैयार कर दोनों ने रोशनी को भी अपनी योजना में शामिल किया। प्लान के मुताबिक उसने भोपाल निवासी आशीष से शादी कर ली। रिसेप्शन के दिन रोशनी ने अपने प्रेमी रितिक मालवीय एवं उसके दोस्त अरबाज को भोपाल बुलाया। इसके बाद तीनों भोपाल से फरार हो गए।

## समझौता करने आ रहे थे तो पुलिस ने पकड़ा

रोशनी और रितिक गंजबासौदा के बाहर रितिक के खेत में बने घर में रुके रहे। इस दौरान रितिक व अरबाज ने अपने-अपने मोबाइल बंद कर लिए थे, जिससे पुलिस ट्रेस न कर सके। शादी से मिले जेवर में से अरबाज को स्विफ्ट गाड़ी के किराए एवं मेहनताने के रूप में आशीष के घर से मिली चांदी की पायल दे दी थी। इसके बाद जब आरोपियों को भनक लगी कि उनके संबंध में पुलिस को सूचित किया जा चुका है। तो वे समझौता करने के लिए आशीष रजक के घर आना चाह रहे थे। थाना टीटी नगर पुलिस जो पूर्व से आरोपियों की फिराक में बैठी थी, को ठोस सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा अयोध्या बायपास के नजदीक से आरोपियों को मय सोने-चांदी के जेवर एवं कार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 55 सफाइकर्मी का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**भोपाल।** नगर निगम ने निगम कर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मंगलवार को अन्ना नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 55 सफाई कर्मी और वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच, स्क्रीनिंग की गई। शिविर में निगम कर्मियों की सुविधा को देखते हुए ई-केवाइसी, आभा आइडी व आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी दी गई। निगम द्वारा बुधवार पांच मार्च को भी अन्ना नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का दोबारा आयोजन किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक सफाई कर्मी और वाहन चालक अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा सकें।

### 25 लाख के ठगी के आरोपी की जमानत खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** कमीशन पर साइबर विदेशों में बैठे हुए साईबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी सक्षम मिश्रा के जमानत आवेदन को मंगलवार को सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने निरस्त कर दिया। प्रकरण में शासन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी।

### कंप्यूटर संचालक की जमानत खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** केनरा बैंक कोहेफिजा शाखा में 1 लाख 20 हजार रुपए जमा कर बैंक की जमा पर्ची पर 2 करोड़ 21 लाख 20 हज़ार रुपए लिखकर धोखाधड़ी करने के आरोपी बूट कॉम कंप्यूटर्स एमपी नगर के संचालक प्रकाश चंद गुप्ता की जमानत याचिका को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने के बाद मामला गंभीर प्रकृति का होने से निरस्त कर दिया। आरोपी के वकील ने आरोपी को मामले में झूठा फंसाया जाने और निर्दोष बताते हुए उसे जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की थी। अपर लोक अभियोजक माधुरी पाराशर ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार किए थे और बैंक अधिकारियों को गुमराह किया कि उसने संपूर्ण ऋण की राशि का भुगतान कर दिया है। आरोपी प्रकाश चंद्र गुप्ता ने कैनरा बैंक कोहेफिजा ब्रांच से 2 करोड़ 60 लाख के तीन अलग-अलग लोन लिए थे। आरोपी के खाते अप्रैल 2023 से अनियमित थे। बैंक ने उसे नोटिस भेजकर किस्त जमा करने के निर्देश दिए थे।

## चलती बाइक पर डांस कर अभद्र इशारे करने वाली युवती की तलाश

# वीआईपी रोड पर चलती बाइक पर स्टंटबाजी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस भी कैंसिल करने पुलिस ने आरटीओ को पत्र लिखा**

◆ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की, वाहन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





वीआईपी रोड पर चलती बाइक पर खतरनाक स्टंट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भी भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पहले आरोपियों की पहचान की और इसके बाद दबिश देकर उनको पकड़ लिया। उनका वाहन भी जब्त कर लिया गया है। उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी कैसिंल करने के लिए पुलिस ने आरटीओ को पत्र लिखा है। इसके अलावा उनके साथ उस युवती की तलाश भी कि जा रही है, जो लोगों को चलती बाइक में डांस करते हुए अभद्र इशारे कर रही थी।

### 28 फरवरी को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

28 फरवरी को भोपाल के वीआईपी रोड पर एक बाइक पर दो युवकों के बीच खड़ी एक युवती का डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया के जरिए सामने आया था। तेज रफ्तार बाइक पर युवती राह चलते लोगों को फ्लाइंग किस दे रही थी। उसके साथ आगे और पीछे बेठे युवकों ने लोगों से अभद्रता भी की। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस उपायुक्त जोन थी रियाज इकबाल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### कोहेफिजा थाना और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

कोहेफिजा पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चालक रितिक यदुवंशी (24) वर्ष पिता-अजब सिंह, निवासी पदमनाम नगर ऐशबाग और सुमित कुमार (25) पिता- नैनीराम, निवासी पदमनाम नगर, ओल्ड सुभाष नगर, ऐशबाग को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस आरोपियों के साथ जो युवती थी उसकी तलाश कर रही है।

### युवती की पहचान करने में पुलिस जुटी

पुलिस का कहना है कि स्टंट में शामिल युवती की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मनीष ललवानी नामक व्यक्ति ने थाना कोहेफिजा में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में कोहेफिजा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

टीटी नगर पुलिस ने बताया मोडिफाइड रेसिंग कार है

## अटल पथ पर कार से स्टंट करने वाला गिरफ्तार, कार भी जब्त



**भोपाल।** राजधानी में टीटी नगर पुलिस ने न केवल वाहन चालक को स्टंट करते धरदबोचा, बल्कि कार भी जब्त कर ली। इस मामले में चालक के अलावा उसके मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। जिस कार को जब्त किया गया है, वह मोडिफाइडर रेसिंग कार है। इस कार का वगैर अनुमति न केवल उसका मूल स्वरूप बदल दिया, बल्कि उसका रंग भी बदल डाला था। इस कार से कई दिनों से अटल पथ पर स्टंट की शिकायतें पुलिस को मिल रहीं थीं, जिसके चलते सोमवार देर रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने जवाहर चौक से प्लेटिनम प्लाजा की ओर तेज रफ्तार आ रही एमपी 09सीए 4743 पीली रंग की कार को रोका। पुलिस ने जब चालक करबला रोड साजिदा नगर कोहेफिजा निवासी (27) मोहसिन खान पिता मुन्ने खां से लाइसेंस मांगा तो वह भी उसके पास नहीं मिला। कार में मोडिफाइड साइलेंसर भी लगा हुआ था। इसकी वजह से उससे बेहद तेज आवाज आ रही थी। कार की खिड़कियों पर काली फिल्म भी लगी हुई पाई गई और नंबर प्लेट भी नियमों के अनुसार नहीं थी। कार करबला रोड साजिदा नगर कोहेफिजा निवासी अनस पिता नफीस आलम के नाम पर पाई गई है।

### कार सवार महिला ने पुलिस को दी धौंस

पुलिस ने जो कार जब्त की उसमें एक महिला भी सवार थी, जो पुलिस कार्रवाई का विरोध कर रही थी। इसके बाद मौके पर महिला पुलिस को बुलाया गया। महिला पुलिस ने विरोध कर रही कार सवार महिला को समझाइश दी और हिदायत दी कि पुलिस कार्रवाई में किसी प्रकार का व्यवधान न डाले, तब जाकर महिला शांत हुई।





# राजाभोज एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**'ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन' का होगा शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अपने 56वें स्थापना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में पहली बार 'ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन' का शुभारंभ करने के लिए तैयार है। यह जानकारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक सुधीर कुमार ने दी। वे मंगलवार को मुंबई में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा आयोजित कार्यक्रम से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस उपलक्ष्य में भी भोपाल एयरपोर्ट पर भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम भोपाल की सीआईएसएफ की इकाइयों में भी 10 से 16 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है।

सीआईएसएफ के अरविंद राय ने बताया कि इस आयोजन में सभी बल सदस्यों का हेल्थ चेक अप, परेड क्रिकेट एंड वॉलीबॉल मैच एवं सीआईएसएफ की डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेरक थीम 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' के तहत, इस पहल का उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें ड्रग्स, हथियार और विस्फोटकों सहित तस्करी से उत्पन्न होने वाले खतरों पर प्रकाश डाला गया है।

### 14 महिलाओं सहित कुल 125 सीआईएसएफ करेंगे 6,553 किलोमीटर साइकिल यात्रा

14 महिलाओं सहित कुल 125 सीआईएसएफ साइकिल चालक 25 दिनों में 11 राज्यों को कवर करते हुए 6,553 किलोमीटर की कठिन यात्रा पर निकलेंगे। अभियान 7 मार्च को दो शुरुआती बिंदुओं से शुरू होगा। पश्चिमी तट पर गुजरात के लखपत और पूर्वी तट पर पश्चिम बंगाल के बक्खाली। साइकिल चालक 31 मार्च को कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद स्मारक पर समापन से पहले मुंबई, गोवा, मेंगलुरू, कोच्चि, हल्दिया, कोणार्क, विजाग, चेन्नई और पांडिचेरी सहित प्रमुख तटीय शहरों को पार करेंगे। साइक्लोथॉन को तमिलनाडु के रानीपेट जिले के थक्कोलम स्थित सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से वर्चुअली गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।



## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

**औबेदुल्लागंज।** कृषि फार्म हाट बाजार में महिला रामायण मंडल द्वारा स्थापना दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास बाल विदुषी रितिका नागर ने प्रभु नाम की महिमा का वर्णन किया।

इससे पूर्व सुबह 11 बजे कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर श्री राम मंदिर एवं नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस राम कथा में नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, भोजपुर महिला शक्ति की आरती यादव, मानस मंडल के संतोष गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, सुरेश काका, संदीप माहेश्वरी, गोपाल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## आरजीपीवी घोटाला के आरोपी चौरसिया की जमानत खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** आरजीपीवी घोटाला मामले के आरोपी दलित संघ समिति के कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया की जमानत याचिका को विशेष न्यायाधीश आरपी मिश्र ने गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से निरस्त कर दिया। आरोपी के वकील ने उसे निर्दोष बताते हुए जमानत दिए जाने की मांग की थी।

जिला लोक अभियोजक पीएनएस राजपूत ने अपनी बहस में आरोपी के अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का बताते हुए कहा कि अभियुक्त खातों में लाखों रुपए जमा करवाए थे। पुलिस ने महत्वपूर्ण दस्तावेजी साक्ष्य संकलित किये गये हैं जो कि प्रश्नगत अपराध में अभियुक्त की संलिप्तता को प्रकट करते हैं। इसलिए उसकी जमानत याचिका को निरस्त किया जाए। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अभियुक्त अशोक चौरसिया की नियमित जमानत याचिका को मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से निरस्त कर दिया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी की ओर से पेश की गई अग्रिम जमानत याचिका जिला अदालत और मप्र हाईकोर्ट जबलपुर से निरस्त होने के बाद उसने सत्र अदालत में 25 सितंबर 2024 को समर्पण कर दिया था।

# रिश्तेदारों के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें दे रही दबिश, हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर इलाके में सोमवार देर रात एक युवक की उसके घर के समीप ही पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने एक रिश्तेदार युवक के साथ उसकी हत्या कर दी थी। वारदात की वजह मृतक का एक लड़की से प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उधर, मृतक के घर के आसपास सतर्कता के तौर पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक बीडीए कॉलोनी गोंदरमऊ निवासी 25 वर्षीय अदनान पुत्र अब्दुल जलाल रात में अपनी मौसी के लड़के महबूब के साथ मोहल्ले की ही मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। सोमवार रात नमाज के बाद जैसे ही अदनान मस्जिद से बाहर निकलकर कुछ दूर पहुंचा तभी उसके पड़ोस में रहने वाले राज सोलंकी, लक्की और उसके मौसी के लड़के शुभम मिल गए। तीनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान शोर सुनकर मृतक के परिजन भी मौके की तरफ भागे। उन्हें आते देख शुभम ने चाकू निकाला और अदनान के पेट में घोंप कर मौके से फरार हो गए। परिजन गंभीर घायल अदनान को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अदनान मैकेनिक का काम करता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### एक युवती को लेकर था विवाद

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि मृतक और आरोपियों को लेकर किसी युवती को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपियों को ऐसी शंका थी कि उनके परिवार की युवती से मृतक का प्रेम प्रसंग है। इसी विवाद की वजह से हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नबंर का था। उसकी एक बहन भी है, जिसकी शादी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पकड़ में आने के बाद हत्या की वजह स्पष्ट हो सकेगी।



अदनान, मृतक

### शातिर चोर गिरफ्तार, ढाई लाख का माल बरामद

**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से ढाई लाख रुपए कीमत का माल बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से करीब चार दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को अभी उसके भाई मुसताक की तलाश है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर राजगढ़ कॉलोनी थाना गौतम नगर निवासी 45 वर्षीय असलम खान पिता मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात करीब 2.50 लाख रुपये का सामना भी बरामद किया है। आरोपी ने यह सामान थाना क्षेत्र की सन सिटी लेक सिटी कालोनी के पास रहने वाले 28 वर्षीय हेमन्त कुमार राजपूत पिता गणेश प्रसाद राजपूत के सूने आवास का ताला तोड़कर बीते माह ही चुराया था।

**समाज के वरिष्ठों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया**

# शिव मंदिर में बहाबलपुरी समाज के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज







हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहावलपुरी समाज ने भंडारे का आयोजन किया। वार्ड 14 स्थित समाज के शिव मंदिर में महिलाओं ने भगवान शंकर का अभिषेक पूजा कर भंडारा कराया जिसमें नगर के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा और समाज के वरिष्ठ अशोक सेठी, द्वारका प्रसाद अरोरा, वीरभान कामरा, अर्जुन अरोरा, पार्षद भारती सेठी, ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया और बहावलपुरी समाज के समाज के वरिष्ठ लोगों का भी सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू, त्रिलोचन सिंह बिट्टू विशेष रूप से उपस्थित रहे। नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, अशोक मित्तल, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, कांग्रेस नेता परेश नागर, पंकज नागरानी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने आरती की एवं बहावलपुरी समाज के कार्यक्रम की प्रशंसा की। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, राजू पटेल, कैलाश डब्बू नागर, विजय जैन, विक्रम धाड़ी आदि व्यापारियों ने पूजा पाठ में सहयोग किया। भाजपा के डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, पंकज कोठारी ने पूजा कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

पार्षद हेमलता चौरसिया, भारती सेठी, राजेंद्र गुड्डु साहू, मनोज चौरसिया, सुजीत यादव आदि पार्षद मौजूद रहे। मंच का संचालन नरेश सेठी ने किया। सचिव गिरीश चावला, सुधीर कमल, पिंकू भोले, रवि कमल, अर्जुन कमल खत्री, ओम प्रकाश बिट्टू कामरा, रमेश सेठी, शंकर सेठी, मिंटू अरोरा, हरीश धमीजा, नीटू अरोरा, मनोज खत्री, देशराज धमीजा, दीपेश अरोरा सहित समाज अन्य लोग शामिल रहे। भंडारे में बहावलपुरी समाज की पार्षद भारती नरेश सेठी का स्वागत किया। नगर के भाजपा नेता रविंद्र विजयवर्गीय, जितेंद्र दुबे, राकेश तिवारी, रामकिशोर नंदवंशी, बागिश अग्रवाल, पवनजोत सिंह, लखविंदर सिंह आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोड़ा, सचिव गिरीश चावला ने आभार व्यक्त किया।

# जिनालयों में भगवान मल्लिनाथ का मोक्ष कल्याण मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भगवान मल्लिनाथ का मोक्ष कल्याण मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान निर्वाण लड्डू चढ़ाए और शांति धारा अभिषेक कर आरती की। मैन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर एवं पार्श्वनाथ जैन मंदिर तामोट में आयोजन हुआ। रितेश जैन, नीति अनुराग जैन, अनिता शिमला, पंडित लक्ष्मी चंद, मुकेश जैन, तरुण इंदिरा जैन, समता सुनील, वर्धमान गुड्डन, दिनेश जैन, विनीत जैन, नरेश दादा, मंजू जैन, आकाश मयूरी, शिरोमणि प्रदीप भंडारी, विनय जैन, संतोष जैन, एलसी पुष्पा जैन, तामोट के अरुण जैन, अजीत जैन, अरविंद जैन, मनोज राजेंद्र जैन आदि ने भगवान मल्लिनाथ की पूजा की।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5016 | | |
| दिन: | 460 | 01 | 669 |
| रात: | 277 | 60 | 136 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 245 | 16 | 367 |
| रात: | 135 | 97 | 115 |

नूतन कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'नूतन भव्या' का दूसरा दिन

# मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को दर्शाती 'शक्ति रूपा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार कॉलेज स्तर पर आयोजित बैले डांस फॉर्म शक्ति स्वरूपा, जिसमें मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों को छात्राओं ने कभी मां दुर्गा बन तो कभी काली बनकर बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया। मां दुर्गा के विराट रूप को दर्शाती 'शक्तिरूपा' प्रस्तुति का आयोजन किया गया नूतन कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'नूतन भव्या' के दूसरे दिन। इस नृत्य नाटिका में करीब 30 छात्राओं ने भाग लिया, इसके लिए विशेष रूप से रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप के दयानिधे मोहंते व कथक नृत्यांगना इशिता लाल ने छात्राओं को बैले डांस मूव्स के साथ क्लासिकल और कंटेम्परेरी मूव्स भी सिखाए। मंगलवार को नूतन भव्या में स्टैंड-अप कामेडी, तात्कालिक भाषण, ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।







### ये रहे विजेता

- स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता
- प्रथम अंजली गुर्जर, द्वितीय आकांक्षा दुबे
- तात्कालिक भाषण
- प्रथम संजना लोधी, द्वितीय अद्रिका पंथ

### स्टैंड-अप कामेडी ने खूब गुदगुदाया

शक्तिरूपा से हुई इसके बाद स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक जोक्स सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया वहीं अगली कड़ी में रोचक और ज्ञानवर्धक विषयों पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। वहीं ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में छात्राओं ने महाविद्यालय एवं महाविद्यालय की प्राध्यापकों की विभिन्न उपलब्धियों से परिचित कराया। इसमें लॉजीकल थिंकिंग से टेस्ट को पास करते हुए कला संकाय की छात्राओं को प्रथम स्थान, विज्ञान संकाय की छात्राओं का द्वितीय स्थान हासिल किया।






रवीन्द्र भवन सभागार में इंडिमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन

कला, साहित्य, रंगमंच और सिनेमा से जुड़ी गतिविधियां रही खास

# चक्रव्यूह भेद न सका अभिमन्यु

नितीश भारद्वाज ने निभाया श्री कृष्ण का किरदार, प्रत्येक डायलॉग पर बजीं जमकर तालियां



**भोपाल।** कला, साहित्य, रंगमंच और सिनेमा पर केंद्रित इंडिमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ मंगलवार को रविंद्र भवन में हुआ। वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. आलोक चटर्जी को समर्पित फेस्टिवल के पहले दिन नितीश भारद्वाज के कृष्ण रूप में नाटक चक्रव्यूह का मंचन हुआ। नाटक में लेखन एवं निर्देशन अतुल सत्य कौशिक ने किया।

### महाभारत कैसे दैनिक जीवन में प्रतिध्वनित होती है

नितीश भारद्वाज ने बताया कि महाभारत कैसे दैनिक जीवन में प्रतिध्वनित होती है, इसके नैतिक संघर्षों और आधुनिक सामाजिक चुनौतियों के बीच समानताएं है। उन्होंने कहा कि कैसे प्राचीन कथाएं समकालीन समय में मार्गदर्शन प्रदान कर सकती हैं।



### चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु की कहानी

*नाटक चक्रव्यूह में दर्शाया के किस प्रकार से कौरवों ने षडयंत्र पूर्वक अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसा लिया, लेकिन मां के गर्भ में चक्रव्यूह को का भेद जानने वाला अभिमन्यु अंत में चक्रव्यूह भेद न सका और उसका वध कर दिया जाता है इस नाटक में नीतीश ने श्री कृष्ण का किरदार बखूबी निभाया जिनमें प्रत्येक डायलॉग पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई।*



### मायथोलॉजीः रूट्स ऑफ परफॉर्मेंस विषय पर चर्चा

इससे पहले क्लब लिटराटी द्वारा कर्टेन कॉल में फिल्म, सिनेमा, रंगमंच, अभिनय आदि पर विस्तृत चर्चा के सत्र में मायथोलॉजीः रूट्स ऑफ परफॉर्मेंस विषय पर चर्चा हुई। इस चर्चा में अतुल सत्यकौशिक, नीतिश भारद्वाज, अनुराधा शंकर सिंह और सीमा रायजादा शामिल रहीं।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के महाकाव्य रामायण-महाभारत

अनुराधा शंकर सिंह ने तर्क दिया कि रामायण और महाभारत को पौराणिक कथाओं के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के महाकाव्य के रूप में देखा जाना चाहिए।



नितीश भारद्वाज से हरिभूमि की खास बातचीत

# दुर्योधन या शकुनी तो कहीं भी आ सकते हैं आपको तय करना है कृष्ण बनना है या राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नितीश भारद्वाज ने कहा कि मैं पहले कहता था कि घर की दहलीज के भीतर राम की तरह रहना चाहिए जबकि दहलीज के बाहर कृष्ण की तरह और मेरे ही जीवन में ऐसे परिवर्तन आए कि मैंने अपनी इस छवि को परिवर्तित किया क्योंकि मेरा मानना है कि दुर्योधन या शकुनी तो कहीं भी आ सकते हैं तो यह आप पर निर्भर है कि किस प्रसंग में आपको राम या कृष्ण का रोल निभाना है। यह कहना है महाभारत के श्री कृष्ण उर्फ नितीश भारद्वाज का, जो रवीन्द्र भवन में आयोजित इंडीमून्स फेस्टिवल में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।




### जी टीवी में राम बना था,तब स्मृति ईरानी सीता थीं

नितीश ने कहा कि भले ही लोग मुझे कृष्ण के रूप में जानते हो लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं इसी रोल में बंध चुका हूं क्योंकि इसके अलावा भी मैंने कई किरदार और निभाए हैं और कृष्ण तो मैं सिर्फ एक बार बना हूं लेकिन राम का रोल मैंने दो बार निभाया है। एक बार विष्णु पुराण के एक हिस्से में और एक बार जी टीवी में मैं राम बना था जिसमें स्मृति ईरानी सीता बनी थीं।

**25 वर्षों में आए भोपाल में आमूलचूल परिवर्तन**

उन्होंने कहा पिछले 25 वर्षों में यदि देखा जाए तो भोपाल में आमूलचूल परिवर्तन आया है, इसे मैं यूं कह सकता हूं कि मुंबई की तरह भोपाल में फिल्म शूटिंग का स्कोप है तो यहां फिल्म सिटी होनी चाहिए। साथ ही थिएटर का भी उम्दा स्कोप है तो दिल्ली की तरह थिएटर के क्षेत्र में भी भोपाल आगे है।

### हमेशा ही रहा सिनेमा का स्वर्णिम युग

सिनेमा का स्वर्णिम युग हमेशा ही रहा है क्योंकि शुरु से ही सिनेमा में काफी परिवर्तन आए हैं, पहले जहां सिर्फ सिनेमा ही सिनेमा था अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई फिल्में और वेब सीरीज का ट्रेंड बढ़ चुका है लेकिन सिनेमा तो सदाबहार रहेगा।

ईशा सिंह से हरिभूमि की खास बातचीत

# खुद को लकी मानती हूं कि इतनी सी उम्र में कई सीरियल वेबसीरिज और मूवी कीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं ईश्वर को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उसने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है और आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इंडस्ट्री में मुझे 10 साल हो गए हैं और इस छोटी उम्र में इतने सारे सीरियल, मूवी एंड वेब सीरीज करना किसी के लिए भी खुशी की बात हो सकती है। यह कहना है कलर्स टीवी के सोप ड्रामा इश्क का रंग सफेद और भारतीय रियलिटी शो बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट ईशा सिंह का। जो मंगलवार को भोपाल में ही थी और जिन्होंने हरिभूमि से बातचीत की।

### भोपाल में थिएटर के दौरान आलोक सर का मिला सानिध्य

ईशा ने कहा कि मैं भोपाल से बेहद प्यार करती हूं, मेरी जन्म भूमि है और मेरी शुरुआत यहां से हुई, जब मैं यहां थिएटर कर रही थी तब आलोक सर ने मुझे काफी मोटिवेट किया, आगे बढ़ाया तब जाकर मैंने मुंबई में मूव ऑन किया।

### बिग बॉस में दिखाते हैं रियल चीजें

मैंने सिर्फ दो वेब सीरीज की है जिसमें किसी भी प्रकार की अश्लीलता नहीं थी और जो आजकल वेब सीरीज में दिखाया जाता है उसके बारे में मैं क्या ही बोलूं। वहीं बिग बॉस 18 की फाइनलिस्ट ईशा कहती हैं कि बिग बॉस में रियल चीजें ही दिखाते हैं, यह किसी भी प्रकार से स्क्रिप्टेड नहीं होता। मेरे साथ जितने भी कंटेस्टेंट थे वह लड़ते थे या प्यार करते थे वह सब रियल थे।

संस्कार भारती में 'रश्मिरथी' की नाट्य प्रस्तुति

# सच है मेरी है आस उसे, मुझ पर अटूट विश्वास उसे, हां सच है मेरे ही बल पर...


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सच है मेरी है आस उसे, मुझ पर अटूट विश्वास उसे, हां सच है मेरे ही बल पर, ठाना है उसने महासमर, पर मैं कैसा पापी होंऊंगा, दुर्योधन को धोखा दूंगा.... कर्ण के इन सवालों ने दर्शकों के सामने एक शून्य की स्थिति पैदा की। रामधारी सिंह दिनकर रचित 'रश्मिरथी' पर नाट्य प्रस्तुति का आयोजन आहान नाट्य समारोह द्वारा संस्कार भारती सभागार में किया गया। रश्मिरथी का उद्देश्य कर्ण की कीर्ति दर्शाना है।

इसमें दिनकर को पूरी सफलता भी मिली है। नाटक के कई संवाद ज्वलंत सवाल खड़े करते हैं, जिनमें ऊंच नीच का भेद न माने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है, दया-धर्म जिसमें हो, सबसे वही पूज्य प्राणी है जैसे कई सवालों ने दर्शकों के सामने एक प्रश्नचिन्ह लगाया। 'रश्मिरथी' की यह प्रस्तुति मंगलवार शाम संस्कार भारती सभागार में दी गई, जिसमें परिकल्पना व निर्देशन तानाजी का रहा।

'रश्मिरथी' की यह प्रस्तुति मंगलवार शाम संस्कार भारती सभागार में दी गई

### नाटक की कहानी



नाटक में दिखाया कि अज्ञातवास पूरा कर पांडव घर वापस लौटते हैं। दुर्योधन को संदेश भिजवाते हैं कि हम अपना अज्ञातवास पूरा कर आए हैं और हमें कुछ नहीं तो कम से कम 5 गांवों को दे दो, जिसकी हम अपना जीवन यापन कर सकें, ये बात कहने के लिए पांडव श्री कृष्ण को अपना दूत बनाकर यह भिजवाते हैं। श्रीकृष्ण सभा में पहुंचते हैं पांडवों का संदेश देते हैं, वे कहते हैं, दो न्याय अगर तो आधा दो अगर इसमें भी कोई बाधा हो। इस वार्तालाप के बाद युद्ध की स्थिति पैदा होती है। इसके साथ महाभारत की युद्ध हुआ और इसके कर्ण की भूमिका निखरकर सामने आई।

25 महिला राइडर्स हैरिटेज ट्रेल का करेंगी प्रचार

# प्रदेश में महिला बाइकिंग टूर क्वींस ऑन द व्हील-2.0 की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में साहसिक पर्यटन के विकास, प्रदेश के पर्यटन स्थलों, वन्य प्राणियों, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, कला-संस्कृति, धरोहर के विषय में राष्ट्रव्यापी प्रचार-प्रसार तथा प्रदेश को महिलाओं हेतु सुरक्षित प्रदेश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से मप्र पर्यटन विभाग द्वारा महिला बाइकिंग इवेंट महिला बाइकिंग टूर क्वींस ऑन द व्हील-2.0 (द्वितीय संस्करण) का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सचिव पर्यटन विभाग और प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम डॉ इलैया राजा टी ने किया।

### 10 मार्च को केरवा रिसोर्ट में होगा समापन

इस बाइकिंग टूर में देश एवं प्रदेश की 25+ महिला बाइकर्स द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिसका प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थल सांची, चंदेरी, ग्वालियर, मितावली, पढ़ावली, दतिया, ओरछा, खजुराहो भोजपुर, भीम बैठका से होते हुए 1400 किलोमीटर का सफर तय कर 10 मार्च को केरवा रिसोर्ट भोपाल में समापन किया जाएगा।

## डॉ. नीना के लघु कविता काव्य संग्रह 'एक टुकड़ा धूप' को साहित्य श्री सम्मान



**भोपाल।** हिन्दी लेखिका संघ भोपाल का 30वां वार्षिक कृति एवं पुरस्कार सम्मान समारोह हिन्दी भवन में भव्यता से संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मंत्री निर्मला भूरिया ने की। मुख्य अतिथि संतोष चौबे कुलाधिपति, रवीन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. आरती दुबे ने की। आयोजन में डॉ. नीना छिब्बर के लघु कविता काव्य कृति एक टुकड़ा धूप को साहित्यश्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस संग्रह में 116 लघु कविताएं हैं। इस सम्मान में शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह और नकद राशि भी दी गई।

## भारत भवन में पहली बार 11 महिला कलाकार देंगी वायलिन वादन की सामूहिक प्रस्तुति

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बहुकला केन्द्र भारत भवन में स्त्री रचनाशीलता पर केंद्रित आद्या समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 6 मार्च से शुरू होने वाले चार दिवसीय इस समारोह में नृत्य, गायन, कला, शिल्प और रचनाशीलता पर केंद्रित सभाएं होंगी। 6 मार्च को शाम 6.30 बजे-रंगलिपि में जनजातीय महिला कलाकारों की प्रदर्शनी का शुभारंभ, 7 मार्च को शाम 7 बजे-मीता पंडित का गायन रात 8 बजे - सुमन कोठारी और प्रियंका शर्मा की भरतनाट्यम जुगलबंदी, 8 मार्च को शाम 7 बजे - मधुमिता नकवी का होरी गायन, रात 8 बजे-वायलिन एकादश की प्रस्तुति, इसमें ग्यारह महिला कलाकारों द्वारा वायलिन की समूह प्रस्तुति, 9 मार्च को शाम 7 बजे - रचना पाठ, रजनी गुप्त (कहानी), सुषमा मुनीन्द्र (कहानी), अन्ना माधुरी तिर्की (कविता), रक्षा दुबे चौबे (कविता), जोशना बैनर्जी आडवानी (कविता), सांत्वना (कविता) का पाठ होगा।

स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर सप्रे संग्रहालय में शैक्षणिक संवाद

# यूट्यूब पर पैसा कमाना कठिन, अच्छे कंटेंट के साथ बने रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूट्यूब पर सफलता और कमाई के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। जो भी युवा कंटेंट क्रिएटर बनने का सपना देख रहे हैं, उन्हें धैर्य रखना होगा और लगातार अच्छे कंटेंट पर फोकस करना होगा।

यह कहना है वरिष्ठ बिज़नेस पत्रकार, यूट्यूबर और 'बी वेल्दी' की फाउंडर स्वाति कुमारी का। स्वाति मीडिया गुरु स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर मंगलवार को सप्रे संग्रहालय में आयोजित शैक्षणिक संवाद में बतौर वक्ता शामिल हुईं। यह कार्यक्रम स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह के शिष्यों द्वारा आयोजित किया गया था।




### न्यूज़रूम में अन्य भूमिकाओं को निभाना उतना ही कठिन

*स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट प्रोग्रामिंग हेड देवेंद्र साहू ने कहा, रिपोर्टर या एंकर बनना जितना मुश्किल है, उतना ही कठिन किसी न्यूज़रूम में अन्य भूमिकाओं को निभाना भी है। अगर खुद को मजबूत करना है तो सेल्फ स्टडी बेहद जरूरी है।*

### पुष्पेंद्र क्लासरूम टीचर नहीं, मैदानी शिक्षक थे

कार्यक्रम में सप्रे संग्रहालय के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने कहा, पुष्पेंद्र पाल सिंह का शिक्षण का तरीका पारंपरिक क्लासरूम से अलग था। वह विद्यार्थियों को सिर्फ पढ़ाते नहीं थे, बल्कि उन्हें मीडिया के मैदान में उतारकर सिखाते थे।



# शिकायतों पर तुरंत होगी कार्रवाई, 31 मार्च तक रिपोर्ट पेश करें

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अधिकारियों को निर्देश

### राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक की जाए, मुद्दों को हल भी करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पूरी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में यह निर्देश दिया है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दावार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरी लगन से पूरा करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

*आयोग ने कहा- मतदाताओं के प्रति विनम्र व्यवहार करें*

*राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी भी बनें*

*अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें*

चुनाव आयोग ने राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है

**केंद्रीय और राज्य अधिकारी अपनी भूमिका का सही निर्वहन करें**




मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी दलों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा।

### टीएमसी के आरोपों को नकारा

टीएमसी ने आरोप लगाया है कि कई राज्यों के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र एक ही नंबर के हैं। आयोग ने कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र के नंबर एक समान हो सकते हैं। मगर जनसांख्यिकी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र अलग-अलग होंगे। रविवार को चुनाव आयोग ने कहा था कि इस समस्या को ठीक करेगा। वह अपने तकनीकी प्लेटफॉर्म को भी अपडेट करेगा। आयोग ने कहा कि डुप्लीकेट नंबर का मतलब यह जरूरी नहीं है कि मतदाता नकली हों।

### टीएमसी ने आयोग का स्पष्टीकरण किया खारिज

टीएमसी ने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि दो वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक नहीं हो सकते हैं। पार्टी का आरोप है कि मतदाता पहचान पत्र जारी करने में घोटाला हुआ है। टीएमसी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को दी जाने वाली आयोग की पुस्तिका के कुछ अंशों को साझा किया और कहा कि पुस्तिका के मुताबिक वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक समान नहीं हो सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बतौर मतदाता पंजीकृत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करना चाहिए। उनके इसका प्रशिक्षण भी दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### पिता ने गुटखा को नहीं दिए 10 रु. तो सिर काटा




**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने 70 साल के पिता की सिर्फ 10 रुपए नहीं देने पर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने अपने पिता बैधार सिंह की तेज हथियार से हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर लेकर सीधे पुलिस स्टेशन पहुंच गया।

### खाटूश्यामजी मेले की दुकान में लगी आग



**सीकर।** खाटू मेला 2025 के दौरान मंगलवार को खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में एक दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से अन्य दुकानों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया।

### दिल्ली में बांस पौधरोपण एलजी ने की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बांस पौधरोपण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कदम पिछले दो सालों में किए गए कठिन प्रयासों का परिणाम है, जिसमें जमीन को खाली किया गया। 2000 बांस के पौधे लगाए गए। डेढ़ महीने में लगभग 54,000 पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य है।

### भाजपा नेता अवधेश ने पंखे से लटककर दी जान



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित, बोले

# उद्यम क्षेत्रों की संख्या बढ़कर हो गई 6 करोड़ के पार, रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे 'अपार'

### लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। रोजगार में अपार संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया। इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।



### कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित होगा

उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा। बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था।

### 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ

उन्होंने कहा कि आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात हुआ है।

**'आत्मनिर्भर' से सुधार**

### भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन

*उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा की जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है।*

### भारत की मैन्युफैक्चरिंग में रिसर्च और डेवलपमेंट को और गति देनी होगी

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।



## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# महिला की याचिका खारिज की, कानूनी प्रक्रिया का 'गलत इस्तेमाल' बताया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक रिटायर्ड सेना अधिकारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ रेप का केस निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि इसी तरह का आरोप लगाते हुए 8 दूसरे लोगों पर भी लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा रखी है। कोर्ट ने महिला को नोटिस भेज कर अपना पक्ष रखने का मौका दिया था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कई किताबें लिख चुके सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन राकेश वालिया पर 39 साल की महिला ने 2021 में दिल्ली के महरौली थाने में बलात्कार की शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसे नशीली चीज खिला कर उसके साथ रेप किया गया। याचिकाकर्ता ने इसे पैसे की उगाही का हथकंडा बताते हुए दिल्ली हाई कोर्ट से मामला रद्द करने की मांग की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें राहत नहीं दी थी।

### एफआईआर करवाई तो जांच में सहयोग क्यों नहीं किया?

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से बताया गया कि महिला ने एफआईआर तो दर्ज करवा दी, लेकिन कभी भी जांच में सहयोग नहीं किया। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि इस महिला ने अलग-अलग थानों में 8 लोगों के खिलाफ इसी तरह की एफआईआर दर्ज करवा रखी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सभी बातों पर गौर करने के बाद कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट से ही राहत मिल जानी चाहिए थी। इस टिप्पणी के बाद जजों ने रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त कर दी।

### सुशील को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी जमानत



दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से जुड़े मामले में सुशील को जमानत दे दी है? पहलवान सुशील और अन्य पर संपत्ति विवाद में धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। अभियोजन पक्ष ने 200 गवाहों का हवाला दिया है, जबकि अब तक केवल 31 की ही गवाही हुई है।

## बिहार भाजपा प्रदेश परिषद की बैठक में मनोहर लाल ने की घोषणा

# बिहार भाजपा के अध्यक्ष पद पर फिर से दिलीप जायसवाल की ताजपोशी

### जायसवाल की अगुवाई में एनडीए जीतेगा प्रदेश का विधानसभा चुनाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। बिहार भाजपा प्रदेश परिषद की बैठक में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री और चुनावी पर्यवेक्षक के तौर पर बिहार आए मनोहर लाल खट्टर ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की।

दिलीप जायसवाल ने बीते दिनों ही 'एक आदमी एक पद' के तहत राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। अब वे सिर्फ विधान परिषद सदस्य हैं। अब अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी की ओर से अंतिम मुहर लग गई है, वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। इससे पहले बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि आज 'संगठन पर्व' का आखिरी चरण है। प्रदेश परिषद की बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चयन होगा। साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव होगा। आज दो प्रक्रिया है एक प्रदेश की घोषणा ताजपोशी और इसके साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चयन। बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता खुश और उत्साहित हैं। हमारे नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया आज पूरी हुई है। नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ही आगामी विधानसभा का चुनाव होगा। संपूर्ण एनडीए गठबंधन पार्टियां भाजपा के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेगी और बिहार की जनता से आशीर्वाद से हम फिर से चुनाव जीतेंगे।

### जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा और आगे बढ़ेगी

भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं और उनके नेतृत्व में भाजपा और आगे बढ़ेगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहां एनडीए की सरकार बनेगी। लोगों में काफी उत्साह है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज संगठन का चुनाव था, हमारा संगठन महोत्सव आज समाप्त हुआ। हमारे प्रदेश में डॉ. दिलीप जायसवाल पार्टी अध्यक्ष बने, उनके नेतृत्व में संगठन आगे बढ़ेगा। राज्य अक्टूबर-नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है।



केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा सर्वसम्मति से चुने गए अपने नए अध्यक्ष के नेतृत्व में बिहार प्रदेश संगठन पर्व मना रही है। आज बिहार को एक ऐसा अध्यक्ष मिला है जो अनुभवी, सरल स्वभाव वाला और मेहनती है। भाजपा नेता ने कहा कि हमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. दिलीप जायसवाल मिले हैं। 2025 में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिलीप जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष बन गये हैं और उनके नेतृत्व में भाजपा और आगे बढ़ेगी।

# दिल्ली की हार पर 'झुंझलाहट' का छोड़ गए निशान, किसानों की बैठक छोड़ चले गए मान

### किसान संगठनों के साथ बैठक में दिखा चिरपरिचित बेबाक अंदाज

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पंजाब की आप सरकार में है। सरकार के तेवर बदले दिखाई दे रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने चिरपरिचित बेबाक अंदाज में नजर नहीं आ रहे हैं बल्कि उनकी झुंझलाहट कई सवाल खड़े कर रही है।

जानकार मान रहे दिल्ली हार के बाद सीएम मान अंदरूनी तौर पर निशाने पर हैं। सोमवार को किसान संगठनों के साथ चल रही बैठक से सीएम के उठकर जाने के प्रकरण ने सूबे की सियासत को गरमा दिया है। मंगलवार को किसान नेताओं की धर-पकड़ ने आग में घी डालने का काम किया है। पंजाब सरकार के खिलाफ कई जगह अर्थी फूंक प्रदर्शन किए गए। उगराहां यूनियन के महासचिव दरबारा सिंह ने इसे तानाशाही करार दिया है।



### आप का पंजाब पर ही फोकस

दिल्ली हार के बाद आप नेतृत्व चौकन्ना हो गया है और किसी भी हालत में पंजाब पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखना चाहता है। यदि पंजाब में पकड़ ढीली पड़ी तो पार्टी के वजूद पर खतरा आ सकता है।

### उपचुनाव में संजीव के नामांकन पर उठे सवाल

सियासी जानकार मानते हैं कि दिल्ली की दखलंदाजी, पंजाबियों को भा नहीं रही है। इस पर अंकुश लगने से पंजाबियों का भरोसा बढ़ सकेगा। लुधियाना उपचुनाव में राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को चुनाव मैदान में उतारने पर सवाल उठ रहे हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि यदि उपचुनाव में जीत के बाद दिल्ली के किसी नेता को राज्यसभा में भेजा जाता है तो आप के प्रति आक्रोश पनप सकता है।

# नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ की जिम्मेदारी तय, नपे डीआरएम

### रेलमंत्री ने पदमुक्त करने का फैसला किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों के बीच मची भगदड़ में 18 मौतों की जिम्मेदारी अंततः उत्तर रेलवे के डीआरएम सुखविंदर सिंह पर आई। उन्हें पदमुक्त करने का कड़ा निर्णय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने लिया। लंबे समय के बाद रेलवे में किसी हादसे की जिम्मेदारी संबंधित डिविजन के सर्वोच्च अधिकारी पर तय की गई। अभी तक छोटे मोटे पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारी पर कार्रवाई पर मंत्रालय संतुष्ट रहता था। मौका चूंकि कुंभ का था। व्यवस्था पर सीधे पीएम नरेंद्र मोदी की नजर थी, लिहाजा सरकार के नाक के नीचे नई दिल्ली स्टेशन पर हुए भगदड़ से जाने गई तो केंद्र के 'नाक' पर बन आई। इस बार बड़े 'विकेट' गिरने तय थे। डीआरएम सुखविंदर सिंह को उनके पद से हटा कर कहाँ नियुक्ति दी गई इस बारे में मंत्रालय मौन है। लेकिन सुखविंदर सिंह की जगह पुष्पेश आर त्रिपाठी की नियुक्ति तय कर दी गई।

दिल्ली डिविजन के नए डीआरएम अब पुष्पेश होंगे। उन्हें उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले प्रयागराज में कुंभ मेले के अवसर पर बेहतर मैनेजमेंट के लिए रेलमंत्री ने पुरस्कृत किया, उन्हें दिल्ली जैसे बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण डिविजन का डीआरएम बनाया गया। इसके पहले पुष्पेश उत्तर मध्य रेलवे के डीआरएम थे।

## बिहार विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर नोकझोंक, तू-तू मैं-मैं भी दिखी

# पहले यहां क्या था.... तुम्हारे पिता को हमने ही बनाया था

### सीएम नीतीश ने विपक्षी नेता तेजस्वी को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में नेताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। नीतीश ने कहा कि पहले बिहार में क्या था? बिहार में 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल थे। उसे हमने बढ़ाया।

तुम्हारे (तेजस्वी यादव) पिता को मैंने ही बनाया है। तुम्हारी जाति के लोग भी मुझसे पूछ रहे थे कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं, लेकिन मैंने फिर भी उनका समर्थन किया। नीतीश ने कहा कि ये लोग (राजद) उस समय (लालू राज) गड़बड़ कर रहे थे। ये लोग पिछड़ा-अति पिछड़ा को बंद करके केवल पिछड़ा करना चाहते थे, जिसका हमने विरोध किया। हमने कहा कि यह सब फालतू बात है। इस वजह 1994 में हम अलग हो गए।



### पहले कोई घर से नहीं निकल पाता था

सीएम नीतीश ने यह भी कहा कि बिहार में पहले शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था। अब रात के 11 बजे तक चाहे लड़का हो या लड़की या महिला ही क्यों न हो सब बाहर निकलते हैं। हमने हर क्षेत्र में काम किया है।

### तेजस्वी के ये बोल — सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका हारा...

राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की तरफ से पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्यपाल का भाषण कन्फ्यूज्ड था। राज्यपाल वह पढ़ते हैं जो सरकार लिख कर देती है। हमारी सरकार की उपलब्धियों को राज्यपाल के अभिभाषण में मौजूदा सरकार ने जोड़ दिया और अपनी उपलब्धी बता दी। नीतीश पर तंज कसते हुए कहा उन्हीं के स्टाइल में कहा कि 2005 से पहले कुछ था , संसार की उत्पत्ति तो 2005 के बाद ही हुई? तेजस्वी ने नीतीश कटाक्ष करते हुए कहा- सरकार खटारा। सिस्टम नकारा, सीएम थका हारा और आम आदमी फिर रहा मारा मारा। तेजस्वी ने कहा कि केंद्रीय बजट में 16 सांसदों वाले चंद्रबाबू नायडू 2 लाख करोड़ ले गए।



**उपमुख्यमंत्री सम्राट की दू टूक**

### लालू ने मुझे लाठी से पिटवाया



इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और तेजस्वी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू गया। दरअसल तेजस्वी ने सम्राट चौधरी के पिता का नाम लिए बिना कहा कि नीतीश कुमार के बारे में क्या बोलते थे, वो किसी से छिपा नहीं है। इसके बाद सम्राट चौधरी भी भड़के गए, उन्होंने कहा कि नेता विरोधी के तौर पर अपना भाषण दीजिए। आपके पिताजी ने क्या- क्या बोला? यह बताइए। मैं तो जेल भी गया था। लालू ने लाठी से मुझको पिटवाया, यह भी मैं नहीं भूला हूं। इसके बाद राजद और भाजपा के विधायक हंगामा करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने दोनों पक्षों को शांत करवाते हुए कहा कि आपलोग एक-दूसरे पर व्यक्तिगत आक्षेप मत कीजिए।

# यूरोपीय देशों ने की रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की तैयारी ईयू प्रमुख ने रखा 841 अरब डॉलर की योजना का प्रस्ताव

ईयू अध्यक्ष डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें

## अमेरिका का यूक्रेन को सैन्य मदद देने से इनकार का असर



**1** यूरोपीय संघ के 27 देशों को मिलेगा 'रिआर्म यूरोप' पैकेज

**2** रक्षा खर्च के जीडीपी को 1.5 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ब्रसेल्स (बेल्जियम)

यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख ने मंगलवार को 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा।

इस योजना का मकसद ईयू के सदस्य देशों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है, ताकि अमेरिका की ओर से मदद पर संभावित रोक के असर को कम किया जा सके और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को सैन्य मदद जारी रखी जा सके। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि 'रिआर्म यूरोप' पैकेज यूरोपी संघ के उन 27 नेताओं को दिया जाएगा, जो वॉशिंगटन से दूरी के एक सप्ताह बाद ब्रसेल्स में एक आपात बैठक में मिलेंगे। ट्रंप ने महाद्वीप और यूक्रेन की रक्षा के लिए उनके गठबंधन पर सवाल उठाया था।

### रक्षा उपकरणों में सुधार की जरूरत


डेर लेयेन ने कहा कि अगर सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को जीडीपी के औसतन 1.5 फीसदी तक बढ़ाते हैं, तो यह चार वर्षों में करीब 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल, तोपखानों, गोला-बारूद और ड्रोन विरोध प्रणाली व साइबर हमलों जैसे सैन्य उपकरणों में सुधार की जरूरत है। यह योजना ईयू के कई सदस्य देशों को अपने सैन्य खर्च को काफी बढ़ाने के लिए मजबूर करेंगी, जो अभी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो फीसदी से कम है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने सदस्य देशों से कहा कि जितनी जल्दी हो सके, उन्हें तीन फीसदी पर पहुंचना चाहिए।

### वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देगा यूरोपीय संघ

*ईयू देशों ने पिछले कुछ दशकों में रक्षा पर खर्च कम किया है, क्योंकि उन्होंने अमेरिकी परमाणु सुरक्षा पर निर्भर रहते हुए अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था पर फोकस किया। यह स्थिति अब उनके लिए रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ाने में चुनौतियां पैदा कर रही है। डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें।*

### यूक्रेन को मदद देने पर बाइडेन पर हमला

**वॉशिंगटन।** रूस के खिलाफ युद्ध के दौरान यूक्रेन की आर्थिक मदद करने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि बाइडेन ने बहुत ही मूर्खतापूर्ण तरीके से एक देश को लड़ने के लिए 350 बिलियन डॉलर दे दिए। इसके बदले हमें कुछ नहीं मिला। हम 350 बिलियन डॉलर से अपनी पूरी अमेरिकी नौसेना का पुनर्निर्माण कर सकते थे।



### राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- उन्होंने बहुत 'मूर्खतापूर्ण' ढंग से काम किया है

#### यूरोप वाले हमसे होशियार निकले

ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि जेलेंस्की को हमारी ज्यादा सराहना करनी चाहिए क्योंकि यह देश हर मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा रहा है। हमने यूक्रेन को यूरोप से काफी ज्यादा दिया है। जबकि यूरोप को हमसे कहीं ज्यादा देना चाहिए था। यूरोप वाले बाइडेन से कहीं ज्यादा होशियार निकले, क्योंकि जो बाइडेन को कुछ भी पता नहीं था। यूरोप को हमारे बराबर आना चाहिए था। अगर हमने एक डॉलर दिया, तो यूरोप को भी देना चाहिए था। मगर हमने 350 बिलियन डॉलर दिए। इन सबसे बढ़कर यूरोप ने जो दिया उसे अपना पैसा वापस मिल गया क्योंकि वे इसे ऋण के रूप में दे रहे हैं। यह एक सुरक्षित ऋण है। मैं चाहता हूं कि उन सभी युवाओं की हत्या बंद हो। मैं इसे रुकते हुए देखना चाहता हूं। पैसा एक बात है, लेकिन मौत और वे हर सप्ताह हजारों सैनिकों को खो रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### जर्मनी में भीड़ में घुसी कार, दो की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी के मैनहेम शहर में कार सवार शख्स अपना वाहन लेकर कार्निवल परेड में घुस गया।



पुलिस ने बताया कि पश्चिमी जर्मनी में सोमवार को हुई इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। एक संदिग्ध हमलावर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपने घरों के अंदर और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है। हमले या हादसे के बारे में पुलिस ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया।

### नीलम शिंदे से मिला परिवार यूएस पहुंचे पिता

**मुंबई।** अमेरिका में सड़क हादसे में जीवन-मरण से जूझ रही नीलम शिंदे के पिता तानाजी शिंदे महाराष्ट्र



के सतारा जिले से बेटी नीलम को देखने कैलीफोर्निया स्थित अस्पताल पहुंच गए हैं। नीलम के मामा संजय कदम ने बताया कि नीलम के पिता ने विगत दो मार्च को मुंबई से अमेरिका के लिए उड़ान भरी थी। वह वहां लैंड करते ही कैलीफोर्निया स्थित यूसी डेविस मेडिकल सेंटर में देखने गए हैं। उनका बेटा गौरव भी साथ है।

## सर्बिया की संसद में नेताओं ने जमकर मचाया हंगामा

# विपक्षी सदस्यों ने स्मोक ग्रेनेड, आंसू गैस के गोले फेंके, दो सांसद घायल

एजेंसी ▶▶बेलग्रेड

सर्बियाई संसद में मंगलवार, 4 मार्च को जमकर बवाल हो गया। विपक्षी सांसदों ने संसद के अंदर धुआंधार ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। बता दें, यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

विधान सभा सत्र में, सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी (एसएनएस) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे को मंजूरी दिए जाने के बाद, कुछ विपक्षी राजनेता अपनी सीटों से उठकर संसदीय अध्यक्ष की ओर दौड़े और सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की। अन्य लोगों ने धुआं छोड़ने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। लाइव टीवी पर इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया। वहीं, इस घटना के एक अन्य वीडियो में सदन में फैला काला धुआं दिखाई दे रहा है।

यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था

1 इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया

2 विपक्षी राजनेताओं ने सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की




### एक सांसद की हालत गंभीर



घायल नेता को अस्पताल में ले जाते स्वास्थ्यकर्मी

बताया जा रहा है कि संसद में मचे बवाल की वजह से कम से कम तीन सांसद घायल हो गए। हालांकि, स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि दो सांसद घायल हुए हैं, जिनमें से एक, एसएनएस पार्टी की जैस्मिना ओब्राडोविक को स्ट्रोक आया है। उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने सत्र में कहा कि संसद काम करना और सर्बिया की रक्षा करना जारी रखेगी।

### विपक्ष ने सत्र को अवैध बताया

संसद को मंगलवार को विश्वविद्यालयों के लिए धनराशि बढ़ाने संबंधी कानून पारित करना था, जो दिसंबर से संकायों में अवरोध उत्पन्न कर रहे छात्रों की मुख्य मांगों में से एक है। संसद को पीएम मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी विचार करना था। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे में रखे गए अन्य मुद्दों ने विपक्ष को नाराज कर दिया। लेकिन विपक्षी दलों ने सत्र को अवैध बताया और कहा कि पहले पीएम मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि होनी चाहिए।

## इजराइल की संसद में घुसी भीड़

# सुरक्षा बलों ने रोकने के लिए किया बल प्रयोग



एजेंसी ▶▶यरुशलम

इजराइल के नेसेट में हिंसा भड़क उठी, जब सुरक्षा गार्डों ने 7 अक्टूबर के हमले के पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण के दौरान आगंतुकों की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। वीडियो में बंधकों के रिश्तेदारों को धक्का देते, मारते और घसीटते हुए दिखाया गया है, जिनमें से कुछ को चिकित्सा की आवश्यकता है। परिवार हमास हमले में सुरक्षा विफलताओं की जांच के लिए राज्य आयोग की मांग कर रहे थे।

### पीड़ित परिवारों के साथ धक्का-मुक्की

जब अक्टूबर काउंसिल के 40 सदस्य जो पूर्व बंधक और पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, गैलरी की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें धक्का-मुक्की और हिंसा का सामना करना पड़ा। एक वीडियो में एक सुरक्षा गार्ड को एक व्यक्ति को फर्श पर गिराते हुए और उसके गले पर अपनी कलाई से दबाव डालते हुए दिखाया गया। इस घटना में तीन लोगों को मेडिकल इलाज की आवश्यकता महसूस करने लगे। घटना के दौरान एक सदस्य ने सुरक्षा बलों से कहा कि आप शोक संतप्त माता-पिता को पीट रहे हैं।

### हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया

मंगलवार सुबह मीडिया से बात करते हुए यायरा गुटमैन, जिनकी बेटी तामार नोवा महोत्सव में मारी गई थी ने कहा कि जब परिवारों को सुरक्षा बलों ने रोका, तो वे उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके पास अनुमति है। हम सफल नहीं हुए। फिर बाकी माता-पिता आए और एक ने कहा कि आओ, चलो अंदर जाएं, और हां, हम ने धक्का दिया। जब हम ने केनेस्सेट के सुरक्षा बलों को धक्का दिया, तो हमें शारीरिक हमला मिलने लगा।

---

## भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

# तकनीकी सिर्फ एक उपकरण, मानवीय मूल्यों और सहानुभूति का विकल्प नहीं

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। उन्होंने जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए टैक्स के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए।

### डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं।*



### ईमानदार करदाताओं को असुविधा न हो


राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग का शुभारंभ किया है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा विश्लेषणों का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है।

## यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची बोले

# जम्मू-कश्मीर, मणिपुर पर मानवाधिकार प्रमुख टर्क की टिप्पणियां 'बेबुनियाद और निराधार', सच्चाई से दूर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क की जम्मू-कश्मीर और मणिपुर पर की गई टिप्पणियों को लेकर भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने कहा कि इस मुद्दे पर टर्क की चिंता व्यर्थ है। उनके द्वारा की गई टिप्पणियां पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार होने के साथ ही जमीनी सच्चाई से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर हम वैश्विक अपडेट में जटिल मुद्दों के सरलीकरण, व्यापक और सामान्यीकृत टिप्पणियों, कमजोर शब्दावलियों के प्रयोग और स्थितियों को चुनिंदा रूप से प्रयोग करने पर चिंतित हैं। अरिंदम ने कहा कि वैश्विक अपडेट को 'वास्तविक अपडेट' की जरूरत है।




**यह है टर्क का बयान:** वोल्कर टर्क ने बीते सोमवार को जिनेवा में यूएन मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में वैश्विक अपडेट में भारत का नाम लेकर कश्मीर और मणिपुर का उल्लेख किया था। मणिपुर को लेकर उन्होंने वहां हुई हिंसा और उससे जुड़े विस्थापन का हल निकालने के लिए संवाद, शांति स्थापना और मानवाधिकारों के तहत प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही जम्मू-कश्मीर को सिर्फ कश्मीर के रूप में संबोधित करने पर ऐतराज जताते हुए कहा कि वह कश्मीर व अन्य जगहों पर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कानूनों के जरिए लगाई जाने वाली रोक और उत्पीड़न से चिंतित हैं।

### विविधता, खुलेपन की संस्कृति को समझना जरूरी

बागची ने अपने जवाब की शुरुआत करते हुए कहा, क्योंकि भारत का नाम लेकर टिप्पणियां की गई हैं। इसलिए मैं सबसे पहले जोर देकर यह कहना चाहूंगा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। जो एक स्वस्थ, जीवंत और बहुलवादी समाज बना हुआ है। हम हमारे देश की विविधता और खुलेपन की सभ्यता कालीन संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करेंगे। यह हमारे मजबूत और ज्यादातर शोरगुल वाले नागरिकों के स्थान को परिभाषित करता है।भारत की आम जनता ने हमारे बारे में की जाने वाली ऐसी सभी चिंताओं को हर बार गलत साबित किया है। उन्होंने एक बुनियादी ढांचे के रूप में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसकी सबसे बड़ी ताकत देश का लोकतंत्र और संस्थान हैं।

### कश्मीर नहीं, जम्मू-कश्मीर कहिए

भारत के राजदूत ने वोल्कर टर्क के जम्मू-कश्मीर को महज कश्मीर कहकर संबोधित करने को एक विडंबना करार दिया और कहा यह वैश्विक अपडेट में हुई एक गलती है। मौजूदा वर्ष 2025 क्षेत्र में शांति और समावेशी प्रगति के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। जिसमें प्रांतीय चुनावों में मतदाताओं द्वारा बढ़चढ़कर की गई भागीदारी, पर्यटन उद्योग में तेजी से लेकर तीव्र गति से होता विकास मुख्य रूप से शामिल है।

## विवाद के बीच बोले मोहम्मद यूनुस

# बांग्लादेश-भारत के रिश्ते मजबूत अब बस गलतफहमी दूर करनी है

एजेंसी ▶▶ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताते हुए, दोनों देशों के बीच बढ़ती गलतफहमियों को दूर करने की कोशिशों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत हैं और इन पर कोई असर नहीं पड़ा है, हालांकि कुछ विवाद जरूर पैदा हुए हैं, जिनका कारण उन्होंने गलत जानकारी और प्रचार बताया।



### पीएम मोदी से की है बात

यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच गलतफहमियों को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग को फिर से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश और भारत के बीच लगातार संवाद हो रहा है। भारत के प्रतिनिधि यहां आ रहे हैं और हमारे अधिकारी वहां जा रहे हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से पीएम नरेंद्र मोदी से भी पहली सप्ताह में बात की थी।

## आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक सेमिनार में बोले रक्षा मंत्री

# हाइब्रिड युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों के खतरे हमारे सामने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आधुनिक विश्व में तेजी से विकसित होती सुरक्षा चुनौतियों के मध्य आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच जुड़ाव बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप में देखते हुए हमारे संस्थान एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए एक-दूसरे का सहयोग लेकर काम करें। उन्होंने देश के सुरक्षा तंत्र को साइबर, हाइब्रिड युद्ध, अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों और वैश्विक संगठित अपराध जैसे उभरते हुए खतरों के हिसाब से अनुकूल होना चाहिए। उन्नत प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का लाभ न केवल सुरक्षा अभियानों के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी उठाया जाना चाहिए। उन्होंने गृह मंत्रालय और डीआरडीओ से एक साथ मिलकर काम करने का आग्रह भी किया। रक्षा मंत्री गृह मंत्रालय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में यह जानकारी दी।



*सभी संस्थान एक दूसरे का सहयोग लेकर करें काम आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच जुड़ाव बढ़ रहा*

### समयबद्ध ढंग से विकसित हों उत्पाद

राजनाथ ने डीआरडीओ का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन ने देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और आंतरिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई है। छोटे हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों, निगरानी और संचार प्रणालियों तक डीआरडीओ के नवाचार हमारे सशस्त्र बलों को सशक्त बना रहे हैं। गृह मंत्रालय और संगठन से एकजुटता से काम करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इससे ऐसे उत्पादों की एक सूची बनाई जाए। जिससे उन्हें संयुक्त रूप से विकसित करने के साथ ही उन्हें तैनात किया जा सके। सुरक्षा बलों को आगे बढ़ने के लिए सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी और उपकरणों की आवश्यकता है। डीआरडीओ द्वारा आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है, जिससे छोटे हथियार, निगरानी उपकरण और ड्रोन प्रणालियों जैसे उत्पाद आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों में तैनाती के लिए शामिल किए गए हैं या उनका मूल्यांकन किया जा रहा है।

### आंतरिक सुरक्षा आतंकवाद तक सीमित नहीं

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की आंतरिक सुरक्षा का अर्थ केवल आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन और वामपंथी उग्रवाद जैसे पारंपरिक खतरों से निपटना नहीं है। बल्कि उन गैर परंपरागत खतरों के लिए भी तैयारी करना है। जो देश के आर्थिक और सामरिक हितों को अस्थिर कर सकते हैं। मौजूदा दौर में दुश्मन पारंपरिक हथियारों के साथ नहीं आते हैं। नए युग के खतरों के रूप में साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और अंतरिक्ष आधारित जासूसी जैसी चुनौतियां सामने आ रही हैं।*

# स्टंप पर लगी गेंद फिर भी नॉटआउट, गिल को कैच पर मिली चेतावनी, रोहित के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने अंतिम पड़ाव पर है। मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के बीच मुकाबला हुआ। इस दौरान पहली पारी में कुछ ऐसे क्षण भी आए जब स्टेडियम में बवाल मच गया। इस दौरान गेंद के स्टंप में लगने के बावजूद बल्लेबाज नॉट आउट रहा वहीं शुभमन गिल को कैच लेने के तरीके पर चेतावनी मिली। इधर, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम एक शर्मनॉक रिकॉर्ड दर्ज हो गया।




### स्टंप पर लगी गेंद फिर क्यों नहीं आउट हुआ बल्लेबाज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ को शुरुआत में ही बड़ा जीवनदान मिला। दरअसल, गेंद उनकी स्टंप से टकराने के बावजूद बैल नहीं गिरी। यह देखकर भारतीय खिलाड़ी हैरान नजर आये। स्मिथ अक्षर पटेल के खिलाफ डिफेंस करने का प्रयास करते हुए आउट होने से बच गए। गेंद उनकी पैड पर एज लगकर बॉल स्टम्प्स पर जा लगी लेकिन गिल्ली नहीं गिरी। आईसीसी के नियमों के अनुसार, यदि गेंद स्टंप पर लगती है और बैल नहीं गिरती है तो ऐसे में बल्लेबाज को आउट नहीं दिया जाता है।

### रोहित लगातार 11वीं बार वनडे टॉस हारे

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया क्योंकि वे लगातार 11वीं बार वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में टॉस हार गए। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के दौरान टॉस हार गए। भारत का वनडे मैचों में टॉस हारने का सिलसिला अब 14 तक पहुंच गया है, जिसकी शुरुआत 19 नवंबर को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से हुई थी।




#### लगातार टॉस हारने का रिकॉर्ड

12- ब्रायन लारा
(वेस्ट इंडीज, अक्टूबर 1998 से मई 1999)
11- पीटर बोरेन
(नीदरलैंड, मार्च 2011 से अगस्त 2013)
11- रोहित शर्मा
(भारत, नवम्बर 2023 से मार्च 2025)

#### जडेजा ने पकड़ा बल्लेबाज को, मचा बवाल

दूसरी ओर रवींद्र जडेजा की एक हरकत के कारण भी मैच में बवाल देखने को मिला। रवींद्र जडेजा ने अपनी ही एक गेंद पर रन लेने की कोशिश कर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पकड़ लिया। रवींद्र जडेजा की इस हरकत को देखकर कप्तान स्टीव स्मिथ बेहद निराश नजर आये। पारी के 21वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर यह घटना देखने को मिली। रवींद्र जडेजा को मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के साथ चर्चा करते देखा गया।

### हेड के कैच के बाद शुभमन को अंपायर ने समझाया

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच में शुभमन गिल ने लॉन्ग-ऑफ पर ट्रेविस हेड का कैच पकड़कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। हालांकि, इस कैच के बाद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने गिल से गेंद छोड़ने के तुरंत बाद उनकी पकड़ को लेकर बातचीत की और चेतावनी दी। एमसीसी के नियम 33.3 के अनुसार, जब गेंद पहली बार फील्डर के संपर्क में आती है, तब कैच शुरू होता है। इसके बाद कैच तभी माना जाता है जब फील्डर गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरा कंट्रोल बनाए रखता है। हालांकि, इस कंट्रोल को बनाए रखने के बारे में ऐसी कोई आधिकारिक समय-सीमा निर्धारित नहीं है।

### गिल ने कैच पकड़कर तुरंत गेंद छोड़ी

दरअसल गिल ने कैच पकड़ने के बाद गेंद को तुरंत छोड़ दिया। इस पर अंपायर ने गिल से बात की और उन्हें चेतावनी दी कि उन्होंने गेंद को जल्दी छोड़ दिया था। गिल ने अंपायर की बात पर सिर हिलाया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि लीगल कैच के लिए गेंद पर दो से तीन सेकंड तक कंट्रोल बनाए रखना चाहिए। गिल का कैच भारत के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ, जिससे टीम को शुरुआती बढ़त मिली।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के बिना अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

### पाकिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया।

### ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे




**नई दिल्ली।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025: विराट ने खेली 84 रनों की शानदार पारी

# भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया लगातार तीसरी बार फाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया है। दुबई में हुए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए सभी विकेट खोकर 264 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली (84) और श्रेयस अय्यर (45) की पारियों की मदद से 49वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह का रहा रोचक मुकाबला

कूपर कोनोली (0) के जल्दी आउट होने के बाद ट्रेविस हेड ने 39 रन बनाकर पारी को स्थिरता दी। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स केरी (61) ने अर्धशतक लगाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारत ने शुभमन गिल (8) और रोहित शर्मा (28) के विकेट जल्दी खो दिए। इसके बाद कोहली और अय्यर ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में केएल राहुल (42*) और हार्दिक पांड्या (28) ने टीम को जीत दिलाई।

### स्मिथ ने अपने वनडे करियर का 35वां अर्धशतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया को 4 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली (0) के रूप में पहला झटका लग गया था। इसके बाद आए स्मिथ ने ट्रेविस हेड (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50, मार्नस लाबुशेन (29) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 और केरी के साथ 5वें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई। स्मिथ 96 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 73 रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार बने।




बड़ी पारी खेलने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बने स्मिथ
स्मिथ के नाम अब चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान द्वारा बनाया गया (72 रन) दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

### दूसरे सर्वाधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बने कोहली

कोहली ने आज मैच में 2 कैच पकड़े। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में दूसरे सर्वाधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली के वनडे क्रिकेट में 301 मैचों में कुल 161 कैच हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 375 वनडे में 160 कैच लिए थे। इस सूची में पूर्व श्रीलंकाई कप्तान महेला जयवर्धने पहले पायदान पर हैं, जिन्होंने 448 मैचों में 218 कैच अपने नाम किए थे।

### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का गिल बो वरूण | 39 | 33 | 5 | 2 |
| कूपर कोनोली का राहुल बो शमी | 00 | 09 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो शमी | 73 | 96 | 4 | 1 |
| मार्नस लाबुशेन पगबाधा बो जडेजा | 29 | 36 | 2 | 1 |
| जोश इंगलिस का कोहली बो जडेजा | 11 | 12 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी रन आउट | 61 | 57 | 8 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो पटेल | 07 | 05 | 0 | 1 |
| बेन इवारशुइस का अय्यर बो वरूण | 19 | 29 | 1 | 1 |
| एडम जम्पा बो पंड्या | 07 | 12 | 0 | 0 |
| नाथन एलिस का कोहली बो शमी | 10 | 07 | 0 | 1 |
| तनवीर संघा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 7 रन, योग : 49 . 3 ओवर में 264 रन
गेंदबाजी : शमी 10-0-48-3, पंड्या 5.3-40 1, कुलदीप 8 0 44 0, वरूण 10 0 49 2, अक्षर 8 1 43 1, जडेजा 8 1 40 2

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो कोनोली | 28 | 29 | 3 | 1 |
| शुभमन गिल बो इवारशुइस | 08 | 11 | 1 | 0 |
| कोहली का इवारशुइस बो जम्पा | 84 | 98 | 5 | 0 |
| श्रेयस अय्यर बो जम्पा | 45 | 62 | 3 | 0 |
| अक्षर पटेल बो एलिस | 27 | 30 | 1 | 1 |
| केएल राहुल नाबाद | 42 | 34 | 2 | 2 |
| हार्दिक पंड्या का मैक्सवेल बो एलिस | 28 | 24 | 1 | 3 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : तीन रन
योग : 48 . 1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन
गेंदबाजी : इवारशुइस 7-0-39-1, एलिस 10-0-49-2, कोनोली 8-0-37-1, जम्पा 10-0-60-2, संघा 6-0-41-0, मैक्सवेल 6.1-0-35-0, हेड 1-0-6-0,

राधारमण विहान स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

## दूसरे दिन वॉलीबॉल, टग ऑफ़ वॉर में रोमांचक मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स, रातीबड़ में आयोजित तीन दिवसीय 'विहान स्पोर्ट्स प्रतियोगिता' के दूसरे दिन वॉलीबॉल का रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फ़ाइनल मुकाबले में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें आरसीपी टीम ने 24-18 के स्कोर से जीत दर्ज की और विजेता बनी।

इसके अलावा, टग ऑफ़ वॉर में भी शानदार मुकाबले देखने को मिले, जिसमें महिला वर्ग में बीएएमएस प्रथम वर्ष 2023-24 बैच की टीम ने जीत दर्ज की और




2024-25 बैच की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में बीएएमएस प्र प्रथम वर्ष 2023-24 बैच की दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें एक टीम विजयी रही।

#### खेलों से आती है टीम भावना: सक्सेना

इस अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन आर. आर. सक्सेना ने कहा, खेलों का छात्रों के जीवन में अत्यधिक महत्व है। ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। वॉलीबॉल और अन्य खेलों में छात्रों का जोश और समर्पण देखकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

आईपीएल 2025

## बीसीसीआई की मंजूरी बिना कोई टीम मनमर्जी से प्रैक्टिस नहीं कर पाएगी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 की धूम मचने में बस कुछ ही दिन शेष बचे हैं! इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धमाकेदार मुकाबले से होगी लेकिन इसके पहले ही बीसीसीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजियों को सख्त निर्देश भेज दिए हैं! अब टीमें फ्लडलाइट्स में कितने घंटे प्रैक्टिस कर सकती हैं? कहां होंगे अभ्यास मैच? कितनी बार साइड विकेट का इस्तेमाल होगा? इन सभी बातों पर बीसीसीआई ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल 2025 से पहले प्रैक्टिस को लेकर सख्त हिदायत दी है। आईपीएल 2025 में नए नियमों के साथ टीमें किस तरह अपनी स्ट्रेटेजी बनाएंगी, यह देखना दिलचस्प होगा। अब देखना यह है कि ये नियम किसी टीम के लिए चुनौती साबित होंगे या फिर सबकुछ पहले जैसा ही चलेगा!

### बीसीसीआई क्यों कर रहा है इतनी सख्ती

बीसीसीआई के इन नए नियमों का मकसद आईपीएल के दौरान पिचों की गुणवत्ता बनाए रखना और खिलाड़ियों को संतुलित अभ्यास का मौका देना है। कुछ टीमों के ज्यादा अभ्यास से पिच जल्दी खराब होने का खतरा रहता है, जिससे आईपीएल के दौरान मैचों पर असर पड़ सकता है। इसलिए बीसीसीआई पहले से ही पिचों को बचाने और खेल को संतुलित रखने के लिए ये सख्त नियम लागू कर रहा है।

### नए नियम के तहत अब ऐसे करनी होगी प्रैक्टिस

फ्लड लाइट्स में लिमिटेड प्रैक्टिस: टीमें सिर्फ 7 बार फ्लडलाइट्स के अंदर प्रैक्टिस कर पाएंगी। इसमें भी हर सेशन अधिकतम 3 घंटे का ही होगा। अभ्यास मैच पर सख्ती: इन 7 सेशन्स में से सिर्फ 2 बार अभ्यास मैच खेलने की अनुमति होगी। ये भी मुख्य पिच पर नहीं, बल्कि साइड विकेट पर ही होंगे। अभ्यास मैच का समय: अगर कोई टीम लाइट्स के नीचे अभ्यास मैच खेलती है, तो वह 3.5 घंटे से ज्यादा नहीं चल सकता। बीसीसीआई से लेनी होगी परमिशन: किसी भी अभ्यास मैच से पहले फ्रेंचाइजी को बीसीसीआई की लिखित मंजूरी लेनी होगी। बिना मंजूरी के कोई टीम अभ्यास मैच नहीं खेल सकती।

### भोजपुर क्लब में मंत्री सारंग ने किया पिकल बॉल कोर्ट का शुभारंभ



**भोपाल।** राजधानी के भोजपुर क्लब परिसर में मंगलवार को तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकल बाल के कोर्ट का शुभारंभ खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हर कोई अपनी फिटनेस को लेकर चिंतित रहता है, इसलिए फिट रहना है तो खेल मैदानों का रुख करना होगा। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया के प्रयासों की भी सराहना की। इस मौके पर उन्होंने इस खेल का आनंद भी उठाया। एसपीएस ग्रुप के चेयरमैन एएस सिंहदेव, आर्किटेक्ट शैलेंद्र बागरे सहित कई खेल हस्तियां इस मौके पर मौजूद थीं।

# खिताबी जंग में पहुंचने द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में, दोपहर 2:30 बजे से

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच आज 5 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के 2 मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। अब मिचेल सेंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड टीम ये महामुकाबला जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, उनके सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच आज लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।




#### न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1992 में खेला गया था। अब तक दोनों के बीच 73 मुकाबले खेले गए हैं। 42 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 26 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। 5 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 वनडे मुकाबला खेला गया है। इस मैच को कीवी टीम ने अपने नाम किया था।

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए नए नियम किए लागू

# आईपीएल के नियम सख्त, ड्रेसिंग रूम में नहीं आ सकेंगे परिवार के सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होनी है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नियम जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब सभी खिलाड़ियों को अपनी टीम बस से ही यात्रा करनी होगी और परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

**टीम बस का ही उपयोग करेंगे खिलाड़ी:** बीसीसीआई के नए नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आते समय टीम बस का उपयोग करना होगा। सभी टीमें 2 बैचों में यात्रा कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में इस बारे में एक बैठक हुई जिसके बाद सभी संबंधित टीमों को नियमों में बदलाव के बारे में जानकारी दे दी गई है। बता दें कि प्रबंधकों की बैठक 18 फरवरी को जूम कॉल के माध्यम से हुई।



**परिवार के सदस्यों के लिए सख्त नियम:** नए नियम के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के परिवार के सदस्य, अभ्यास के दिनों में भी ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते। बता दें कि परिवार के सदस्य मैच के दिनों में भी खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकते। अभ्यास के दिनों में (टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान), केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान में जाने की अनुमति होगी।

#### अभ्यास के दौरान लागू होंगे ये नियम

सभी टीमों को अभ्यास क्षेत्र में 2 नेट और 1 साइड विकेट मिलेगा, जहां वे रेंज हिटिंग कर सकेंगे। मुंबई के मैदान पर अगर दोनों टीमें एक ही समय पर अभ्यास कर रही हैं, तो टीमों को 2-2 विकेट मिलेंगे। ओपन नेट की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई टीम अपना अभ्यास जल्दी समाप्त कर लेती है, तो दूसरी टीम को अभ्यास के लिए विकेट का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

#### मैच के दिन के लिए तय किए गए हैं ये नियम

टीमों से जुड़े मान्यता प्राप्त कर्मचारियों के लिए मैच के दिन अपना मान्यता पत्र लाना अनिवार्य है। पहली बार न लाने पर चेतावनी जारी की जाएगी, जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर टीम पर जुर्माना लगाया जाएगा। खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में स्लीवलेस जर्सी की अनुमति नहीं है। ऐसा न करने पर पहली बार में चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार ऐसा करने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।




# 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रम भट्ट की आगामी फिल्म 'तुमको मेरी कसम'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में अनुपम खेर, अदा शर्मा, ईशा देओल और इश्वाक सिंह जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। वैसे तो विक्रम भट्ट हॉरर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार वह एक इंटेंस कोर्ट रूम ड्रामा लेकर हाजिर हुए हैं। 2 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में अनुपम खेर अहम भूमिका में नजर आए हैं। उनके ऊपर हत्या का आरोप लगा है और वह खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, अदा शर्मा अपने पति के सपने पूरे करने में लगी हुई हैं। ट्रेलर में ईशा देओल को वकील के किरदार में देखा जा सकता है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## कई वजहों से होती रही हैं ट्रोल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उर्वशी रौतेला इन दिनों ट्रोलर्स का निशाना बनी हुई हैं। अपने बयानों के लिए मशहूर अभिनेत्री ने हाल ही में पेरिस के एक कार्यक्रम में शिरकत की। अभिनेत्री ने रेड कार्पेट से एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने फ्रेंच में पोस्ट को कैप्शन दिया, 'पेरिस, हमेशा एक अच्छा विचार।'

अभिनेत्री ने कार्यक्रम के दौरान 3डी फ्लोरल डिजाइन वाली ड्रेस पहन रखी थी। अब उन्हें इसके लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। उनके इस वीडियो पर नेटिजन्स ने मजेदार कमेंट्स किए हैं। अभिनेत्री द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, इसे पहनने वाली पहली अभिनेत्री। एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने टिप्पणी की, पहली बॉलीवुड अभिनेत्री जिसकी ड्रेस गार्डन की तरह दिखती हैं।

एक नेटिजन्स ने उनकी तुलना शालिनी पासी से की और लिखा, वह शालिनी पासी की तरह दिखती हैं। पिछले कुछ महीनों से अभिनेत्री उर्वशी रौतेला कई वजहों से सोशल मीडिया पर ट्रोल होती रही हैं। यह सिलसिला उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' के डांस स्टेप से शुरू हुआ और जब जनवरी में उन्होंने एक इंटरव्यू में सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने एक लाइन में ही सवाल का जवाब दे दिया और फिर अपनी फिल्म डाकू महाराज के 105 करोड़ रुपये कमाने और अपने माता-पिता द्वारा उन्हें महंगी चीजें गिफ्ट करने के बारे में बात करना शुरू कर दिया। इसके बाद ट्रोलर्स ने उन्हें जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया।



## हॉलीवुड मसाला



# तंज कसने वालों को लताड़ा

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' में दमदार एक्टिंग के लिए फेमस हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन चर्चा में हैं। उन्होंने बॉडी शेमिंग करने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया और मीडिया को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि वो कैसी दिखती हैं, क्या पहनती हैं और खुद को कैसे पेश करती हैं, उसके लिए वो किसी को जवाब नहीं देंगी और ना ही इसके लिए शर्मिंदा हैं। उन्होंने कहा, 'मैं कुछ ऐसा कहना चाहती हूं, जो मेरे विचार से मुझसे कहीं ज्यादा बड़ा है।



# 22 साल पहले जीता था पहला ऑस्कर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एड्रियन ब्रॉडी ने पहली बार ऑस्कर साल 2003 में जीता था। ब्रॉडी को 'द पियानिस्ट' फिल्म के लिए बेस्ट अभिनेता का खिताब मिला था। इस खिताब को जीते 22 साल हो चुके हैं। अब 2025 में उन्होंने फिर से एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता है, जो उन्हें 'द ब्रूटलिस्ट' फिल्म के लिए दिया गया है। इसी को लेकर सोनू सूद ने उन्हें दूसरे ऑस्कर जीतने की बधाई दी है। अभिनेता सोनू सूद ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह हॉलीवुड अभिनेता एड्रियन ब्रॉडी के साथ दिख रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अभिनेता कैप्शन में लिखते हैं, मेरे भाई एड्रियन ब्रॉडी को दूसरे ऑस्कर के लिए बधाई। अभी कई और ऑस्कर आने बाकी है। एड्रियन ब्रॉडी और हैली बेरी ने रेड कार्पेट पर 2003 के ऑस्कर किस को फिर से रिक्रिएट किया।



# ऐश-अभिषेक को साथ देख खुशी से झूमे फैंस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की जब पिछले साल तलाक की खबरें आई थीं, तो फैंस का दिल बुरी तरह दहल गया था। हालांकि, बाद में दोनों बेटी आराध्या के स्कूल फंक्शन में साथ नजर आए, तो फैंस की बांछें खिल उठी थीं। लगा कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक है। अब हाल ही ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन एक साथ आशुतोष गोवारिकर के बेटे की शादी में पहुंचे, तो उन्हें हर कोई देखता रह गया। ऐश्वर्या और अभिषेक की साथ में कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन वेडिंग वेन्यू पर इस्कॉन मंदिर के हरिनाम दास से मिले और उनसे बात करते दिखे। दोनों ने एक ही जैसे रंग के कपड़े पहने थे और काफी जंच रहे थे। जहां अभिषेक ने हाथ जोड़कर हरिनाम दास का अभिवादन किया।



# आगे खिसकेगी धनुष की इडली कढ़ाई...

**मुंबई।** 'इडली कढ़ाई' में धनुष अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में वह अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ नजर आएंगे। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि इसकी रिलीज की तारीखों में बदलाव होने की संभावना है। इडली कढ़ाई को पहले 10 अप्रैल को रिलीज किया जाना था। हालांकि, अब चर्चा है कि फिल्म को स्थगित किया जा सकता है और अगस्त और सितंबर के बीच कभी भी बड़े पर्दे पर आने की संभावना है। देरी की वजह धनुष निर्देशित फिल्म के कुछ हिस्से अभी भी अधूरे रह जाना हो सकता है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल रुका हुआ है, क्योंकि अभिनेता आनंद एल राय द्वारा निर्देशित अपनी हिंदी फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, इस मामले में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## टीवी मसाला



# सोनू के इंगेजमेंट से नाराज नेटिजन्स कहा- बिना मतलब का ड्रामा

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'के मौजूदा ट्रैक से दर्शक खुश नहीं हैं। इसमें भिड़े की बेटी सोनू (सोनालिका) की मर्जी के खिलाफ सगाई की जा रही है। हाल ही में आए एपिसोड के बाद, कुछ दर्शकों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। वह टप्पू (नीतीश भलूनी) और सोनू (खुशी माली) के अलग होने की कहानी से निराश हैं। आगामी एपिसोड में गोकुलधाम सोसाइटी के लोग तब चौंक जाएंगे, जब पिंकू, गोली और गोगी क्लब हाउस में टप्पू को बताएंगे कि सोनू ने अभिनव से सगाई कर ली है। यह वही लड़का है जो हाल ही में शादी की बात करने आया था। यह सुनकर टप्पू हैरान रह जाएगा, और टप्पू सेना भी चिंता में पड़ जाएगी। उन्हें डर है कि जल्दी कुछ नहीं किया गया, तो सोनू की शादी हो सकती है और वह गोकुलधाम को हमेशा के लिए छोड़ सकती है। जब कुछ करने का इरादा करके टप्पू क्लब हाउस से बाहर निकलता है और देखता है कि सोनू अभिनव के साथ कार में जा रही है, लेकिन जैसे ही कार चलने लगती है, सोनू टप्पू को इशारा करती है कि वह यह शादी नहीं करना चाहती है। यह देखते ही टप्पू बिना समय गंवाए कार के पीछे भागता हुआ दिखाई देता है। नेटिजन्स ने प्रोमो देखने के बाद इसे क्रिंज और निराशाजनक ट्रैक कहा। निर्माताओं द्वारा प्रोमो को साझा किए जाने के बाद, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, बिना मतलब का ड्रामा... बेकार। एक अन्य ने लिखा, यह शो इतना क्रिंग भी हो गया है क्या? /span> एक और ने कमेंट कर लिखा, यह शो अभी भी चल रहा है? एक और यूजर ने लिखा, सास बहू सीरियल जैसा लगता है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जुलाई 2008 से प्रसारित हो रहा है।

## मैं अपना जीवन बर्बाद कर रही हूं

**नई दिल्ली।** टेलीविजन धारावाहिक इमली से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह अपने वजन बढ़ने और लुक्स को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देती दिखाई दे रही हैं। टीवी अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने हाल ही में अपने लुक्स और वजन को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में एक्ट्रेस ने लिखा कि उन्होंने अपने वजन और लुक्स को लेकर कुछ विक्टोरिया सीक्रेट मॉडल के कमेंट्स और ट्वीट पढ़े। इसे लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि वह पहले कभी इतनी परेशान नहीं हुई, कृपा करके यह सब कहना बंद कर दें और जीने दें। 'अगर तुम्हें लगता है कि मैं अपनी जिंदगी बर्बाद कर रही हूं तो मुझे करने दो, क्योंकि मुझे पता है कि मैं क्या कर रही हूं, मैं अब थक चुकी हूं।'इस पोस्ट में सुम्बुल तौकीर ने अपने वजन बढ़ने के बारे में भी बताया।



# मीना कुमारी को पीटते थे पति कमाल के सेक्रेटरी, महमूद के घर रहने लगी थीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी सिर्फ अपनी अदाकारी के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी के उतार-चढ़ाव के लिए भी जानी जाती थीं। उनकी आंखों में बसा दर्द और एक्टिंग की गहराई ऑडियंस को हैरान कर देती थी, लेकिन उनकी असल जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मीना कुमारी प्यार और अपनेपन के लिए तरसती रहीं। अंत में उन्होंने शराब को अपना सराहा बनाया और आखिरी दम तक साथ न छोड़ा। नरगिस दत्त ने अपने एक लेटर में मीना कुमारी की दर्द भरी जिंदगी पर खुलासे किए थे।



***शादी और अपमान :*** मीना कुमारी ने मशहूर फिल्ममेकर कमाल अमरोही से शादी की थी। लेकिन यह रिश्ता जितना खूबसूरत दिखता था, उतना ही दर्दभरा भी था। कहा जाता है कि कमाल अमरोही के सेक्रेटरी बकर उनके साथ बुरा व्यवहार करते थे, यहां तक कि उन पर हाथ भी उठाते थे। जब मीना ने इस बारे में अपने पति को बताया, तो उन्हें उम्मीद थी कि वे उनका पक्ष लेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मीना के धैर्य की परीक्षा तब पूरी हो गई जब उन्हें एहसास हुआ कि इस रिश्ते में अब उनके लिए कोई इज्जत नहीं बची।

***नरगिस दत्त का लेटर :*** मीना कुमारी की करीबी दोस्त और गुजरे जमाने की मशहूर एक्ट्रेस नरगिस दत्त ने अपने एक लेटर में इस दर्दनाक सच्चाई का जिक्र किया था। नरगिस ने बताया कि एक बार जब वे मद्रास में शूटिंग कर रही थीं, तब उन्होंने मीना को होटल के बगीचे में घबराए हुए देखा। पहले मीना ने कहा कि यह सिर्फ तंबाकू का असर है, लेकिन जब नरगिस ने अपने कमरे से कुछ आवाजें सुनीं, तो उन्हें मीना की तकलीफ का अहसास हुआ। बाद में जब उन्होंने बकर से सवाल किया, तो उनका जवाब हैरान करने वाला था, "जब सही समय आएगा, हम उसे आराम देंगे।

***मीना ने छोड़ा घर***

मीना कुमारी ने आखिरकार खुद को इस अपमानजनक रिश्ते से अलग करने का फैसला कर लिया। वे कमाल अमरोही का घर छोड़कर एक्टर महमूद के घर रहने लगीं। जब नरगिस उनसे हॉस्पिटल मिलने गईं, तो उन्होंने मीना से पूछा, अब तुम आजाद हो, लेकिन ऐसी आजादी का क्या फायदा, अगर तुम खुद को ही खत्म करने पर उतारू हो? इस पर मीना का जवाब था, 'बाजी मेरे धैर्य की भी एक सीमा थी। जब कमाल साहब के सेक्रेटरी ने मुझ पर हाथ उठाया, तो मुझे लगा था कि कमाल साहब गुस्से में आकर कुछ बड़ा कदम उठाएंगे, लेकिन उन्होंने बस इतना कहा, 'घर लौट आओ, मैं सब ठीक कर दूंगा। लेकिन, अब मैं खुद ही फैसला कर चुकी थी कि मैं कभी वापस नहीं जाऊंगी।

# 'शोले' की 50वीं सालगिरह का जश्न मनाएगा आईफा

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) के 25वें एडिशन में रमेश सिप्पी की मशहूर फिल्म 'शोले' की स्पेशल स्क्रीनिंग की जाएगी। इस समारोह के साथ सिनेमा प्रेमियों की पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। आईफा के आयोजकों ने फिल्म के 50 साल पूरे होने पर जयपुर के मशहूर राज मंदिर सिनेमा में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करने का फैसला किया है।



आईफा 2025 का आयोजन जयपुर में 8 मार्च से 9 मार्च तक चलेगा। आईफा के सह-संस्थापक आंद्रे टिमिन्स ने इस अवसर पर उत्साह जताते हुए कहा, 'आईफा 2025 सिर्फ एक उत्सव नहीं है। यह समय के साथ एक सफर है, जयपुर के मशहूर राज मंदिर में 'शोले'के 50 साल पूरे होने का सम्मान कर रहे हैं। हम आईफा की सिल्वर जुबली भी मना रहे हैं। इसने यादों और सिनेमा के जादू का जश्न मनाते हुए पीढ़ियों से दिलों को छुआ है।' उन्होंने आगे कहा, शोले एक फिल्म से कहीं ज्यादा है। यह एक भावना है और राज मंदिर से बेहतर इसकी विरासत का सम्मान करने के लिए और कोई जगह हो सकती है क्या? एक थिएटर जो पांच दशकों से फिल्म प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक जगह रही है।

## नादानियां, दुपहिया, रेखाचित्रम, डेयरडेविल, गेम चेंजर...

# ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज हो रही हैं नई फिल्में और वेब सीरीज


*नई दिल्ली। ओटीटी के पिटारे में मार्च के इस पहले वीकेंड में एक से बढ़कर एक 11 फिल्में और वेब सीरीज हैं। एक ओर जहां इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' रिलीज हो रही हैं, वहीं 'पंचायत' की तरह एक गांव की मजेदार कहानी 'दुपहिया' भी देखने को मिलेगी। एमसीयू के फैंस को 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' की सौगात मिलने वाली है। मार्च 2025 के इस पहले वीकेंड में ओटीटी पर धूम मचने वाली है। तो अगर आपका घर से बाहर निकलने का प्लान नहीं है, तो फिक्र मत कीजिए। एक के बाद एक ओटीटी पर 11 फिल्मों और सीरीज की फेहरिस्त तैयार है। इसमें जहां इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर अपनी 'नादानियां' लेकर आ रहे हैं। वहीं, धड़कपुर गांव की अलबेली कहानी 'दुपहिया' भी रिलीज होगी। जलियांवाला बाग हत्याकांड की साजिश पर बनी सीरीज 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' के साथ ही 'ठगेश वर्सेस द वर्ल्ड' और 'रेखाचित्रम' भी रिलीज होगी। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' और राम चरण-कियारा आडवाणी की 'गेम चेंजर' भी इस वीकेंड हिंदी में स्ट्रीम होगी।*



**नादानियां** : सैफ अली खान के साहबजादे इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ खुशी कपूर हैं। कहानी साउथ दिल्ली की सोशलाइट पिया जय सिंह (खुशी कपूर) और नोएडा के मेहनती स्टूडेंट अर्जुन मेहता (इब्राहिम) की है। पिया ने अर्जुन को बॉयफ्रेंड बनने का ऑफर दिया है। जी हां, ऑफर... क्योंकि इसमें नियम एवं शर्तें लागू हैं। दोनों के बीच यह आज के जमाने की एक साधारण सी व्यवस्था है, जो आगे जटिल हो जाती है। दिल्ली की हाई सोसाइटी की लड़की और नोएडा के मिडिल क्लास लड़के की यह कहानी दो अलग-अलग दुनिया में प्यार, पहचान और मॉर्डन रिश्तों की पड़ताल करती है। फिल्म में दीया मिर्जा, जुगल हंसराज, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी भी हैं। 'नादानियां' शुक्रवार, 7 मार्च को **Netflix** पर रिलीज होगी।



**'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' सीरीज** : यह वेब सीरीज 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। कहानी एक युवा वकील कांतिलाल साहनी (तारुक रैना) की कहानी है, जो इंसाफ की तलाश में है। वह इस त्रासदी के पीछे औपनिवेशिक साजिश का पर्दाफाश करता है। कांतिलाला की यह लड़ाई उसे वह लॉर्ड विलियम हंटर (कार्ल व्हार्टन) और सिडनी रोलेट (रिचर्ड भक्ति क्लेन) सहित शक्तिशाली ब्रिटिश अधिकारियों के सामने लाकर खड़ा कर देती है। पत्रकार अमृता कौर (निकिता दत्ता) के रूप में उसे एक सहयोगी मिलती है। इतिहास के पन्नों से अशांति, जागृति, साजिश और सच्चाई की यह लड़ाई कैसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक अध्याय बन जाती है, वह देखने लायक है। 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' सीरीज सोनी लीव पर शुक्रवार, 7 मार्च से स्ट्रीम होगी।



**गेम चेंजर** : राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म 'गेम चेंजर' वैसे तो ओटीटी पर पहले ही रिलीज हो गई है। लेकिन शुक्रवार, 7 मार्च से आप इसे हिंदी वर्जन में देख सकते हैं। शंकर के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असलफ रही थी। कहानी में मुख्यमंत्री सत्यमूर्ति हैं, जिसके भ्रष्ट साम्राज्य का सामना IPS अफसर राम से होता है। राम की यह लड़ाई सिर्फ भ्रष्टाचार से नहीं है, उसे सच्चाई का पता लगाना है, न्याय के लिए लड़ना है। यह लड़ाई राम को भी एक नेता बना देती है। खूनी संघर्षों और चुनाव में अपने विरोधियों को वह ना सिर्फ हराता है, बल्कि सरकार की सूरत बदल देता है। 'गेम चेंजर' फिल्म का हिंदी वर्जन शुक्रवार, 7 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देखा जा सकता है।

**दुपहिया** : अगर 'पंचायत' वेब सीरीज ने आपका दिल जीता है, तो 'दुपहिया' आपके मनोरंजन की गांरटी बन सकती है। कहानी बिहार के एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की है। एक ऐसा गांव जहां 25 साल से कोई अपराध नहीं हुआ है। इस अपराध-मुक्त गांव में एक शादी हो रही है। रोशनी नाम की यह लड़की कभी दुर्लभ नाम के लड़के से शादी करने वाली थी। लेकिन अब वह दुर्लभ के छोटे भाई कुबेर से ब्याह रचा रही है। वजह है कुबेर की मुंबई वाली नौकरी, जो रोशनी को शहर की जिंदगी दे सकती है। कुबेर अपनी शादी में एक एक चमचमाती लाल मोटरसाइकिल की मांग करता है। लेकिन जैसे ही यह दुपहिया गांव में आती है, रातोंरात चोरी हो जाती है। अब धड़कपुर की प्रतिष्ठा दांव पर है। दुपहिया नहीं, तो शादी नहीं के फेर में पूरा गांव शक के दायरे में है। इस मजेदार वेब सीरीज में गजराज राव, स्पर्श श्रीवास्तव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा, शिवानी रघुवंशी, अंजुमन सक्सेना, यशपाल शर्मा, समर्थ माहौर और कोमल कुशवाह हैं।

**रेखाचित्रम** : बीते कुछ समय में मलयालम सिनेमा की कहानियों ने हिंदी के दर्शकों का भी खूब दिल जीता है। 'रेखाचित्रम' इसी कड़ी में एक बढ़िया एंटरटेनर साबित होती है। कहानी सर्किल इंस्पेक्टर विवेक गोपीनाथ (आसिफ अली) की है, जिसे सस्पेंड होने के बाद फिर से बहाल किया जाता है। उसे मलक्कापारा के शांत शहर में नियुक्ती मिलती है। शहर में दशकों पुराने रहस्य दबे हुए हैं। कहानी में राजेंद्रन (सिद्दीकी) का एक सुसाइड नोट है, जो 1985 में 'कथोडु कथोरम' फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए एक अपराध का संकेत है। विवेक इसकी तफ्तीश में जुटता है, उसे रेखा (अनस्वरा राजन) नामक एक लड़की के लापता होने की जांच करनी है। जैसे-जैसे वह इस केस की गहराई में उतरता है, नए खुलासे होते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930